सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.8 न्यू | 29.5 अधि |
| धर्मशाला | 29 न्यू | 38 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,391.72 |
| निफ्टी | 25,104.25 |
| सोना | 97,670 |
| चांदी | 1,07,100 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 11 जून 2025 | 29 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 163, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत-म्यांमार सीमा पर 4.3 तीव्रता का भूकंप





**अनंत ज्ञान, नई दिल्ली।** भारत-म्यांमार सीमा पर मंगलवार सुबह 11.21 बजे 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। जिसे मणिपुर के पास महसूस किया गया। भारत-म्यांमार सीमा भूकंप के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह क्षेत्र भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराव की विशेषता वाले एक जटिल टेक्टोनिक क्षेत्र में स्थित है। (अनंत ज्ञान)

### क्लासरूम घोटाला: एसीबी ने सिसोदिया को भेजा दूसरा समन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिख रही हैं। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एबीसी) ने उन्हें क्लासरूम निर्माण घोटाले में पूछताछ के लिए दूसरी बार समन भेजा है। इस बार उन्हें 20 जून को पेश होने के लिए कहा गया है। अब इस मामले से उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### गाजियाबाद में सूटकेस से मिला महिला का शव

**एजेंसी, गाजियाबाद।** जिले के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर-बंथला नहर मार्ग पर मंगलवार सुबह एक सूटकेस से एक महिला का शव मिला। पुलिस के मुताबिक, महिला की उम्र करीब 25 साल लगती है और इसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिली सूचना पर लोनी बॉर्डर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और सूटकेस बरामद किया, जिसमें महिला का शव था। मृतका हिंदू समुदाय से थी, क्योंकि उसने पैरों में बिछियां पहन रखी थीं और उसने सिंदूर लगाया हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर (केएससी) से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, 'मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण स्थगित कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भारत रक्षा में आत्मनिर्भर, वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा: संजय सेठ पेज 3
- 56 करोड़ की लागत से बन रहा नंद नगराओं पुल सितंबर में होगा तैयार -पेज 6
- अनियंत्रित ब्लास्टिंग कटिंग से नुकसान का खतरा -पेज 9
- राजगढ़ में 82 साल पहले फूंका था आजादी का बिगुल -पेज 12
- दिल्ली में बहुमंजिला इमारत में लगी आग, दो बच्चों और पिता की मौत -पेज 13






# खुल गया शिपकी-ला दर्रा, चीन बॉर्डर तक जा सकेंगे पर्यटक

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/रिकांगपिओ**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र शिपकी-ला दर्रे में मंगलवार को बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियों का शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आर्थिकी को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यह घोषणा भी की कि राज्य सरकार कैलाश मानसरोवर यात्रा को शिपकी-ला के रास्ते से शुरू करने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे लेपचा, शिपकी-ला, गिऊ और रानी कंडा में पर्यटन गतिविधियों की अनुमति के लिए राज्य सरकार ने रक्षा मंत्रालय से आग्रह किया था, जिसके बाद यह शुभारंभ संभव हो पाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह स्वयं प्रधानमंत्री से भेंट कर शिपकी-ला से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की बात करेंगे, क्योंकि यह मार्ग कैलाश मानसरोवर के लिए सबसे सुगम उपलब्ध होगा।



शिपकी-ला दर्रे का बॉर्डर टूरिज्म गतिविधियों के लिए शुभारंभ सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा पर पीएम मोदी से करेंगे बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से भारत-चीन व्यापार शिपकी-ला के माध्यम से बंद है। इस दर्रे से व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की असीम संभावनाएं हैं और इसे पुनः आरंभ करने का मामला भी केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने केंद्र से हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना का आग्रह किया है, जिसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई अड्डा स्थापित करने का मामला तथा सैन्य और अर्द्धसैनिक बलों की इनर लाइन चेक पोस्ट को समाप्त करने का मामला भी केंद्र के समक्ष उठाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले से किन्नौर को जोड़ने वाला वांगतू-अटरगू-मुद-भावा दर्रा मार्ग को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। इस सड़क के बनने से शिमला और काजा के बीच की दूरी लगभग 100 किलोमीटर कम हो जाएगी, जिसका सामरिक महत्व बहुत ज्यादा है।

### भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ की चर्चा

**उन्होंने** यह भी बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ चर्चा की गई है, जिसमें उनके स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने और उनके हेलीपैड का उपयोग दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने शिपकी-ला में 'सरहद वन उद्यान' का भी शुभारंभ किया और इंदिरा गांधी प्वाइंट का दौरा किया।

# हीटवेव से झुलसा हिमाचल ऊना का पारा 44.2°

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश इस समय भयंकर हीटवेव की चपेट में है। खासकर मैदानी इलाकों में सूरज आग बरसा रहा है। राज्य के 5 शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। मौसम विभाग ने लोगों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है। ऊना का पारा मंगलवार को सर्वाधिक 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, हमीरपुर (नेरी) में 43.3 डिग्री सेल्सियस, कांगड़ा और मंडी में 40.0 डिग्री सेल्सियस, जबकि बिलासपुर में 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इन शहरों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर दर्ज किया गया है, जो इस बात का संकेत है कि गर्मी बेहद प्रचंड हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### हीटवेव का येलो अलर्ट जारी

**मौसम** विभाग शिमला ने कुल्लू, मंडी और ऊना जिलों के लिए 11 जून के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, 12 जून के लिए यह अलर्ट कांगड़ा और सोलन जिलों में भी रहेगा। अगले 72 घंटों तक पहाड़ों पर भी भीषण गर्मी का असर दिख सकता है, जहां तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक हो गया है, और कई शहरों में यह सामान्य से 6 डिग्री तक ज्यादा है। वहीं, मंडी 40.0 डिग्री सेल्सियस, सुंदरनगर 39.5, बरठीं 38.8 व भुंतर 38.6 रहा। कुल मिलाकर, प्रदेश के 13 शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है।

### 13 जून से मिलेगी राहत?

**मौसम** विभाग शिमला के अनुसार 13 जून को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे उम्मीद है कि भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। इस विक्षोभ का असर अगले तीन दिनों तक रहेगा और पूरे प्रदेश में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड

# शादी के 3 दिन बाद राजा को मारने की बनाई थी प्लानिंग

**एजेंसी, इंदौर**

राजा की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच इस केस में सोनम और प्रेमी राज की चैट से एक और बड़ा खुलासा हुआ है। इसके अनुसार सोनम ने पति के हत्या का प्लान शादी के तीसरे दिन ही बना लिया था। प्लान के मुताबिक ही वह राजा को घर से दूर शिलॉन्ग की दुर्गम पहाड़ियों पर हनीमून के लिए लेकर गई थी।

चैट में उसने प्रेमी राज से कहा था कि वह खुश नहीं है और राजा उसके करीब आ रहा है, जो उसे बिलकुल भी अच्छा नहीं लग रहा है। सोनम ने राजा को मारने का प्लान राज के साथ मिलकर ही रचा था।



### राज-सोनम की चैट्स से खुलासा

चैट से यह भी खुलासा हुआ है कि सोनम ने शिलॉन्ग जाने का टिकट तो किया था, लेकिन आने का नहीं किया था। सोनम, राजा को प्लान के मुताबिक ही इंदौर से शिलॉन्ग लेकर गई थी। इसके बाद वहां उसकी सुपारी देकर हत्या करा दी। राजा के परिजनों का जब दोनों से संपर्क नहीं हुआ तो भाई ने शिलॉन्ग पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी बोले-'रक्षा शक्ति के 11 साल' पूरे, आत्मनिर्भर बनने पर दिया पूरा ध्यान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'रक्षा शक्ति के 11 साल' पूरे होने का जश्न मनाया है। इसके साथ ही उन्होंने आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर दोहरे फोकस को रेखांकित किया है।

'एक्स' पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि भारत के लोग अपने देश को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कैसे एकजुट हुए हैं। रक्षा मंत्रालय और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की भावना को दोहराते हुए स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में देश के कदम की तारीफ की है।



रक्षा मंत्रालय ने इस उपलब्धि के बारे में अपने 'एक्स' अकाउंट पर विस्तार से लिखा है। मंत्रालय ने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक रूप से आगे बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के तहत अब भारत रक्षा निर्यातक के रूप में वैश्विक स्तर पर उभरा है। ब्रह्मोस मिसाइल और उन्नत पनडुब्बियों जैसी स्वदेशी तकनीकों ने देश की सुरक्षा को और मजबूत किया है। आज भारत 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। इस अवसर पर हम एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए इस परिवर्तन को नमन करते हैं।

इसके अलावा एक अन्य पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने लिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में, भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन 2014 में 46,429 करोड़ रुपए से बढ़कर 2025 में 1,27,434 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 174 प्रतिशत वृद्धि है। आत्मनिर्भर भारत से आज हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

## बेंगलुरु भगदड़ मामला

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दायर करने का दिया आदेश

**एजेंसी, बेंगलुरु**





बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट में मंगलवार को दो अलग-अलग जगह सुनवाई हुई। पहला मामला राज्य सरकार से जुड़ा था। कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने की अनुमति दे दी है।

सरकार की तरफ से पेश एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया गया है। वे एक महीने में अपनी रिपोर्ट देंगे। ऐसे में हम ओपन कोर्ट में अपना जवाब नहीं दे सकते। अगली सुनवाई 12 जून को होगी। वहीं दूसरी सुनवाई आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले की याचिका पर हुई। निखिल को 6 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

सोसले ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। कोर्ट में दलील दी कि पुलिस अधिकारियों को सिर्फ सस्पेंड किया गया है, वे अरेस्ट नहीं हुए। सिर्फ मेरे साथ ऐसा क्यों किया। अब इस मामले पर बुधवार को सुनवाई होगी। (अनंत ज्ञान)

# विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल : अनुराग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल के रूप में मनाया जा रहा है। इसी संबंध में हमीरपुर के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश कार्यालय कमलम में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक कैलाश चंद जैन, सह संयोजक मनीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में बीते 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है, उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखा रहा है। आज देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।



चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते अनुराग ठाकुर।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ केंद्र की एनडीए सरकार ने भारत के आम जनमानस के हित व गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे। इस अवसर पर जतिंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में जो तरक्की हुई है, उससे देश का मान-सम्मान बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

# बेटे-बहू के झगड़े में बाप की गई जान

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के द्रोबड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटे और बहू के बीच चल रहे विवाद को शांत करने आए पिता की बेटे द्वारा हमला किए जाने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे मुकेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक प्रताप चंद की पत्नी नागन देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 9 जून को घर में निर्माण कार्य के लिए गांव के लोगों के सहयोग से रेत की ढुलाई की जा रही थी। जिनके लिए शाम को खाने-पीने का प्रबंध किया गया था। इस दौरान प्रताप चंद और उनका बेटा साथ बैठकर खा-पी रहे थे।

थोड़ी देर बाद मुकेश और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया। प्रताप चंद ने दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच मुकेश ने गुस्से में आकर कोई नुकीली चीज प्रताप के सीने पर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# विमल नेगी मौत मामले में पीए की भूमिका पर सीबीआई की पैनी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच अब नेगी की निजी सहायक रही महिला कर्मचारी पर केंद्रित हो गई है। सीबीआई इस मामले में पीए की भूमिका को एक अहम एंगल मान रही है, और उनसे दो बार पूछताछ कर चुकी है। उच्च न्यायालय के आदेश पर शुरू हुई सीबीआई जांच में यह महिला कर्मचारी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सामने आई है।

**खंगाले जा रहे रिकॉर्ड और फोन डिटेल, कई लोगों से पूछताछ जारी**

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई इस बात की गहराई से पड़ताल कर रही है कि विमल नेगी के लापता होने और उनके शव मिलने के बीच के घटनाक्रमों में पीए की क्या जानकारी थी और क्या कोई भूमिका रही? इसके अलावा सीबीआई ने शिमला पुलिस की एसआईटी से भी मामले का पूरा ब्यौरा लिया है और नेगी के फोन रिकॉर्ड, ईमेल व बैंक डिटेल्स खंगाल रही है। इन सभी जानकारियों को पीए से मिली सूचनाओं से मिलाकर देखा जा रहा है, ताकि किसी भी तरह के विरोधाभास या महत्वपूर्ण कड़ी को समझा जा सके। जांच एजेंसी यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नेगी और उनकी पीए के बीच क्या संबंध थे और क्या उनकी मौत से पहले कोई ऐसी जानकारी साझा हुई थी।

बता दें कि सीबीआई टीम ने विमल नेगी से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड कब्जे में ले लिए हैं। इनमें नेगी सहित तीन अधिकारियों के फोन नंबर, ईमेल और बैंक अकाउंट से जुड़ी अहम जानकारी शामिल है।

# मुडा घोटाले में ईडी ने जब्त कीं 100 करोड़ की 92 संपत्तियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) की साइटों के आवंटन में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले से जुड़े मामले में 100 करोड़ रुपए की 92 संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।



अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने अब तक 400 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कुर्क की गई संपत्तियां हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटियों और ऐसे लोगों के नाम पर पंजीकृत हैं, जो एमयूडीए अधिकारियों सहित कुछ प्रभावशाली लोगों के लिए मुखौटा यानी डमी के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने कहा कि ईडी की ओर से कुर्क की गई 92 एमयूडीए साइटें 160 एमयूडीए साइटों की पिछली कुर्की से संबंधित हैं, इनका बाजार मूल्य लगभग 300 करोड़ रुपए है।

ईडी ने बताया कि अब तक अस्थायी रूप से जब्त अपराध की आय का संचयी बाजार मूल्य लगभग 400 करोड़ रुपए है। एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर की ओर से भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य, जो कर्नाटक के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं, के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है। (अनंत ज्ञान)

## नई तकनीक

## 25 पहाड़ियों में लग चुकी है रेनफोर्स मैट, लैंड स्लाइड रोकने में होगी कारगर

# बरसात में चंडीगढ़-शिमला फोरलेन में सुरक्षित होगा सफर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** बरसात के मौसम में नेशनल हाईवे-5 यानी चंडीगढ़-शिमला के फोरलेन से अब सफर करना सुरक्षित होगा। इस मार्ग पर परवाणु से कैथलीघाट तक एनएचएआई की तरफ से लैंड स्लाइड रोकने में रेनफोर्स मैट तकनीक अपनाई जा रही है।

खास बात यह है कि लैंड स्लाइड की दृष्टि से खतरा बनी 25 पहाड़ियों में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य पूरा हो गया है। लैंड स्लाइड की दृष्टि से अति संवेदनशील चक्की मोड़ के अलावा 19 पहाड़ियों में भी रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य किया जा रहा है। अब जबकि, मानसून आने वाला है तो इस तकनीक की क्षमता का पता चल जाएगा। एनएचएआई का दावा है कि यह तकनीक वरदान साबित होगी।



हाईवे में लैंड स्लाइड रोकने को अपनाई गई रेनफोर्स मैट तकनीक।

बता दें कि बरसात के दौरान पहाड़ों से हाईवे की तरफ पत्थर गिरने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। यह तकनीक इन घटनाओं को रोकने में मददगार होगी। कंपनी का दावा है कि आगामी कुछ दिनों में अन्य जगहों पर भी कार्य पूरा कर दिया जाएगा। पहाड़ों को मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास से रोका जा रहा है। यह विधि चिकनी मिट्टी व पत्थर वाले खतरनाक पहाड़ों के लिए कारगर सिद्ध है। यही कारण है कि परवाणू से सोलन के बीच इसी विधि से कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से 44 साइटों को चिन्हित किया है। मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास के ऊपर मलचिंग स्प्रे से पहाड़ से हो रहे भू-स्खलन से रोका जा रहा है, लेकिन अब कार्य हो जाने से लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### हाइड्रो स्टिक घास और मैश विधि रोकेगी पत्थर

**खास** बात है कि यदि इससे यदि पहाड़ से पत्थर दरकता है तो वह सड़क तक नहीं आएगा। रेनफोर्स मैट के अंदर ही पत्थर और मलबा रह जाएगा। इससे हाईवे से होकर जाने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए यात्रा का जोखिम कम होगा, साथ ही बरसात में भी सफर सुरक्षित रहेगा। मैश विधि को उन पहाड़ों पर अपनाया किया जा रहा है। जिन पहाड़ों से सिर्फ पत्थर गिरने का खतरा रहता है। जबकि मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास विधि को मिट्टी के साथ दरकने वाले पहाड़ों पर प्रयोग में लाया जाएगा। ड्रिल करने के बाद पहाड़ों में मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास लगाया जाएगा। इसके बाद रेनफोर्स मैट लगाया जाएगा।

**परवाणू** से सोलन फोरलेन में पहाड़ को सुरक्षित करने का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। केवल चक्की मोड़ में पहाड़ी का कार्य रह गया है। कोशिश की जा रही कि इस पहाड़ी पर जल्द कार्य शुरू कर दिया जाए। मैकमेट ग्रीन हाइड्रो स्टिक घास और मैश विधि का भी प्रयोग किया जा रहा है। कई साइटों पर रेनफोर्स मैट भी बिछा दिए गए हैं। मैट से बाहर पत्थर नहीं गिरेंगे।

**-मनोज कुमार, डीपीएम, वॉल प्रोटेक्ट कंपनी।**

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन बस स्टैंड के आसपास फुटपाथ का कार्य शुरू

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन बस स्टैंड के आसपास नेशनल हाईवे पर पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए नगर परिषद ने चार फुट चौड़ा फुटपाथ बनाया जा रहा है जिसका कार्य आज शुरू हो गया है। नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि नादौन में ट्रैफिक ज्यादा बढ़ गई है, जिसके चलते लोगों को पैदल आना जाना काफी मुश्किल हो गया है । लोगों की इस समस्या को मद्देनजर रखते हुए नगर परिषद ने बड़े ब्लॉकस से फुटपाथ बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मिनी सचिवालय के बाहर सड़क के किनारे फुटपाथ का निर्माण किया गया है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। सोनी ने बताया कि जहां जहां जरूरी होगा नगर परिषद लोगों की सुविधा के लिए कार्य करेगी।

### मौहीं में जिला स्तरीय योग चैंपियनशिप 15 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर की ओर से जिला स्तरीय योग चैंपियनशिप 15 जून को ठाकुर विला मौहीं, बडू में करवाई जाएगी। संघ की जिलाध्यक्ष स्वाति जार शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 55 वर्ष आयु वर्ग तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला योगासन खेल संघ ने 200 रुपए पंजीकरण शुल्क रखा है। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागी अपना आधार कार्ड और फोटो अवश्य साथ लाएं। संघ की सचिव प्रवीणा शर्मा ने बताया कि खिलाड़ी 12 इवेंट्स में से योगासन ग्रुप सहित किन्हीं चार इवेंट में भाग ले सकता है। जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर के संस्थापक अजय शर्मा ने बताया कि 2020 से भारत सरकार ने योग को भी खेलों में शामिल किया है।

### जनता के नकारने पर विचलित हैं राहुल : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस के समय में देश को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और परिवारवाद का ही सामना करना पड़ा। ठाकुर ने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार ने देश को केवल अपना सत्ता का साधन बना लिया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पंडित नेहरू के कार्यकाल से ही कांग्रेस ने अपनी नीतियों से देश को पीछे खींचा। 1962 के भारत-चीन युद्ध में नेहरू सरकार की विफलता और बाद में 1975 में इमरजेंसी के काले अध्याय ने कांग्रेस की सच्चाई को उजागर कर दिया। ठाकुर ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी कांग्रेस परिवारवाद से उबर नहीं पाई है। ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास की नीति से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। भाजपा सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने का काम किया। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा भी जनता के बीच मजाक का विषय बन चुकी है। जनता अब कांग्रेस के झूठे वादों में नहीं आने वाली।

### जरूरतमंदों की अवश्य सहायता करनी चाहिए : प्रवीण

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर, उपप्रधानाचार्य विजय सोनी, विद्यालय सचिव हरदीप एवं आपदा प्रबंधन के प्रभारी यशपाल के साथ-साथ विद्यालय के सभी अध्यापकों और विद्यालय के सभी बच्चों ने आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल करके आपदा, मुसीबत, दुर्घटना के समय बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी प्राप्त की। मैडम प्रवीण ने बताया कि हमें दुर्घटना आपदा या संकट के समय जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। हमें घायलों या मुसीबत में पड़े हुए लोगों को देखकर अनदेखा नहीं करना चाहिए, उनकी मदद करनी चाहिए।

### डीएवी भड़ोली में पेड़ों के महत्व बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पेड़ों का हमारे जीवन में क्या महत्व है । युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए डीएवी स्कूल भड़ोली में इसी पर आधारित स्किट कंपटीशन का आयोजन किया गया ताकि बचपन से ही उनके अंदर पेड़ों के महत्व के बीज को अंकुरित किया जाए। स्कूल के प्रिंसिपल सरजीत कुमार राणा के अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों के प्रतिभागियों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सुभाष सदन के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देकर प्रथम स्थान अर्जित किया और नेहरू सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों को पेड़ों का हमारे जीवन में क्या महत्व है, के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा पालने से लेकर मृत्यु तक हमारा साथ देते हैं, फिर पता नहीं हम उनके प्रति इतनी निर्दयता से व्यवहार क्यों करते हैं।

### डॉ. अनुराग नेफ्रोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर नियुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने डॉ. अनुराग ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी (विशेषज्ञ) को उनके सुपर स्पेशियलिटी कोर्स अर्थात नेफ्रोलॉजी में डीएनबी कोर्स पूरा करने पर डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हमीरपुर के नेफ्रोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर (पदनामित) के पद पर तत्काल प्रभाव से नियुक्ति प्रदान की है। उन्हें स्वयं के वेतनमान में बिना अतिरिक्त भत्ते, पारिश्रमिक, टीटीए, जेटी के अगले आदेश तक जनहित में नियुक्ति का आदेश दिया है। उपर्युक्त नियुक्ति से पदाधिकारी को वरिष्ठता, वेतन और किसी अन्य सहायक लाभ का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। उपरोक्त चिकित्सा अधिकारी (सुपर-स्पेशलिस्ट) तुरंत अपना कार्यभार संभालेंगे और उचित माध्यम से इस विभाग को अपनी कार्यभार ग्रहण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### मरम्मत कार्य के चलते कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत भोरंज विद्युत उपमंडल के अधीन 11 केवी डेरा परोल फीडर की मरम्मत व पेड़ों की कांट-छांट के चलते 12 जून को डेरा परोल, केहरवी, दिम्मी, टिककर खतरिया, बढ़ार, पंधेर, मारकंडा, अम्मण आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता वीरेंदर कुमार ने दी । यदि 12 जून को मौसम खराब होगा तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी में 17 छात्रों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य समापन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हमीरपुर में हुआ जिसमें हमीरपुर, ऊना, कांगडा व चंबा जिले से कुल 170 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर कमल किशोर भारती ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। जिला नोडल अधिकारी इंस्पायर राजेश गौतम ने बताया कि इस प्रतियोगिता प्रदर्शनी में कुल 17 बच्चों के विज्ञान मॉडल बैस्ट घोषित किए गए जिनमें चंबा जिले से अदिती शर्मा, हमीरपुर जिले से वंश कुमार व आरुषी, कांगड़ा जिले से रिशव, प्रकृति कौंडल, श्रुति पंडित, पार्थ कुमार, कल्पना, मानवेंद्र सिंह, अभिजात कोरला ऊना जिले से मोहित, वंश कुमार, अर्नव, ऐंजेल, आशीष चौधरी, गुरनूर सिंह व एकमजीत कौर का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 12 जून को सोलन में होगी।

## अतिक्रमणकारियों ने नोटिस देने के बाद भी नहीं हटाया सामान, नप का चला डंडा

# चालान काटे और जब्त की रेहड़ियां

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान में जहां एक दर्जन के करीब दुकानदारों के चालान काटे, वहीं साथ में बंद पड़ी रेहड़ियों को भी जब्त कर लिया गया, जबकि नगर परिषद द्वारा नोटिस दिए गए रेहड़ी-फड़ी धारकों को भी जल्द ही चयनित जगह पर शिफ्ट करने की बात कही है।

नगर परिषद ने दोपहर बाद नगर परिषद ईओ रमन शर्मा की अगुवाई में बस स्टैंड में निर्मित दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया, साथ ही जिन लोगों ने अतिक्रमण किया था, उनके प्रति व्यक्ति 500 रुपए के चालान भी काटे। दुकानों के बाहर बनाई गई नाली के ऊपर कई दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया था, जिसकी सफाई प्रॉपर रूप से नहीं हो पा रही थी। नगर परिषद द्वारा इस बारे कई बार दुकानदारों को चेताया भी था, लेकिन उन पर कोई भी असर नहीं हो रहा था। इस पर नगर परिषद ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए दुकानदारों के चालान काटे। नगर परिषद के अनुसार यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी, अगर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण जारी रखा जाएगा।

नगर परिषद सुजानपुर द्वारा बरसात से निपटने को लेकर तथा शहर की सुंदरता को लेकर बस स्टैंड के बीच लग रेहड़ी-फड़ी तथा नाली के ऊपर सजी दुकानदारी को हटाने के बाकायदा से तीन दर्जन के करीब रेहड़ी धारकों को 5 दिन के भीतर स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर शिफ्ट होने के नोटिस जारी किए थे। इससे पूर्व उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा नगर परिषद को नाली खाली करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन नगर परिषद के नोटिस को अनसुना होते देख मंगलवार नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा की अगुवाई में नगर परिषद की टीम ने प्रथम चरण में उन दुकानदारों के मौके पर 500 रुपए के चालान काटे, जिन्होंने सड़क के ऊपर नाली पर अपनी दुकानदारी सजाई थी तथा वे दुकान जो लंबे समय से बंद पड़ी थी, उनको जब्त कर लिया गया।



सुजानपुर में नगर परिषद के अधिकारी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए।

**सहन नहीं किया जाएगा अतिक्रमण : ईओ**

नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण को सहन नहीं किया जाएगा। जिन दुकानदारों को दुकान हटाने का नोटिस जारी किया है, वे तय समय के भीतर दुकान हटा लें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

## पारंपरिक मेले लोक संस्कृति को संरक्षण व प्रोत्साहन करने में सहायक : राकेश

**संजय, अनंत ज्ञान**

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के बदारन पंचायत के भड़ोली भगौर गांव में तीन दिवसीय पंजपीरी मेला दूसरे दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसडीएम नादौन राकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक मेलों से हमारी लोक संस्कृति को संरक्षण व प्रोत्साहन मिलता है तथा युवाओं को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने का एक सशक्त मंच मिलता है।

मेले हमारी धरोहर हैं। यह हमारी संस्कृति को जोड़ कर रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान हिमाचली लोकगायक उमंग व अश्वनी ने अपने शानदार हिमाचली व पंजाबी गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया और सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालन सविता शर्मा ने कुशलता से किया तथा उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों का हार्दिक स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश गोशाला अध्यक्ष सुखदेव शास्त्री, समाजसेवी रमेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन सुनील दत्त शर्मा, मदन डोगरा, कृष्ण अश्वनी शर्मा, कमल, रमेश चंद, राजकुमार, विनोद मेला राम, लेख राज, योग राज, सहित मेला कमेटी के प्रधान राजेंद्र शर्मा एवं अन्य सदस्य तथा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मेला कमेटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई और समस्त आगंतुकों का आभार प्रकट किया।



भड़ोली भगौर मेले में एसडीएम अन्य गणमान्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हुए ।

## बड़ी राहत : सिविल अस्पताल भोरंज में हर्निया का सफल ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, भोरंज/जाहू**

उपमंडल भोरंज के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। हाल ही में अस्पताल में एक मरीज का हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसे वरिष्ठ सर्जन डॉ. आदित्य कांत शर्मा ने अंजाम दिया। यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति अब सामान्य है। डॉ. आदित्य कांत शर्मा ने बताया कि सिविल अस्पताल भोरंज में अब हर्निया, शरीर में गांठ जैसी अन्य सामान्य लेकिन जटिल सर्जिकल समस्याओं के भी सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

इससे क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़, मंडी, हमीरपुर या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों की ओर रुख नहीं करना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि आर्थिक बोझ भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अब ऑपरेशन थिएटर की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं और प्रशिक्षित स्टाफ की मौजूदगी में मरीजों को सुरक्षित एवं सस्ती सर्जरी सेवा दी जा रही है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। स्थानीय लोगों ने भी अस्पताल में उपलब्ध हो रही इन सुविधाओं की सराहना की है। क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार ने कहा कि पहले हमें छोटी-छोटी सर्जरी के लिए भी हमीरपुर या मंडी जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। अब भोरंज में ही सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली है।

सिविल अस्पताल भोरंज में स्वास्थ्य सेवाओं का यह विस्तार राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस ऑपरेशन को सफ़ल बनाने में स्टाफ नर्स रेणु, अलका व अदिती ने विशेष योगदान दिया है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने भी भोरंज अस्पताल की इस उपलब्धि पर डॉक्टरों को बधाई दी है।

## 15 तक मरम्मत के लिए बंद रहेगी सड़क

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** खनौली से महेशकवाल, थाती रोड पर तीन किलोमीटर हिस्से में जीर्णोद्धार कार्य 10 जून से शुरू हो गया है। इस कारण यह सड़क 15 जून तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगी। सड़क निर्माण कार्य को बिना बाधा पूरा करने के लिए ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया गया है। एसडीओ संसार चंद चंदेल ने लोगों से सहयोग मांगा है।

## बिजली की आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** उपमंडल के जंगलबैरी अनुभाग के गांव खैरी, हुलदवाड़ा, तरपालधार, बजाहर, सचूही, जंगल, जाखु और बमसन में आज बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी सबस्टेशन जाखू में मरम्मत का कार्य किया जाएगा। सहायक अभियंता ई. चंद्रकांत ठाकुर ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## छात्रों ने विज्ञान को प्रयोगात्मक रूप में समझा



पद्मश्री प्रो. वर्मा के मार्गदर्शन में अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा का भव्य आयोजन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में अन्वेषिका फिजिक्स भारत यात्रा का एक विशेष कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और वैज्ञानिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भौतिक विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना एवं उन्हें प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम का समन्वयन देश के ख्याति प्राप्त भौतिक वैज्ञानिक, लेखक एवं पद्मश्री सम्मानित प्रो. एचसी वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि डॉ. कुलदीप कुमार शर्मा (अध्यक्ष, एआईपीटीआरसी-23 एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी एवं फोटोनिक्स विज्ञान, एनआईअी हमीरपुर और डॉ. अरुण कुमार (भौतिकी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर) तथा राजेश कुमार, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुल्लरवाला (करसोली), सोलन, हिमाचल प्रदेश की उपस्थिति में कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया, जिनमेंरूउत्तल-अवतल लेंस से प्रकाश का अपवर्तन, दूरबीन (टेलिस्कोप) का कार्य सिद्धांत, सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) की कार्यप्रणाली, द्विधात्विक तापमापक का व्यवहार, द्रव्यमान केंद्र का निर्धारण।

इन प्रयोगों ने छात्रों को विज्ञान को समझने का एक नया नजरिया प्रदान किया। 11वीं तथा 12वीं के छात्रों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वयं प्रयोग कर भौतिक सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य इंजी नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार,विद्यालय समन्वयक कंचन लखनपाल, विनीता गुप्ता तथा मनीषा मारवाह तथा 11वीं, 12वीं के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया, साथ ही अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

## हैप्स में धूमधाम से मनाई कबीर जयंती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में कबीर जयंती के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य आकर्षण, दोहा गायन व दोहा लेखन रहे। कक्षा सातवीं की छात्रा मृणाल शर्मा ने कबीर के जीवन व उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कक्षा सातवीं के छात्रों श्द्धारा गाए गए दोहों ने दर्शक दीर्घा में खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम समन्वयक आशीष शर्मा, पूजा शर्मा, जागृति, सुशील, अभिषेक, लक्ष्मी व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण एवं मुख्याध्यापक वर्ग की विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खूब प्रशंसा की।

## विधायक सुरेश ने किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के विभिन्न क्षेत्रों में आज विकास कार्यों को नई गति मिली, जब स्थानीय विधायक सुरेश कुमार ने एक साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए सुरेश कुमार ने मंगलवार को भ्याड़, बल्ह बाग, भढार और बल्ह गांवों में सार्वजनिक सुविधाओं का लोकार्पण किया।

सबसे पहले भोरंज विधायक ने ग्राम भ्याड़ में निर्मित भ्याड़ वर्षाशालिका का उद्घाटन किया। इसके पश्चात सुरेश कुमार ने ग्राम बल्ह बाग में संपर्क मार्ग बल्ह बाग का उद्घाटन किया। तीसरे चरण में उन्होंने ग्राम भढार में नवनिर्मित भढार वर्षाशालिका का उद्घाटन किया।



उपमंडल भोरंज में विकास कार्य का उद्घाटन करते भोरंज के विधायक सुरेश कुमार।


अंत में, विधायक सुरेश कुमार ने ग्राम बल्ह में भी वर्षाशालिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचें। वर्षाशालिकाओं और संपर्क मार्गों जैसे निर्माण कार्य ग्रामीण जीवन को सुलभ बनाते हैं और यह सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उद्घटन समारोहों में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों, क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए विधायक व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

## लखनपाल सीएम के खिलाफ झूठ की राजनीति करना छोड़ें, वरना कांग्रेस करेगी विरोध : रूबल



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर ने कहा कि बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जो बयान मुख्यमंत्री के खिलाफ दिया है, उसका मैं जोरदार खंडन करता हूं। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह बड़सर की जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं। आए दिन कुछ न कुछ मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठी बयानबाजी करते रहते हैं। लखनपाल लोगों को बताएं कि मिनी सचिवालय में कहां ताला लगा हुआ है। रूबल ने कहा कि शायद लखनपाल को विपक्ष में रहने की आदत सी पड़ चुकी है, क्योंकि बड़सर के लोगों ने तो उन्हें सत्ताधारी पार्टी का विधायक बनकर प्रदेश की विधानसभा में भेजा था, परंतु यह बात शायद लखनपाल को अच्छी नहीं लगी और जिस पार्टी को वह अपनी मां का रूप देते थे, उसी पार्टी से और उसी विचारधारा से समझौता कर आज भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि लखनपाल को मुख्यमंत्री के नाम का फोबिया हो चुका है और आए दिन कुछ न कुछ झूठ मुख्यमंत्री के खिलाफ मीडिया के माध्यम से बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि लखनपाल को इन अफवाहों से बचना चाहिए और किसी पर आरोप लगाने से पहले अपने 14 साल के कार्यकाल का हिसाब भी उनको बड़सर की जनता के सामने रखना चाहिए कि इस दौरान उन्होंने अपने बड़सर के लिए क्या किया। लखनपाल सीएम के खिलाफ झूठ की राजनीति करना छोड़ दें वरना कांग्रेस अब विरोध इसका विरोध करेगी।

## हड़ेटा में युवाओं ने दिलाई गर्मी से राहत



**अशोक कुमार, अनंत ज्ञान, गलोड़।** क्षेत्र में गर्मी बढ़ने के कारण हमीरपुर जनपद के हड़ेटा में युवाओं ने हलवे का भंडारा और मीठे पानी की छबील लगाई। छबील में आने जाने वाले लोगों को ठंडा शर्बत पिलाया। मंगलवार को सलौनी गलोड रोड पर हड़ेटा में आने जाने वाले राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया, ताकि लोगों की भीषण गर्मी में प्यास बुझ सके। इस अवसर पर संजय कुमार, देव राज, राजन शर्मा, अमित कुमार, भोलू, मनोज शर्मा, बांकु, भूमदेव, नरेश कुमार, नितिन, गिरधारी, अश्वनी, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में वैशाली और अकांक्षा प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा मार्च माह में ली गई बीएड की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

तृतीय सेमेस्टर में अकांक्षा चड्डा ने 350 में से 307 अंक 87-71 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, शीतल शर्मा ने 306 87-42 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा अंजली व ज्योतिका ने 305 87-14 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम सेमेस्टर में वैशाली ढटवालिया ने 350 में से 292 अंक 83-42 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, ईशा शर्मा ने 282 80-57 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा शिल्पा ने 276 78-86 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टॉफ ने कॉलेज का परिणाम सौ फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

## युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील और चने भटूरे का लंगर

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के अंतर्गत हथोल पंचायत के बलोह गांव के युवाओं ने भीषण गर्मी और तपती धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से आज बस सटौप वढेरा में ठंडे जल की छबील और चने-पूरी के भंडारे का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राहगीरों को ठंडा पानी एवं भोजन वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की। इस अवसर पर सड़क से गुजरने वाले यात्रियों और स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में छबील और भंडारे का लाभ उठाया। युवाओं के इस सामूहिक प्रयास की सभी ने सराहना की और सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया गया। गांव बलोह में इस प्रकार का आयोजन न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक है, बल्कि यह लोगों को सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे का संदेश भी देता है। इस अवसर पर राजेश, मिलखी राम, विजय शर्मा, संदीप, मदन, राजेश, नवीन आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर सहयोग किया।

## नव विभोर स्कूल के छात्रों ने ली आपदा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** नव विभोर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी सुलगवान में आगजनी व भूकंप से बचाव हेतू मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में विद्यालय के छात्रों को निर्देशानुसार अनुशासित त्रिक से सुरक्षित स्थान पर निकाला गया।

इस मॉक ड्रिल का संचालन चरणबद्ध तरीके से किया गया। इस दौरान पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, आपदा प्रबंधन प्रभारी व सारा स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने छात्रों को बताया कि भूकंप आने पर, अग्निकांड या अन्य संकट के समय घबराने के बजाय सतर्कता से काम लेना चाहिए। उन्होंने छात्रों को खुले मैदान में एकत्रित किया और वहां पर प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी।

**मांग** बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उठाए सवाल, डीए बारे भी स्थिति स्पष्ट करे प्रदेश सरकार

# संशोधित वेतन और पेंशन का एरियर कब मिलेगा?

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन हमीरपुर जिला की द्विमासिक बैठक प्रधान केके कपिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी पेंशनरों ने जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतन तथा पेंशन का एरियर, ग्रेच्यूटी और लीव इनकैशमेंट का बकाया 9 वर्ष बीत जाने पर भी न देने पर कड़ा रोष एवं आक्रोश जताया।

एसोसिएशन की 25 अप्रैल को बोर्ड प्रबंधन के साथ हुई बैठक में बताया गया कि जब प्रदेश सरकार आदेश करेगी, तभी एरियर देने बारे गौर किया जाएगा। इसके अलावा डीए लागू करने के भी कोई स्पष्ट आदेश नहीं किया जा रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, उपाध्यक्ष सीएस चंदेल, जिला प्रधान केके कपिल तथा महासचिव लाल चंद परमार ने प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि अगले वर्ष 2026 से देय संशोधित वेतन व पेंशन ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और पेंशन कम्यूटेशन का बकाया कब मिलेगा। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार डीए का भुगतान भी समय पर नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि जुलाई 2022 से मार्च 2024 तक 21 महीने का 4 प्रतिशत तथा जनवरी 2023 से सितंबर 2024 तक 21 महीने का 4 प्रतिशत डीए का बकाया पर सरकार कुंडली मारकर बैठ गई है। ऐसा प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। इसके बाद जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत, जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत, जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत और जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत कुल मिलाकर 13 प्रतिशत डीए और देय हो चुका है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंतनीय है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से संशोधित वेतन व पेंशन का बकाया तथा डीए देने बारे अपनी नीति व नीयत स्पष्ट करें यदि बकाया राशि का भुगतान जल्द नहीं किया गया तो प्रदेश भर के पेंशनर को मजूबरन संघर्ष की राह अपनानी पड़ेगी जो न तो प्रदेश हित में होगा और न ही प्रदेश सरकार के हित में है।



सुजानपुर में नप के अधिकारी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस बैठक में इकाई प्रबंधन केएल शर्मा, सचिव मनोहर लाल आर्य, बड़सर इकाई सचिव सोमदत धीमान, नादौन इकाई प्रधान ओपी धीमान, सचिव एसके वर्मा, जिला कार्यकारिणी के उपप्रधान ओपी चंदेल, देश राज शर्मा व राम आसरा शर्मा, महासचिव लाल चंद परमार, अतिरिक्त महासचिव कमल जीत ठाकुर, वित सचिव अशोक शर्मा, मुख्य संगठन सचिव एके कतना, संगठन सचिव राजन गुप्ता, मुकेश मढ़िया, सुभाष धीमान, सहित प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालि उपाध्यक्ष सीएस चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर और सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजेर उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी स्कीमों की चर्चा की और उन्होंने खंड स्तर पर आयुष्मान और हिमकेयर में होने वाले खर्चे के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया की आयुष्मान भारत के अंतर्गत 1,50,000 रुपए तक का मुफ्त इलाज रोड एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों को मिलेगा। यह लाभ दाखिल होने पर केवल सात दिन तक ही मिलेगा और इसके लिए पुलिस में एक्सीडेंट की रिपोर्ट करना जरूरी है, वहीं से एक्सीडेंट में घायल लोगों को आईडी मिलेगी, उसी के जरिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण होगा। यह सुविधा आयुष्मान में पंजीकृत निजी व सरकारी अस्पतालों में मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा की नई दिशा केंद्रों में जो टेस्टिंग ड्रग किट्स दी गई हैं, उनका इस्तेमाल सुचारु रूप से होना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि कौन बच्चे नशा कर रहे हैं तथ निकी काउंसलिंग भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का गहन विशलेषण करें तथा विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आबंटित धनराशि का समय पर खर्च करना भी सुनिश्चित करें।

सीरीज-6
अनंत ज्ञान ग्राउंड रिपोर्ट

*हमीरपुर से अवाहदेवी तक अटारी-मनाली एनएच-03 का 22 किलोमीटर का पैच तीन साल में भी कंपलीट नहीं हो पाया। उड़ती धूल-मिट्टी से लोग परेशान हैं। वाहनों की हालत खस्ता है और चालक हादसों को लेकर भयभीत रहते हैं। सबके मन में एक ही सवाल है कि दिसंबर, 2024 तक का वक्त दिया था, लेकिन अब छह महीने एक्स्ट्रा हो गए हैं। जिस रफ्तार से यहां काम हो रहा है उसे देखकर लगता है कि अभी निर्माण पूरा होने में काफी वक्त लगेगा।*

### कोहलू सिद्ध, टौणी देवी, दरोगण में अटारी-मनाली एनएच का काम अधूरा, न जाने कब होगा पूरा?

# निर्माण की धीमी रफ्तार दिक्कतों का अंबार

**वाहन चालक परेशानी में और व्यापारियों का धंधा चौपट**

**फटेहाल सड़क; उड़ रही धूल और मिट्टी गुणवत्ता पर सवाल**



ग्राउंड रिपोर्ट
**विक्रम ढटवालिया**
**हमीरपुर**



*सड़क के निर्माण कार्य में जुटे कर्मचारी।*



*कोट के पास फटेहाल सड़क।*

**अटारी-मनाली** एनएच-03 का निर्माण कार्य हमीरपुर से अवाहदेवी तक जिस धीमी रफ्तार से हो रहा है, उससे लोगों की दिक्कतें भी लगातार बढ़ी हैं। सड़क का निर्माण कार्य पिछले साल दिसंबर माह में मुकम्मल होना था, लेकिन अभी भी कई स्पॉट ऐसे हैं, जिन पर धीमी रफ्तार से हो रहे निर्माण के कारण लोगों में काफी गुस्सा है, अब उनके सब्र का बांध टूटने लगा है। फटेहाल सड़क और उड़ती धूल-मिट्टी लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है। सड़क के दोनों किनारे रहने वाली आबादी भी अब निर्माण कार्य में लगे काम की रफ्तार से बेहद दुखी हो चुकी है। यहां जहां तक नजर जाती है दिक्कतों का अंबार नजर आता है। विडंबना यह है कि इन लोगों की कोई सुन नहीं रहा। कंपनी और मौरथ के अधिकारियों के अलावा संसद तक लोगों की फरियाद कारगर साबित क्यों नहीं हो रही यही यक्ष प्रश्न है। अनंत ज्ञान ने इस सड़क के निर्माण की मुकम्मल तौर पर गाउंड जीरो पर जाकर तहकीकात की और पाया कि निर्माण में कोताही ही हो रही है। क्वालिटी ऑफ वर्क भी दर्जे के मुताबिक नहीं दिख रहा है। हमीरपुर के अणू चौक से लेकर अवाहदेवी तक करीब 22 किलोमीटर का सड़क मार्ग कई जगह खामियों का शिकार है। कोट के पास अभी भी सड़क का निर्माण मुकम्मल होने में काफी वक्त लगेगा, यही स्थिति दरोगण के पास है। जहां सड़क का काफी हिस्सा अभी भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है। धूल मिट्टी यहां खूब उड़ रही है। यही स्थिति टौणी देवी बाजार में है। उसके बाद बारी मंदिर के आगे कोहलू सिद्ध में भी तकरीबन 2 किलोमीटर की सड़क के निर्माण में अभी कई महीने लग सकते हैं।

## एक स्पॉट पर टिककर नहीं होता काम

**दरअसल** सड़क निर्माण के काम में असली खामियां यह हैं कि कंपनी जहां-जहां काम शुरू करती है आधा-अधूरा छोड़कर दूसरी जगह चली जाती है। एक ही स्पॉट पर काम मुकम्मल नहीं करने का उसका यह रवैया ही लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। जिन डंगों का काम छह महीने पहले शुरू किया गया था, वह भी ज्यों का त्यों अधूरे छोड़ दिए गए हैं। टौणी देवी बाजार में इसी वजह से लोगों का व्यापार भी चौपट हो चुका है। ये लोग पिछले तीन साल से दिक्कतें झेल रहे हैं। यहां पर आधा अधूरा काम पिछले एक साल से मुकम्मल नहीं हुआ। बीच बाजार में कई गड्ढे बने हुए हैं। एक जेसीबी जंग चाट रही है।

### सबसे मिले, नहीं होती सुनवाई : सरवन चौहान



**मंदिर** कमेटी के अध्यक्ष सरवन चौहान का कहना था कि वह अब बहुत परेशान हैं। कंपनी सुनती नहीं है। सांसद से भी मिले थे, बड़े अधिकारियों से भी मिले, लेकिन आधा अधूरा काम मुकम्मल क्यों नहीं होता यह समझ नहीं आ रहा? अब 24 जून को यहां बहुत बड़ा मेला आयोजित होता है। 4,000 से ज्यादा की भीड़ यहां दिक्कतें झेलेगी, लेकिन किसी को इसकी चिंता नहीं है। मंदिर को जोड़ने वाले रास्ते की हालत खराब है। इसी महीने के अंत में वहां हजारों की भीड़ इस मंदिर में जुटने वाली है।

### विभाग डाले कंपनी पर जुर्माना : विजय बहल



**प्रमुख** व्यापारी विजय बहल भी कंपनी के कामकाज को लेकर काफी रुष्ट दिखे। वह तो यहां तक कहते हैं कि इस कंपनी पर विभाग को जुर्माना डालना चाहिए जो लापरवाही से काम कर रही है। दो डंगों का निर्माण छह महीने पहले शुरू हुआ और तभी से बंद पड़ा है।

### दिसंबर, 2024 में होना था काम पूरा लेकिन अभी है अधूरा : कंस्ट्रक्शन कंपनी

**यह** पूरा रोड़ टू-लेन बन रहा है। इस पर तकरीबन 224 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इसका काम 22 जून 2022 को शुरू हुआ था और यह 20 दिसंबर 2024 को मुकम्मल होना था, मगर अभी भी काम काफी मात्रा में आधा अधूरा दिखता है। जो कंपनी मै. गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड इसके निर्माण में लगी है। वही अगले 5 साल तक इसका रखरखाव करेगी, मगर पहले काम तो मुकम्मल हो।

### कई जगह अभी भी कटिंग का काम अधूरा

**कई** जगह अभी भी कटिंग का काम अधूरा है। जहां-जहां बाईपास बनाए गए हैं, उनमें भी तीन जगह कटिंग होनी है। हमीरपुर के एनआईटी से लेकर बीच के जिन-जिन हिस्सों में टारिंग का काम हुआ है। वह भी अप टू द मार्क नहीं है। कई जगह से उखड़ना शुरू हो गया है।

### कई बार लगा चुके गुहार नहीं हो रहा सुधार : गुलशन

**कोट** पंचायत के प्रधान गुलशन कुमार का कहना है कि वे नेशनल हाईवे अथॉरिटी और कंपनी के लोगों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन न तो कोई सुनवाई हो रही है और न ही कोई सुधार। सड़क किनारे बसे लोग और दुकानदार धीमी गति से चल रहे काम की वजह से बेहद तंग हो गए हैं।

### एक महीने में हो जाएगी कटिंग : ई. सुशील ठाकुर

**कंपनी** के साइट इंजीनियर सुशील ठाकुर का कहना था कि कटिंग का जो काम बचा है, वह एक महीने के अंदर मुकम्मल हो जाएगा। बरसात शुरू होने से पहले इस पूरे सड़क मार्ग को चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। टारिंग का काम जहां होना था, वह हो गया है। अब केवल तीन स्पॉट बचे हैं। बहुत तेजी के साथ अगले कुछ दिनों में यह काम मुकम्मल हो जाएगा।

## विक्रमादित्य ने राजनाथ से मांगी सामरिक सड़क के लिए हरी झंडी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने राजधानी दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की मांग रखी। उन्होंने सामरिक महत्व वाली घटासनी-शिल्हा-बधानी-भूभूजोत-कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने का आग्रह किया, जो पठानकोट-मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए एक आवश्यक विकल्प बन सकती है।

विक्रमादित्य ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग करीब 55 किलोमीटर की दूरी बचाएगा और एक टिकाऊ राजमार्ग के रूप में कार्य करेगा। उनके अनुसार, इस परियोजना से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।



**हिमाचल प्रदेश के विकास को मिलेगी नई गति : विक्रमादित्य सिंह**

### हर संभव सहयोग का मिला आश्वासन

**विक्रमादित्य** ने केंद्रीय मंत्री से इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिमाचल प्रदेश को इस मामले में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### राहुल गांधी को वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण का दिया न्योता

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह के लिए राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करना था। यह आयोजन 23 जून को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर होगा।



## 'उल्लास कार्यक्रम' के तहत ली परीक्षा के आए नतीजे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक खास परीक्षा, जिसका नाम 'मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान मूल्यांकन परीक्षा है, उसके नतीजे आ गए हैं।

यह परीक्षा 'उल्लास कार्यक्रम' के तहत ली गई थी। इसे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ने लिया था और इसके नतीजे 5 जून को घोषित किए गए हैं। यह परीक्षा 23 मार्च, 2025 को हुई थी। शिक्षा विभाग नई जानकारी दी है कि सभी डाइट (शिक्षण संस्थान) के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एनआईओएस की वेबसाइट, इन परीक्षाओं के सर्टिफिकेट डाउनलोड करें और फिर जिन लोगों ने परीक्षा दी थी, उन्हें दें। इस परीक्षा में कुल 28,340 बड़े लोग शामिल हुए थे, और उनमें से 27,872 लोग पास हो गए हैं।

### शिक्षा निदेशालय ने मिड-डे मील वर्कर्ज के लिए जारी किए निर्देश, निदेशालय से जारी हुआ पत्र

# ऑनलाइन उपस्थिति से मिली छूट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा निदेशालय ने मिड-डे मील कार्यकर्ताओं की लंबे समय से चली आ रही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की बाध्यता से छूट दे दी है।

निदेशालय ने मंगलवार को जारी एक अत्यंत आवश्यक पत्र के माध्यम से सभी फील्ड प्रशासकों और अधिकारियों को इस संबंध में सूचित करने का निर्देश दिया है।

यह निर्णय मिड डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू से संबद्ध द्वारा 21 मई, 2025 को सौंपे गए एक पत्र के जवाब में आया है। यूनियन ने अपनी शिकायत में कहा था कि स्कूल प्रशासन द्वारा एमडीएम कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन या स्विफ्ट चैट के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

यूनियन ने यह भी बताया था कि कई स्कूलों में एमडीएम कार्यकर्ताओं को सुबह 9:30 बजे बुलाया जा रहा है।



शिक्षा निदेशालय ने इस तथ्य पर गौर किया है कि पका हुआ भोजन मिड-डे मील के समय पर, यानी दोपहर में परोसा जाना होता है, ऐसे में एमडीएम कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन या स्विफ्ट चैट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने से छूट दी गई है और उन्हें उपस्थिति रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की अनुमति दी गई है।

### ऑनलाइन उपस्थिति से मिलेगा छुटकारा

**यह** कदम एमडीएम कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, जो अपनी ड्यूटी की प्रकृति और समय को देखते हुए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को अव्यावहारिक मान रहे थे। इस घोषणा से राज्य भर के हजारों मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ऑनलाइन उपस्थिति से छुटकारा मिलेगा और उनके कार्यभार को कम करने में मदद करेगी।

### एलिमेंटरी एजुकेशन और हायर एजुकेशन को निर्देश जारी

**हिमाचल** प्रदेश के शिक्षा निदेशालय के निदेशक आशीष कोहली द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र में सभी उप-निदेशकों (एलिमेंटरी एजुकेशन) और उपनिदेशकों (हायर एजुकेशन) को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## भारत रक्षा में आत्मनिर्भर, वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा : संजय सेठ

**अनंत ज्ञान, शिमला**




प्रेस वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिमला में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भारत को रक्षा क्षेत्र में मिली उल्लेखनीय आत्मनिर्भरता और वैश्विक शक्ति के रूप में उसके उभरने पर विशेष जोर दिया।

सेठ ने बताया कि पहले भारत रक्षा उत्पादों का आयातक था, लेकिन अब निर्यातक बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 23,500 करोड़ का रक्षा निर्यात हुआ और भारत अब 92 देशों को अस्त्र-शस्त्र दे रहा है। रक्षा निर्यात का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ तक बढ़ाने का है। उन्होंने पुलवामा हमले के बाद हुए सैन्य ऑपरेशन को भी सरकार की निर्णायक क्षमता का प्रमाण बताया, जो परमाणु शक्ति वाले देश पर दुनिया का पहला ऐसा बड़ा सैन्य अभियान था। रक्षा राज्य मंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ मंत्र के तहत नारी शक्ति के सशक्तिकरण की सराहना की, जहां आज बेटियां लड़ाकू विमान उड़ाने से लेकर सीमाओं की रक्षा तक कर रही हैं। ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों की सुरक्षित वापसी भी सरकार की वैश्विक क्षमताओं का उदाहरण है।

## पर्यटन नगरी चायल सड़क का मामला केंद्र से उठाएंगे : महाजन

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**



कार्यक्रम में मौजूद हर्ष महाजन व साथ हैं अन्य।

**कंडाघाट।** पर्यटन नगरी चायल की प्रमुख कंडाघाट-चायल सड़क को चौड़ा करके इससे डबल लेन करने का मामला केंद्र सरकार और केंद्रीय मंत्री नितिन गढ़करी से उठाया जाएगा। यह बात राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने चायल के मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधन में कही।

उन्होंने कहा मेले हमारे प्रदेश की संस्कृति की धरोहर है। यह मेले हमारे देवी-देवताओं के साथ जुड़े है। इसके साथ यह आपसी मेल मिलाप और मनोरंजन का साधन है। इस अनमोल संस्कृति को संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने चायल पंचायत में विकास कार्यों के लिए 10 लाख देने की घोषणा। महाजन ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11सालों में देश को नई दिशा और दुनिया नई पहचान दी है।

देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे है। हिमाचल में भी सड़कों का जाल बिछाया है। उन्होंने मेला कमेटी के खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए रखे पुरस्कार प्रदान किए।

**बागवानों की मुस्कान** | हिमाचल की 'लाल सोना' चेरी की चमक से चमके बागवान, बाजार में आया उछाल

# चेरी के दाम 250 से 500 रुपए किलो पहुंचे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** देवभूमि हिमाचल की वादियां इन दिनों लाल रंग से सराबोर है। यहां की प्रसिद्ध चेरी, जिसे 'लाल सोना' भी कहा जाता है, अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और स्वाद के लिए देश-विदेश में जानी जाती है। जून का महीना चेरी के सीजन का पीक होता है और इन दिनों बाजार में हिमाचल की चेरी की धूम मची हुई है, यह धूम बागवानों के चेहरों पर मुस्कान ला रही है।

वर्तमान में हिमाचल की चेरी की कीमतें बाजार में काफी उत्साहजनक बनी हुई हैं। थोक मंडियों में, गुणवत्ता और किस्म के आधार पर चेरी का दाम 250 से 500 रुपए प्रति किलोग्राम तक चल रहा है। खुदरा बाजार में यह कीमतें और भी ऊपर हैं, जहां उपभोक्ता 400 से 800 रुपए प्रति किलोग्राम तक चुकाने को मजबूर हैं। शिमला, कुल्लू, और किन्नौर से आने वाली 'ब्लैक हार्ट', 'मिश्री', और 'इटैलियन' जैसी प्रीमियम किस्में सबसे अधिक मांग में हैं और उन्हें उच्चतम दाम मिल रहे हैं।



जानकारी के अनुसार चेरी के दामों में बाजार में अभी स्थिरता बनी हुई है, लेकिन फिर भी पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है।

वर्तमान में, बागवानों को अपनी सामान्य चेरी के लिए औसतन 180 से 350 प्रति किलोग्राम मिल रहा है। यह दर बागवानों के लिए एक अच्छी राहत है, खासकर पिछले कुछ वर्षों में जब उन्हें प्राकृतिक आपदाओं और बाजार में कम कीमतों का सामना करना पड़ा था।

चेरी का सीजन बागवानों के लिए काफी हद तक अनुकूल रहने की उम्मीद है। उद्यान विभाग के प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष चेरी के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10-15 फीसदी की वृद्धि देखी जा सकती है। पिछले वर्ष लगभग 6,000-7,000 मीट्रिक टन चेरी का उत्पादन हुआ था। इस वर्ष यह आंकड़ा 7,000-8,000 मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। शुरुआती चरणों में मौसम ने बागवानों का साथ दिया है। सर्दियों में पर्याप्त ठंडक और बसंत में उचित बारिश ने चेरी के फूलों के लिए आदर्श परिस्थितियां प्रदान की, जिससे उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।

इस बार चेरी की गुणवत्ता भी बेहतर मानी जा रही है। फलों का आकार, रंग और मिठास सभी संतोषजनक हैं, जिससे उन्हें बाजार में बेहतर कीमत मिलने की संभावना है। शहरी क्षेत्रों में स्वस्थ और ताजे फलों की बढ़ती जागरूकता ने चेरी की मांग को बढ़ाया है। निर्यात की संभावनाएं भी बागवानों के लिए एक सकारात्मक संकेत हैं।

### कोल्ड स्टोरेज की कमी

**हालांकि** सीजन अच्छा रहने की उम्मीद है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। इनमें परिवहन लागत, कोल्ड स्टोरेज की कमी और बिचौलियों की भूमिका शामिल है, जो बागवानों को उनके उत्पादों का पूरा मूल्य प्राप्त करने से रोकती हैं।

### प्रमुख चेरी उत्पादक क्षेत्र

**बता** दें कि शिमला जिले के कोटगढ़, कुमारसैन, नारकंडा और ठियोग जैसे क्षेत्र प्रमुख चेरी उत्पादक बेल्ट हैं, जो राज्य के कुल उत्पादन में बड़ा योगदान करते हैं। कुल्लू और किन्नौर भी चेरी के लिए जाने जाते हैं।

### बेहतर उत्पादन की उम्मीद

**कुल** मिलाकर हिमाचल की चेरी का यह सीजन बागवानों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। बाजार में उच्च कीमतें और उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि बागवानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर सकती है।

## पूरी दुनिया में ब्रांड मोदी की है चर्चा : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनवरत तपस्या और असंभव को संभव कर दिखाने की क्षमता के कारण आज पूरी दुनिया में ब्रांड मोदी की चर्चा है। उन्होंने मोदी के 11 साल के सेवाकाल को आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक और कूटनीतिक उपलब्धियों के लिहाज से अभूतपूर्व बताया।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐसे सपने साकार हुए जिनकी कभी कल्पना नहीं की जा सकती थी। उन्होंने धारा 370 की समाप्ति, दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल ब्रिज से वंदे भारत का गुजरना, और राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को इन उपलब्धियों में गिनाया।

उन्होंने आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से 60 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज और रक्षा तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी उल्लेख किया। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना के अनुरूप जन-जन को विकास से जोड़ने और भारत को हर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व की सराहना की।



## न्यूज ब्रीफ

### श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह प्रसंग का सुनाया वर्णन



**शालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** नाग मंदिर करियाड़ा स्थित वीरेंद्र शर्मा व अन्य शर्मा परिवार के सौजन्य से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन परागपुर के प्रसिद्ध भागवताचार्य सुमित ने भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। जैसे ही झांकी में रुक्मिणी और श्रीकृष्ण का विवाह दृश्य प्रस्तुत हुआ, श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूम उठे। उद्धव प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उद्धव को अपने ज्ञान का अत्यधिक अभिमान था। उन्होंने देवगुरु बृहस्पति से नीतिशास्त्र की शिक्षा ली थी, लेकिन जब श्रीकृष्ण ने उन्हें गोकुल भेजा और वे नंद, यशोदा व गोपियों के श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम और भक्ति से रू-ब-रू हुए, तो उनके ज्ञान का घमंड चूर-चूर हो गया।

### शाहपुर में प्रश्नोत्तरी के विजेता किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उच्च रक्तचाप जागरूकता माह अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल शाहपुर के ओपीडी परिसर में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में मरीजों ने भाग लिया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी कविता ठाकुर ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान स्टाफ के अन्य लोग भी मौजूद थे ।

### शिवनगर में 27000 मिलीलीटर शराब बरामद

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस थाना भवारना की टीम ने शिवनगर बाजार में स्कॉर्पियो गाड़ी नं. एचपी 53ए- 5400 से 27,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। गाड़ी के चालक अमित कुमार निवासी पंजियाल डाकघर पुड़बा तहसील धीरा जिला कांगड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन ठगी का आरोपी बिहार से गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर के तहत ऑनलाइन ठगी के आरोपी अजीत कुमार पुत्र कांता पासवान, निवासी खेतलपुरा, थाना सारे, जिला नालंदा, बिहार को खेतलपुरा (बिहार) से गिरफ्तार किया है। इस मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना नूरपुर में एसपी अशोक रतन के दिशा-निर्देशानुसार शिकायतकर्ता कुलदीप राज गुप्ता निवासी जसूर की शिकायत पर मई महीने में थाना नूरपुर में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया था। आरोप लगाया था कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी कर ऑनलाइन माध्यम से उसके बैंक खाते से 3,56,799 रुपए की राशि धोखे से निकाल ली।

## कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में एल्युमनी एसोसिएशन का पूर्व छात्र सम्मेलन 21 को

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पालमपुर एल्युमनी एसोसिएशन का 8वां पूर्व छात्र सम्मेलन आगामी 21 जून को आयोजित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने जानकारी दी कि यह सम्मेलन पूर्व छात्रों के साथ पुनर्मिलन का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो पूर्व छात्रों और उनके शिक्षण संस्थान के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान पर गर्व करता है। पूर्व छात्रों की सहभागिता वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करने, संस्थागत विकास को बढ़ावा देने और साझा प्रयासों को आगे ले जाने में अत्यंत सहायक होती है। सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र, अनुभव साझा करना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पूर्व छात्रों के लिए विभागीय भ्रमण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### योल बाजार में लगाई ठंडे पानी की छबील



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल बाजार में ठंडे पानी की छबील लगाई गई। व्यापारी बाल बहादुर छेत्री ने राहगीरों को ठंडे शरबत और काले चनों के साथ मीठे बंद (ब्रेड) का वितरण किया। इस आयोजन में व्यापार मंडल योल के प्रधान अक्षित मैनी, शिवम बलिया, सागर थापा, विकास बलिया, दिनेश, चौहान, सुखविंदर सिंह, उपप्रधान विकास, विचित्र सिंह और सतविंद्र सिंह ने भागीदारी निभाई।

### सकरी में राहगीरों की बुझाई प्यास, बांटे फल



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां के साथ लगती पंचायत सकरी के नौजवानों ने सकरी मुख्य बाजार में सड़क के किनारे सुबह से लेकर शाम तक राहगीरों को मीठा पानी पिलाया और मीठे फल भी बांटे। इस मौके पर सुरेश राणा, दविंदर सिंह, कमल राणा, अनिल राणा, अरविंद, शुभम बंश, प्रशांत गुलेरिया, विशाल,मनजीत गुलेरिया, विक्रम सिंह, रणदीप पठानिया, अशोक कुमार, गुलशन, गुरविंदर राणा, शम्मी, सतपाल, जय, देसराज गुलेरिया, सुदर्शन सिंह आदि ने सेवाएं दीं।

# पीएमश्री योजना में आने वाले स्कूलों के बुनियादी ढांचे में आएगा सुधार : भवानी

## बोले- फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्य स्कूलों में भी सीबीएसई पैटर्न लाने की योजना

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर के राजा का तालाब स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना के सातवें चरण में शामिल किया है। स्कूल के चयन पर शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर है। पीएम श्री योजना के तहत अब राजा का तालाब स्कूल में बुनियादी ढांचे को आधुनिक रूप दिया जाएगा। योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि डिजिटल कक्षाएं, आईसीटी लैब, टिंकरिंग लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं और शिक्षण सहायक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

**राजा का तालाब स्कूल पीएमश्री योजना में शामिल**

स्कूल के डिजिटलीकरण के साथ-साथ सीखने का वातावरण अधिक नवोन्मेषी और प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि विधायक प्राथमिकता में अन्य स्कूल भी डाले गए हैं। भवानी पठानिया का कहना है कि राजा का तालाब स्कूल को कुछ अन्य स्कूलों के साथ प्राथमिकता के आधार पर रखा था। पीएमश्री योजना में आने से स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार आएगा। प्रदेश सरकार की योजना के तहत आने वाले दो या तीन सालों में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के राजा का तालाब, फतेहपुर, रैहन धमेटा और स्थाना स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न लाने की योजना चल रही है।

## राजा का तालाब का दौरा कर की जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

विधानसभा फतेहपुर के राजा का तालाब की ऐतिहासिक धरोहर से मिट्टी निकालने का कार्य लगभग समाप्त हो चुका है। तालाब में आधिपत्य जमा चुकी एलिगेटर बीड्स, जकुंभी बूटी को तालाब में खुदाई करके पूर्ण रूप से निकाला जा चुका है। अब तालाब को कोटरानुमा शेप देकर इसके शेष कार्य को आगे बढ़ाने के प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुका चुका है। योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष व विधायक भवानी सिंह पठानिया तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य को लेकर विशेष रुचि दिखा रहे हैं।



राजा का तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेते भवानी पठानिया।

भवानी पठानिया ने एक बार फिर राजा का तालाब का दौरा किया और तालाब के जीर्णोद्धार के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य बीते एक महीने से चला हुआ है, जो लगभग पूरा हो चुका है। तालाब में उगी घास पूर्ण रूप से निकाली जा चुकी है। अब तालाब को समतल बनाकर इसे बीच से कटोरानुमा शेप देने का कार्य हो रहा है। घरों से आते वेस्ट वाटर की प्यूरिफिकेशन के चार जगहों पर सोकपिट बनाए गए हैं। कुछ जगह यहां सेफ्टी वाल बनाने का कार्य जारी हैं। वहीं, क्रेटवर्क के कार्य को शुरू हो चुका है। वैटलेंड के उपरांत इसके सौंदर्यीकरण को लेकर बनाई गई रूपरेखा को धरातल पर लाने का कार्य जारी है। बिजली की तारो व खंभों को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के आदेश दिए गए हैं। इस मौके पर फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जगजीत जग्गू, नायब तहसीलदार राजा का तालाब सुरजीत सिंह, पीतांबर सिपहिया, देसराज, परमिंदर धीमान, अरुण कुमार, चरण दस, शुभम पठानिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में नौकरी के लिए करें आवेदन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** बाल विकास परियोजना नगरोटा सूरियां के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के खाली पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिन आवेदकों ने किसी पद के लिए पहले आवेदन कर रखा है, उन्हें उसके लिए पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। देहरा उपमंडल के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 12 खाली पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं।

महिलाएं जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो, शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास हो, परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपए से अधिक न हो, वे आवेदन कर सकती हैं। पंचायत सकरी में सकरी व पंचायत लुदरेट में अपर लुदरेट में एक-एक पद कार्यकर्ता का भरा जाएगा। वहीं, दंगढ़, भकलेड़, जलख व भटेड़ 1, सकरी के सकरी 2, नंदपुर भटोली के अपर नंदपुर, नंदपुर 3, गुलेर के गुलेर 1, गुलेर 2 व जलरियां, मसरूर के पीरविंदली , पंचायत लुदरेट के अपर लुदरेट 2 में सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे। आवेदनकर्ता सादे कागज पर अपना आवेदन 26 जून सायं 4 बजे तक और उपरोक्त में से कार्यकर्ता सकरी व सहायिका जलख और गुलेर 2 के पदों के लिए 30 जून सायं 4 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी नगरोटा सूरियां के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर जमा करवाएं। साक्षात्कार 5 जुलाई को तथा 10 जुलाई को उपमंडलाधिकारी (नागरिक) देहरा के कार्यालय में सुबह 11:00 बजे रखा गया है।

## चिट्टा बेचने के आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**मंदीप, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस ने चिट्टा बेचने के आरोप में गिरफ्तार बागकुल्जा पंचायत के टिक्करी निवासी नवीन कुमार उर्फ काला को सात दिन के रिमांड के बाद जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को 21 जून तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। गौरतलब है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी घर से ही चिट्टे की सप्लाई कर रहा है। पुलिस ने गत मंगलवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से 20 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। पुष्टि लंबागांव पुलिस के कार्यवाहक एसएचओ अशोक कुमार ने की है।

## बैजनाथ में 26 तक लगाई जाएंगी तराजू में मुहरें



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में माप-तोल विभाग की ओर से कपड़े के मीटर इलेक्ट्रिक तथा साधारण तराजू में मुहरें लगाने का कार्य चल रहा है। व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने बताया कि माप-तोल अधिकारी आदर्श राणा की अगुवाई में यह कार्य व्यापार मंडल के पुनर विकसित भवन में चल रहा है। यह कार्य 26 जून तक चलता रहेगा।

माप-तोल अधिकारी अक्षय राणा ने बताया कि विभाग नाप-तोल के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली सभी चीजों का सत्यापन करता है, ताकि व्यापार में पूरी पारदर्शिता अपनाई जा सके तथा यह स्टीक रूप से कार्य कर सके।

# प्रदेश के गरीब वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध : किशोरी

## विधायक ने ददीन गांव का दौरा कर सुनीं जनसमस्याएं

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने मंगलवार को पंचायत चौबीन के ददीन गांव का दौरा किया और गांववासियों से सीधा संवाद स्थापित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा विकास कार्यों को गति देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर गांव के विकास के लिए तत्पर है तथा गरीब व उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी लाभ से वंचित न रहे तथा सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित हो सके।



ददीन गांव पहुंचने पर विधायक किशोरी लाल का हार पहनाकर स्वागत किया गया।

### सामुदायिक भवन की ऊपरी मंजिल के निर्माण कार्य को दिए 5 लाख

विधायक किशोरी लाल ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं एवं मांगें ध्यानपूर्वक सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ददीन गांव के सामुदायिक भवन की ऊपरी मंजिल के निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान कुलविंदर राणा, उपप्रधान रंजीत राणा, महिला मंडल प्रधान सीमा राणा, सहायक अभियंता जल शक्ति राजेश आदि रहे।

# निशु मोंगरा ने पेयजल स्त्रोतों का किया निरीक्षण

## कछियारी में सुनी जनसमस्याएं, बोले- खराब हैंडपंप होगा रिवाइव, पानी की नहीं आने देंगे कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**एपीएमसी** के जिला और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा मंगलवार को कछियारी में पीने के पानी के स्त्रोतों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। करीब 50 समस्याएं रखी गई। इनमें 40 का मौके पर निपटारा किया गया, जबकि 10 को विभागीय अधिकारियों को भेजा गया। मोंगरा ने कहा कि आजकल गर्मियों के मौसम में पानी के स्त्रोतों में जलस्तर की कमी होने के कारण लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है।

इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर जलशक्ति विभाग के अधिकारियों व फील्ड स्टाफ के साथ स्त्रोतों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों से हर व्यक्ति को सरकार की ओर से चलाई गई योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी बीच कछियारी गांव में खराब पड़े विद्युत चलित हैंडपंप का भी रखरखाव किया गया और रिवाइव करवाया जाएगा। मोंगरा ने जलशक्ति विभाग कांगड़ा के अधिकारियों व फील्ड स्टाफ का धन्यवाद किया जो कि इतनी गर्मी में भी मुस्तैदी के साथ जनहित के कार्यों में लगे हैं। इस मौके पर एसडीओ संजय, जेई तिलकराज, जेई सुदर्शन, फिटर व अन्य लोग उपस्थित थे।



कछियारी गांव में पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण करते निशु मोंगरा

### किसानों को मुहैया करवाई जा रही बेहतर सुविधाएं

**मोंगरा** ने कहा कि इच्छी, नंदेहड़, अब्दुल्लापुर, जमानाबाद में पांच करोड से ट्यूबवेल लग रहे हैं। अनसोली और भडवाल में भी पानी की कमी है। इसके लिए अनसोली-भडवाल वाटर स्कीम के लिए दो करोड़ सोलह लाख खर्च किए जाएंगे। इससे वहां पानी की कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि एपीएमसी जिला कांगड़ा में किसानों के लिए बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। नई सब्जी मंडियां बनाई जा रही हैं। पास्सू सब्जी मंडी को नए भवन में शुरू किया जाएगा। कछियारी में भी नई मंडी बनाई जा रही है। ई नाम से कई किसानों को जोड़ा जा रहा है। किसानों को सबसिडी पर खरीफ के बीज दिए जा रहे हैं।

## मल्टीनेशनल कंपनी अइसन इंडस्ट्री में साई पॉलिटेक्निक के 47 छात्रों का चयन



श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस में ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट बढ़ानी स्थित (साई पॉलिटेक्निक) श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस में ऑटोमोबाइल उद्योग में अंतरराष्ट्रीय कंपनी अइसन इंडस्ट्रीज की ओर से ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ग्रुप के सीमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में किया गया।

इस ड्राइव में साई पॉलिटेक्निक कॉलेज व श्री साई इंजीनियरिंग के साथ पठानकोट के विभिन्न कॉलेजों के डिप्लोमा व बीटेक मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता व डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य मुरगई ने कंपनी के मैनेजर एचआर विक्रम सिंह व उनकी टीम का स्वागत किया। कंपनी ने 47 छात्रों का चयन किया। सुलक्ष्य मुरगई ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के बाद जल्द ही उनकी ज्वॉइनिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कॉलेज के प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता व समूह स्टाफ ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई दी। एमडी तृप्ता पुंज सहित ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज व वाइ प्रेजिडेंट रिया पुंज ने कहा कि 47 छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनी में चयन हमारी वचनबद्धता को दर्शाता है।

**निर्देश** बैजनाथ में बूथ स्तरीय अधिकारियों व बीएलओ सुपरवाइजर के लिए कार्यशाला

# नए पात्र मतदाताओं का करें पंजीकरण: संकल्प

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में बैजनाथ स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बूथ स्तरीय अधिकारियों व बीएलओ सुपरवाइजर के लिए निर्वाचन संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 116 बूथ स्तरीय अधिकारियों तथा बीएलओ सुपरवाइजर ने भाग लिया।

संकल्प गौतम ने कहा कि एक स्वस्थ व सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव संपन्न होना महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और एक स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं को समय-समय पर आयोजित करना आवश्यक है।



कार्यशाला की अध्यक्षता करते निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम।

उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) तथा बीएलओ सुपरवाइजर निष्पक्ष चुनाव में अहम भूमिका अदा करते हैं।

उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे पंचायत सचिवों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची तथा परिवार रजिस्टर का मिलान करें, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण, मृतकों के नाम मतदाता सूची से विलोपन करने तथा एक ही व्यक्ति के एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नाम हटाने जैसी कार्यवाहियों को जिम्मेदारी से पूरा करें। उन्होंने 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों से आग्रह किया है कि वह भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कर मतदान में अपनी सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर कानूनगो निर्वाचन बैजनाथ राजेश ठाकुर, विनय मेहता सहित बूथ स्तरीय अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नशा तस्कर दो आरोपियों की 16 लाख से अधिक संपत्ति जब्त

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** जिला पुलिस नूरपुर ने नशे में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की है। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन की ओर से 16-10-2024 को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए कंडवाल में नाकाबंदी के दौरान गाड़ी नं. एचपी-88-7916 में सवार दो लोगों रवि कुमार पुत्र किशोर चंद व शिल्पा पत्नी रवि कुमार निवासी गांव झाझवा तहसील फतेहपुर के कब्जे से 109.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।



**पुलिस जिला नूरपुर की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

इस अभियोग की जांच के दौरान दोनों आरोपियों की चल एंव अचल संपतियों की जांच अमल में लाई गई और वित्तीय जांच के आधार पर दोनों आरोपियों की कुल 16,33,574 रुपए की संपति को जब्त कर रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को भेजी गई। जिला पुलिस नूरपुर ने 10-06-2024 तक कुल 10 अभियोगों में नशे के अवैध कारोबार में शामिल आरोपियों की 17,88,03,049 रुपए की संपत्ति जब्त की है। इसके साथ ही कुछ अन्य मामले भी सक्षम प्राधिकारी दिल्ली के विचाराधीन है। जिला पुलिस नूरपुर का नशे के कारोबारियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी है।

# कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने पर फोकस : बाली

## बोले- सुक्खू सरकार आम जनमानस को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्प

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन विकास के साथ-साथ गरीबों को सशक्त करने को प्रतिबद्ध है। यह बात मंगलवार को कांगड़ा में अपने आवास में लोगों की समस्याएं सुनने हुए कही।

**गरीबों के हितों की रक्षा कर रही प्रदेश सरकार**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के प्रत्येक वर्ग के हितों की चिंता करते हुए जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने और आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की एक विस्तृत योजना पर फोकस किया है। जिला कांगड़ा को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। आरएस बाली ने कहा कि पालमपुर और रक्कड़ में हेलिपोर्ट के निर्माण कार्य को भी मूर्त रूप दिया जाएगा।



कांगड़ा में अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक आरएस बाली।

### धर्मशाला में आइस स्केटिंग रिंक और नगरोटा बगवां का होगा सौंदर्यीकरण

**पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिए धर्मशाला में आइस स्केटिंग रिंक का निर्माण, पालमपुर और नगरोटा बगवां का सौंदर्यीकरण तथा माता ज्वालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने बजट में घोषणा की है। धर्मशाला को पर्यटन के साथ-साथ इवेंट सिटी के तौर पर विकसित करने के लिए धर्मशाला के तपोवन में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया।

### नगरोटा सूरियां और खब्बल में होगा वेलनेस सेंटर का निर्माण

**पौंग** डैम क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को विकसित करने के साथ जिले में स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नगरोटा सूरियां, खब्बल व साथ लगते क्षेत्रों में वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इसके अवाला प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से 'मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्टअप योजना' भी आरंभ की है। बाली ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए सरकार की ओर से सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए विधायक जनता के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसके साथ ही विकास कार्यों की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जा रही है।

# मैक्लोडगंज में कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 12 जून को 11 केवी कालापुल मैक्लोडगंज फीडर में बिजली लाइनों के रखरखाव के लिए मैक्लोडगंज बाजार, जोगीद्वारा, दुसलां, हीरू, टिप्पा मार्ग, फोरसेटगंज, धर्मकोट मार्ग, दलाईलामा मंदिर आदि क्षेत्रों में प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 5:00 बजे या कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।




## गयातो मोनेस्टरी में भी रहेगी बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 12 जून को गयातो मोनेस्टरी, घिआरी पुल आदि क्षेत्रों में प्रात: 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने सर्वसाधारण जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील भी की है।

## हैप्पी बर्थडे



कलझड़ी गांव के वियांश रांगड़ा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धर्मपुर के जोगिंद्र सकलानी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# स्क्वाड्रन कमांडर कमल कुमार पुलिस पदक से सम्मानित



कमल को राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस पदक प्रदान करते गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**कांगड़ा** जिले के बैजनाथ के एनएसजी में कार्यरत स्क्वड्रन कमांडर कमल कुमार को राष्ट्रपति की तरफ से पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) ने मंगलवार को उन्हें यह प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कमल कुमार एक चित्रकार भी हैं। उनका घर पपरोला के साथ लगते गांव खड़नाल में है। वह मौजूदा समय में एनएसजी में स्क्वाड्रन कमांडर (अभियंता) के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस इलाके में खुशी की लहर है

# सुक्खू सरकार कर रही जनता से अन्याय : परमार

## धीरा में विकसित भारत का अमृत काल कार्यक्रम आयोजित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा सुलह मंडल की ओर से चलाए जा रहे विकसित भारत का अमृतकाल -सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के मोदी सरकार के 11 साल कार्यक्रम के तहत धीरा में सुलह मंडल भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थिति रहे।

इसके अलावा सुलह मंडल भाजपा अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच और थुरल मंडल अध्यक्ष विकास धीमान सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता व लोग उपस्थित रहे। विपिन परमार ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब, किसान, कर्मचारियों, छोटे उद्यमियों, व्यापारियों, महिलाओं आदि समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। वहीं देश की सुरक्षा के लिए भी कई कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पिछले 11 साल में करीब 4 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया। हिमाचल प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत साढ़े पांच हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण करवाकर जनता को सुविधा प्रदान की गई है। परमार ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर भारतीय सेना की ओर से शौर्य का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। विधायक परमार ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर पूर्णतया असफल सिद्ध हो रही है और इस सरकार की ओर से पूर्व की भाजपा



सरकार के समय आरंभ की गई लाभकारी योजनाओं को बंद करके जनता के हितों से कुठाराघात किया है। इस सरकार की ओर से स्कूलों को बंद किया जा रहा है, सरकारी अस्पतालों में पर्ची बनवाने के लिए शुल्क वसूल किए जाने का निर्णय प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। परमार ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों, स्कूलों सहित अन्य विभागों में स्टाफ की कमी के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इस सरकार के कार्यकाल में आम जनमानस, कर्मचारी, व्यापारी, किसान, महिलाएं, बेरोजगार,सभी वर्ग आहत हैं।

### हिमाचल में 5 फोरलेन का कार्य प्रगति पर

**परमार** ने कहा कि हिमाचल में लाखों की राशि से 5 फोरलेन सड़कों का कार्य प्रगति पर है, जिससे विभिन्न शहरों की दूरी कहीं कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से हिमाचल में 10 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करवाने का कार्य केंद्र सरकार की ओर से आरंभ किया गया है। इससे देश और प्रदेश की महिलाओं को और अधिक सशक्त किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने मध्यम वर्ग को लाभान्वित करने के लिए आयकर सीमा को बढ़ाकर 12 लाख 75 हजार किया है। इससे देश के करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा।

# त्रियुंड ट्रैकिंग रूट पर निकला इसराइली नागरिक लापता

- 6 जून को ट्रैकिंग पर निकला था, नहीं लौटा वापस
- पुलिस टीम ने दुर्गम इलाकों में चलाया सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**त्रियुंड** ट्रैकिंग रूट से एक इसराइली नागरिक के लापता होने का मामला सामने आया है। लापता इसराइली नागरिक की पहचान सैमुअल वेंगरिनोविच के रूप में हुई है, जो बीते 6 जून को ट्रैकिंग पर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

सैमुअल की साथी एडिबलम ने सोमवार को मैक्लोडगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। सैमुअल और एडिबलम धर्मकोट क्षेत्र में ठहरे हुए हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया कि 5 लोग ट्रैकिंग पर गए थे। सैमुअल वेंगरिनोविच ट्रेकिंग के वक्त कहीं खो गया है। उधर, कांगड़ा जिला प्रशासन ने सैमुअल वेंगरिनोविच की खोज में तत्काल सर्च अभियान शुरू किया है। पुलिस, एसडीआरएफ और डीडीएमए की संयुक्त टीमें लापता इसराइली नागरिक को त्रियुंड, इंद्रहार पास, जोत और आसपास के दुर्गम इलाकों में तलाश कर रही हैं। सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। फिलहाल, सैमुअल वेंगरिनोविच का कोई सुराग नहीं लग पाया। उधर, एसएसपी जिला कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि विदेशी के लापता होने के संबंध में प्रदेश सरकार के माध्यम से दिल्ली स्थित इसराइली दूतावास को भेज दी गई है।

प्रशासन सर्च ऑपरेशन पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और टीमें हाई अलर्ट पर हैं। लापता सैमुअल को ढूढंने के प्रयास चल रहे हैं।

# पठानकोट में दो महिलाओं से लूटपाट, घायल

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में सुजानपुर पुल नंबर चार पर मंगलवार दोपहर 12 बजे दो महिलाओं से मोटरसाइकिल सवार युवकों की ओर से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता मोनिका निवासी गुगरा, सुमन निवासी सुजानपुर ने बताया कि वह दोनों स्कूटी पर सवार होकर बैंक से पैसे निकाल कर जा रही थीं कि पुल नंबर चार के पास मोटरसाइकिल सवार दो लड़के आए और उसका पर्स छीन लिया। चेन भी छीनने की कोशिश की गई। इस दौरान वह गिर गईं और घायल हो गईं। मोटरसाइकिल सवार लुटेरे पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में 18000 रुपए तथा मोबाइल फोन था। लोगों ने दोनों को सुजानपुर कम्युनिटी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से पठानकोट रेफर कर दिया है। एसएमओ डॉ. आरुषि शर्मा ने बताया कि मरीज की हालत को देखते हुए पठानकोट रेफर किया गया है। थाना प्रभारी मोहित टांक ने बताया कि पुलिस महिला के बयान लेकर जांच कर रही है।

# सकड़ी गांव में आग से गोशाला राख, घर को पहुंचा भारी नुकसान

## विधायक किशोरी ने लिया जायजा, हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन



सकड़ी गांव में आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लेते व लोगों से बातचीत करते विधायक किशोरी लाल।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के सकड़ी गांव निवासी प्रकाश चंद के घर में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है, जबकि गोशाला पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

अग्निशमन तथा पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में परिवार को भारी नुकसान हुआ। हालांकि, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वहीं, अग्निकांड की जानकारी मिलते ही विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने तुरंत प्रभावित स्थल का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए एवं मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि वह इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने अधिकारियों को आग लगने के कारणों की जांच करने के आदेश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# जमीनी विवाद : दो गुटों में झगड़ा, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**मंदीप, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में हुए झगड़े को लेकर लंबागांव पुलिस द्वारा क्रॉस एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गुलेड़ कर्णघट्ट गांव के 60 वर्षीय सुभाष चंद ने पुलिस थाना लंबागांव में शिकायत दर्ज करवाई कि जब वह अपनी जमीन में काम कर रहा था तो पड़ोसी अशोक कुमार पुत्र फकीर चंद, सरोज पत्नी फकीर चंद, अशोक कुमार व पंकज ने दराट व लोहे की राड से हमला किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सुभाष का कहना है कि जिस जमीन पर वह काम कर रहा था, उसकी निशानदेही करवाए जाने पर वह उसकी ही निकली थी। दूसरे पक्ष की ओर से सरोज कुमारी पत्नी फकीर चंद ने पड़ोसी सुभाष चंद व विक्कू द्वारा उनके साथ मारपीट किए जाने की लंबागांव पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि दोनों पार्टियों का मेडिकल करवाने के साथ क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है।

# डॉ. सूद ने वृद्धाश्रम निर्माण को दिए 1 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**पालमपुर** एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. ओपी सूद ने शनि सेवा सदन द्वारा प्रस्तावित वृद्धाश्रम निर्माण के लिए 1,00,000 रुपए की राशि भेंट की है। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर सूद विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वह रोटरी क्लब, ब्लड बैंक सोसायटी तथा अन्य सामाजिक संगठनों से एक्टिव रोल में जुड़े हुए हैं। गरीब लोगों की सहायता करना उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य है। बीमार होने के बावजूद डॉ. सूद ने अस्पताल प्रस्थान से पहले शनि सेवा सदन के प्रमुख परमेंद्र भाटिया को यह चेक सौंपा। उन्होंने स्वस्थ होने के बाद और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया है। पिछले वर्ष उन्होंने मंदिर में वॉटर कूलर भेंट किया था, जिससे सैकड़ों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। कन्याओं के विवाह में सहयोग से लेकर ब्लड डोनेशन जैसे कार्यों में उनका योगदान उल्लेखनीय है। शनि सेवा सदन परिवार उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है और उनके समर्पण को सच्चे समाजसेवा का उदाहरण मानता है।



शनि सेवा सदन को 1 लाख रुपए की राशि भेंट करते सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. ओपी सूद।

## सेना में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को आर्मी से रिटायर्ड बताकर युवाओं को झांसे में लेता था। एक पीड़ित से पहले 11 हजार और फिर नौकरी लगने पर 51 हजार रुपए की मांग की गई। शिकायत के बाद धर्मशाला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ लिया। एएसपी हितेश लखनपाल ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है और उससे पूछताछ जारी है। संभावना है कि यह ठग अन्य मामलों में भी शामिल हो सकता है। पुलिस अब उसकी पूरी पृष्ठभूमि खंगाल रही है। धर्मशाला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अगर इस तरह के किसी झांसे का शिकार हुआ है या जानकारी रखता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# अधिकारी खेतों पर जाकर करें समस्याओं को हल : भारद्वाज



कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद राजीव भारद्वाज को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**कृषि** विज्ञान केंद्र कांगड़ा की ओर से कृषि विभाग, आतमा परियोजना व इफ्को के सहयोग से राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव बॉड में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक रणवीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नवीन कुमार, कुलपति चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय ने की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने अभियान के अंतर्गत मुख्य चर्चा के विषयों जैसे कि क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ फसलोत्पादन से संबंधित आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करना, प्राकृतिक खेती का प्रचार एवं प्रसार, कृषि में ड्रोन तकनीकी के उपयोग और नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के बारे में, विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया।डॉ. राजीव भारद्वाज ने वैज्ञानिकों तथा अधिकारियों का आह्वान किया कि वे किसानों के खेतों पर जाकर उनकी समस्याओं के समाधान मौके पर ही करें। उन्होंने किसानों की आय को दोगुना करने के प्रयासों पर भी बल दिया।

**बैठक** चयनित 16 गांवों में 15 से 30 जून तक आयोजित होंगे जागरूकता शिविर

# जिले में जनजातीय गांव होंगे विकसित: हेमराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

डीसी हेमराज बैरवा ने कांगड़ा जिले में धरती आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित 16 गांवों में सभी कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों की लिंकेज सुनिश्चित करने के लिए कहा है। मंगलवार को डीसी कार्यालय के सभागार में धरती आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि धरती आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित पंचायतों को पूर्ण रूप से विकसित किया जाएगा।

इसके लिए 15 से 30 जून तक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जबकि इस अभियान के 15 जून को नरवाणा खास के कस्बा गांव में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में संबंधित सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं , ताकि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनमानस को लाभान्वित किया जा सके। डीसी ने बताया कि कांगड़ा जिले में उत्कर्ष अभियान के लिए ऐसी पंचायतों का चयन किया है, जहां पचास प्रतिशत के करीब जनजातीय वर्ग की जनसंख्या है। उन्होंने कहा कि इन पंचायतों में सरकार के माध्यम से जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा।

### एफआरए मामलों के निपटारे के लिए स्थापित होंगे डेस्क

**डीसी** ने बताया कि इस अभियान के तहत आधार कार्ड, जनधन खाते, कम्यूनिटी प्रमाण पत्र, एफआरए मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पोषण योजनाओं के बारे में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत गतिविधियों में जन जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों तथा नेहरू युवा केंद्रों के सदस्यों की सहभागिता भी इस अभियान में सुनिश्चित की जाएगी। डीसी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी इस अभियान के माध्यम से देने के निर्देश भी दिए हैं। जिला प्लानिंग अधिकारी अलोक धवन ने बताया कि आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के पहले चरण में 15 से 26 नवंबर तक सभी चयनित 16 गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए थे और अब दूसरे चरण में 15 जून से 30 जून तक यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न गांवों के लिए शेड्यूल भी निर्धारित किया जा रहा है।

# धर्मशाला में सुक्खू सरकार के स्मार्ट मीटर बने शोपीस : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विधायक** सुधीर शर्मा ने कहा कि नगर निगम धर्मशाला में सुक्खू सरकार ने लगाए स्मार्ट मीटर शोपीस बना दिए हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को न ही बिजली बिल आ रहे हैं और न ही उपभोक्ताओं को मीटर रिचार्ज करना बताया गया। इससे धर्मशाला के स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ताओं को एक साथ आर्थिक लोड पड़ने वाला है।

धर्मशाला नगर निगम एरिया के तहत करीब 32 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, जिसके प्रथम चरण में 1700 से अधिक मीटर लगाए गए हैं। मीटर लगाने के बाद अब बिजली बोर्ड ने इन उपभोक्ताओं की सुध लेना बंद कर दी है। उपभोक्ताओं को यह बताकर मीटर लगाए गए थे कि इन मीटर को आप स्वयं भी रिचार्ज कर सकते हैं, लेकिन अब न ही बिजली बोर्ड इन मीटर के उपभोक्ताओं को बिजली बिल दे रहा और न ही उपभोक्ताओं को इन्हें रिचार्ज करना सीखा रहा। करीब तीन माह से इन उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं आए हैं। अब जब एक साथ बिजली बोर्ड इन उपभोक्ताओं को बिल थमाएगा, तो कई ऐसे गरीब परिवार हैं, जो एकसाथ बिजली बिल चुकाने में असमर्थ हैं। पहले ही बिजली बोर्ड घाटे में चल रहा है। बिजली बोर्ड के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार का पहले अपने मंत्रियों और विधायकों सहित संगठन में कोई तालमेल नहीं रहा। अब विभागों के साथ भी सरकार का तालमेल टूट उन्होंने कहा कि इस समस्या का शीघ्र हल निकालकर गरीब तबके को राहत पहुंचाई जाए।



## न्यूज ब्रीफ

### हिमालयन बॉयस रोहड़ू बना क्रिकेट विजेता



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू की ओर से आयोजित चार दिवसीय रोहड़ू क्रिकेट प्रीमियर लीग स्पर्धा का सोमवार को धूमधाम से समापन हुआ। चौथे व अंतिम दिन रात को दुधिया रोशनी में फाइनल मुकाबला रोहड़ू रेंजर्स और हिमालयन बॉयस रोहड़ू के मध्य खेला गया। जिसमें हिमालयन बॉयस रोहड़ू इस लीग की विजेता और रोहड़ू रेंजर्स उपविजेता रही। लीग के समापन समारोह में रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। लीग में बेहतरीन सेवा करने के लिए कई लोंगों को विधायक ने सम्मानित किया। लीग को अपने नाम करने वाली हिमालयन बॉयज रोहड़ू की टीम को 2 लाख रुपए व ट्राफी बतौर प्रथम पुरस्कार दी गई। वहीं दूसरे स्थान पर रही रोहड़ू रेंजर्स को एक लाख व ट्राफी से नवाजा गया।

### प्रतिभा ने कबीरदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने संत गुरु कबीरदास जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों और विशेष रूप से कबीर पंथ के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रतिभा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि संत गुरु कबीरदास की शिक्षाएं हमें सही राह दिखाती हैं।

### प्रो. बीएस कंवर के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** शिक्षा सचिव राकेश कंवर के पिता प्रो. बीएस कंवर के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। एक शिक्षक के रूप में उनका जीवन विद्वत्तापूर्ण रहा है। उनका विनम्र व्यक्तित्व, शिक्षा के प्रति समर्पण व समाजसेवा की भावना शिक्षा जगत और समाज दोनों के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। हिमाचल स्कूल प्रवक्ता संघ की ओर से संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी, राज्य महासचिव इंद्र सिंह, वित्त सचिव सुरजीत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, संघ के चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह, मुख्य प्रेस सचिव जय राम शर्मा और बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरेश, कुल्लू जिला अध्यक्ष राजपाल ठाकुर, मंडी जिला अध्यक्ष देवेंद्र, ऊना जिला अध्यक्ष शशि सैनी, सोलन जिला अध्यक्ष जिया लाल, कांगड़ा जिला अध्यक्ष सिकंदर, हमीरपुर जिला अध्यक्ष गौतम सिंह एवं जिला सिरमौर अध्यक्ष ईश्वर दास सहित कई सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### शिक्षा मंत्री रोहित ने निधन पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वरिष्ठ शिक्षाविद् और राजकीय महाविद्यालय संजौली के पूर्व प्राध्यापक प्रो. बीएस कंवर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री ने प्रो. कंवर को एक समर्पित और अनुशासित शिक्षक बताया, जिन्होंने राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय ज्ञान प्रदान किया।

### श्रीकृष्ण कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने श्री राम मंदिर, राम बाजार, शिमला में आयोजित होने वाली श्रीकृष्ण कथा के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली। भाजपा नेता संजय सूद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस यात्रा का शुभारंभ किया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वे नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे संदेशों वाले नारे लगा रहे थे। यात्रा श्री राम मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न हिस्सों से गुज़रते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। स्वामी धीरानंद ने बताया कि संस्थान सनातन धर्म के प्रचार के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

# एक्शन मोड में कुलपति, आधी रात को पुस्तकालय और छात्रावासों को जांचा

## आचार्य महावीर सिंह ने छात्रों से किया सीधा संवाद, समस्याओं को भी जाना

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य महावीर सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही विश्वविद्यालय परिसर में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए कमर कस ली है।

इसी कड़ी में उन्होंने देर रात 10:30 बजे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और विभिन्न छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर सभी को हैरान कर दिया। कुलपति के इस 'एक्शन मोड' ने जहां विश्वविद्यालय प्रशासन में मुस्तैदी का संदेश दिया है, वहीं छात्र समुदाय में भी इसे लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है। रात के सन्नाटे में जब अधिकांश लोग अपने घरों में आराम कर रहे थे। आचार्य महावीर सिंह अचानक विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय पहुंच गए। उन्होंने वहां अध्ययन कर रहे छात्रों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना।

कुलपति ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की संख्या, अध्ययन कक्षों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार उन्होंने पुस्तकालय कर्मचारियों से छात्रों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी उचित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। विशेष रूप से, महिला छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



### छात्रावासों में परखी सुरक्षा व सुविधाएं

**पुस्तकालय** के निरीक्षण के बाद कुलपति आचार्य महावीर सिंह ने विश्वविद्यालय के विभिन्न लड़कों और लड़कियों के छात्रावासों का भी दौरा किया। उन्होंने छात्रावासों में स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी की उपलब्धता और भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

## धरमौर में किसान गोष्ठी में किसानों ने जानी प्राकृतिक खेती की बारीकियां

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन विश्राम गृह धरमौर में मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पद्मश्री नेक राम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय चुनौतीपूर्ण है, अगर समय रहते मनुष्य ने प्रकृति के प्रति अपना व्यवहार न बदला तो विनाश होना संभव है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन को सहजने की बात भी कही। उन्होंने किसानों को घासवर्गीय अनाजों को उगाने के लिए भी प्रेरित किया।

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड कॉलेज नोगली का रिजल्ट शत-प्रतिशत

## तीसरे सेमेस्टर में जोगिंद्र ने झटके 91 .42 प्रतिशत अंक

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड प्रशिक्षण संस्थान नोगली (रामपुर बुशहर) के बीएड सत्र 2024-26 के प्रथम और 2023-25 के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। संस्थान का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। तीसरे सेमेस्टर में जोगिंद्र पाल ने 91.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम जान्हवी और कृतिका ने 90.85 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लोकेश ठाकुर, मनिषा कुमारी, मोनिका, अवंतिका ने 90.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 10 प्रशिक्षुओं ने 90 प्रतिशत से अधिक 170 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक व 18 छात्रों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। सर्वपल्ली राधा कृष्णन शिक्षण संस्थान नोगली में बीएड के प्रथम सेमेस्टर में देवांगी ने 81.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, लुकेश कुमार ने 81.14 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और प्रांजल ने 80.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा शेष छात्रों ने 70 प्रतिशत ऊपर अंक प्राप्त किए। संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं की इस उत्कृष्ट सफलता से संपूर्ण सर्वपल्ली संस्थान में खुशी की लहर है।



इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने संस्थान के प्रशिक्षु छात्र .छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार सफलता ने साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत अनुशासन व लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश शर्मा ने अपने संदेश में प्रशिक्षुओं की शानदार सफलता के लिए प्रशिक्षुओं तथा संस्थान के सभी अध्यापकों को बधाई दी। साथ ही उन्होंनें कहा कि संस्थान के प्रशिक्षुओं ने न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हमें गर्व है कि संस्थान के प्रशिक्षु हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। उन्होंने अपने संदेश में छात्रों से अपेक्षा की कि वे मेहनत व ईमानदारी से आगे बढ़ते रहे और समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जुब्बल-नावर-कोटखाई विस क्षेत्र में 3 नई सड़कों को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जुब्बल-नावर-कोटखाई** विस क्षेत्र में मंगलवार को ग्रामीण विकास को गति देते हुए तीन महत्वपूर्ण सड़क संपर्क मार्गों को सफलतापूर्वक पास कर दिया गया। ये सड़कें ग्राम पंचायत बढ़ाल और बरथाटा के निवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

इन स्वीकृत सड़कों में ग्राम पंचायत बढ़ाल की प्राइमरी स्कूल बनाना-पनेसरीधार सड़क और बटारगलु-पनेसरीधार सड़क संपर्क मार्ग शामिल हैं। इसके साथ ही, ग्राम पंचायत बरथाटा की डडोट से गांव सुंटा को जोड़ने वाली सड़क को भी मंजूरी मिली है।

स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि इन सड़कों से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। ये सड़कें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करेंगी और कृषि आधारित आजीविका को भी सशक्त बनाएंगी। इस अवसर पर एसडीएम गुरमीत नेगी, ग्राम पंचायत बढ़ाल के प्रधान कुलदीप पिरटा, ग्राम पंचायत बरथाटा के प्रधान गोपाल ठाकुर, हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग मंडल जुब्बल के एसडीओ, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### लोगों ने शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति मिली है। मंगलवार को ग्राम पंचायत बढ़ाड़ और बरथाटा में कुल तीन महत्वपूर्ण सड़क संपर्क मार्गों की सफल पासिंग हुई है। इन सड़कों में ग्राम पंचायत बढ़ाड़ की प्राइमरी स्कूल बनाना-पनेसरीधार सड़क और बटारगलु-पनेसरीधार सड़क, साथ ही ग्राम पंचायत बरथाटा की डडोट से गांव सुंटा को जोड़ने वाली सड़क शामिल हैं। ग्राम पंचायत बढ़ाड़ और बरथाटा के लोगों ने इन तीनों सड़कों के सफलतापूर्वक पास होने पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया है

# नंदपुर में बीजेपी को झटका, कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को आज उस समय और मजबूती मिली, जब जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत नंदपुर से भारतीय जनता पार्टी के कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। इन कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जन-केंद्रित कार्यशैली से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया।

मंगलवार को नंदपुर के रुहिल गांव से जुड़े भाजपा के प्रताप सोपटा, रजनीश डॉड, सुरेन्द्र सिथटा और सुनील घेजटा ने विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी अवसर पर, ग्राम पंचायत अंटी के घुड़मु गांव से संबंध रखने वाले जोगिंदर सिंह ने भी कांग्रेस पार्टी में 'घर वापसी' की, जो पहले पार्टी छोड़ चुके थे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी को आश्वस्त किया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और उनके योगदान को सराहा जाएगा।



- मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर थामा हाथ
- अंटी से भी एक कार्यकर्ता की घर वापसी

### ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिनमें राय सिंह चौहान, त्रिलोक चंद पूर्व उप प्रधान, ग्राम पंचायत अंटी, सुरेश दिल्टा, भोपिन्दर सोपटा, कानीश दिल्टा, ललित बाल्टू व अनिल शामिल थे। इन नेताओं की मौजूदगी ने नए कार्यकर्ताओं के उत्साह को और बढ़ाया।

# 56 करोड़ की लागत से बन रहा नंद नगराओं पुल सितंबर में होगा तैयार

## तीन जिलों कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी के लोगों का आवागमन होगा सुगम

**गोपाल कपिल, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल में 56 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा 387 मीटर लंबा नंद नगराओं पुल क्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम साबित होने जा रहा है। सितंबर, 2025 तक पूर्ण होने वाला यह पुल कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी जिलों के हजारों लोगों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा। यह परियोजना न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नंद नगराओं पुल के निर्माण से चंडीगढ़ और अन्य राज्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को लंबा सफर तय करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा में होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। यह पुल क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि और पर्यटन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। अधिशाषी अभियंता केके चौहान ने बताया कि 387 मीटर लंबे इस पुल का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। चार स्पैन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, और अब केवल 33 मीटर का एक स्पैन शेष है, जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सितंबर 2025 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस पुल के बनने से न केवल उनकी रोजमर्रा की जिंदगी आसान होगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन के नए अवसर भी खुलेंगे।नंद नगराओं पुल का निर्माण झंडूता उपमंडल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।



नंद नगराओं पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंचा।

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में तमन्ना प्रथम

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में 4 एचपी कंपनी एनसीसी हमीरपुर इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट तमन्ना ने प्रथम व एलसीपीएल ज्योति कमल एवं कैडेट शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी प्रो. राजीव शर्मा ने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण के महत्व बताया तथा कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण से जुडी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनसीसी हमीरपुर इकाई के कमांडिंग अफसर कर्नल एसएस रावत तथा महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।





एनसीसी कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया।

## कैंथ घाट सलोआ में लगाई शीतल जल की छबील

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**श्री** नयना देवी विधानसभा के तहत मकड़ी पंचायत के तहत शिवा शक्ति विकास समिति गांव थाना द्वारा कैंथ घाट सलोआ में शीतल जल की छबील लगाई गई। शिवा शक्ति विकास समिति गांव थाना के प्रधान चमन मन्हास ने बताया कि नयना देवी की ओर जा रहे श्रद्धालुओं एवं जनता के लिए ठंडे पानी की छबील और भंडारे लगाया गया।

चमन मन्हास ने कहा कि समिति का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना। खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखना।

ग्रामीण इलाकों में छिपी प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर उपप्रधान राम प्रकाश बग्गा, महासचिव जसवंत सिंह कोषाध्यक्ष राजेश कुमार,गोपी चंद, सुच्चा सिंह, प्रदीप राजपूत, मुकेश मन्हास ,विजय कुमार,माया प्रसाद, प्रेम सिंह मन्हास,सुरिंदर सिंह छिन्दा, लखविंदर सिंह, गुलशन कुमार, राजिंदर सिंह, भोला,अजय कुमार इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एथलेटिक्स स्पर्धा में गुरबाणी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश एथलेटिक्स संघ की ओर से लुहणू खेल परिसर बिलासपुर में राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के युवा एथलीटों ने भाग लिया। सब जूनियर कैटेगरी में बिलासपुर के डियारा सेक्टर की 9 वर्षीय गुरबाणी ने 30 मीटर स्प्रिंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। समापन समारोह में अर्जुन अवॉर्डी सुमन रावत ने गुरबाणी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खेल अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने गुरबाणी की सराहना करते हुए उसे भविष्य की धाविका करार दिया। गुरबाणी की इस उपलब्धि से परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।



## मजारी में 340 ग्राम चूरा पोस्त बरामद

**अनंत ज्ञान, नयना देवी ।** थाना कोट पुलिस ने मजारी में एक व्यक्ति से गश्त के दौरान 340 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपी की पहचान तेजपाल सिंह निवासी महैण डाकघर खमेडा तहसील आनंदपुर साहिब जिला रोपड़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम मुख्य आरक्षी कुशल कुमार की अगुवाई में गश्त कर रही थी। एक व्यक्ति को पैदल पुल से मजारी की तरफ जाते हुए देखा गया, जो पुलिस टीम को देखकर जल्दी-जल्दी चलने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उस व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी ली, जिसमें 340 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मंत्री धर्माणी ने 58 दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को बांटे सहायक उपकरण



दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करते मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**राजकीय** संस्कृत महाविद्यालय डंगार में वयोश्री योजना, एडीप योजना तथा स्पर्श कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और एलिम्को के संयुक्त सौजन्य से विशेष सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने बरोटा, डंगार, भराड़ी, दधोल और छत पंचायतों के 58 दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, एकल महिलाओं और अनाथ बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सामाजिक न्याय और मानवीय करुणा की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस दौरान 23 लोगों को व्हीलचेयर, 30 को श्रवण यंत्र (कान की मशीन), 40 को कमोड चेयर, 45 को सपोर्ट बेल्ट और 45 वरिष्ठ नागरिकों को चलने के लिए छड़ी वितरित की गई। इसके अलावा लाभार्थियों को ट्राईपॉड, वॉकर, स्पाइन सपोर्ट, एलएस बेल्ट और कृत्रिम अंग जैसी आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई। इस मौके पर एसडीएम गौरव चौधरी, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अमित कुमार, एलिम्को की ओर से शिवानी आदि उपस्थित रहे।

**बैठक** जिला स्वास्थ्य विभाग की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं पर मंथन

# कमियों को दूर करें अधिकारी: डॉ. शशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक ट्रॉमा हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने की। इस बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य खंडों मारकंड, घुमारवीं, श्री नयना देवी व झंडूत्ता की एमएमआईएस रिपोर्ट तथा विभाग की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा और मूल्यांकन किया गया।

बैठक के दौरान गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति जिसमें बीसीजी, ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस बी, पैंटा थर्ड, एमआर और डीपीटी बूस्टर डोज का विश्लेषण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी खंड अधिकारियों और कर्मचारियों को कमियों को दूर करने और प्रगति में सुधार लाने के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परवींद्र सिंह ने आरसीएच पोर्टल और आरकेएसके कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त, एनपी-एनसीडी (गैर संचारी रोग) सेवाओं की स्थिति का भी जिला स्तर पर आकलन किया गया और उसमें पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। डॉ. एकता ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की रिपोर्ट पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा करते हुए कहा कि हर गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर उसका उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग आवश्यक है। इस संदर्भ में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, हेल्थ एजुकेटर, हेल्थ सुपरवाइजर, ब्लॉक अकाउंटेंट एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और विभिन्न योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना रहा।





बिलासपुर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त।

## अभिषेक सोनी को मिली प्राइम वॉलीबाल लीग के टॉप-14 प्लेइंग स्क्वाड में जगह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**ग्रामीण** क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करने के उद्देश्य से चेतना संस्था बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित कहलूर वॉलीबाल प्रतियोगिता के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। फरवरी माह में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए अभिषेक सोनी ने बड़ा मुकाम हासिल किया है।

अभिषेक का अब प्राइम वॉलीबाल लीग के टॉप-14 प्लेइंग स्क्वाड में चयन हुआ है। अभिषेक ने इसका श्रेय चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा व उनकी टीम को दिया है।

उधर, चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने प्राइम वॉलीबाल लीग के टॉप-14 प्लेइंग स्क्वाड में चयन पर अभिषेक सोनी को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि अभिषेक अपनी मेहनत और लगन से यहां तक पहुंचे हैं। वह निश्चित तौर पर इससे भी बड़ा मुकाम हासिल करेंगे। उनकी सफलता अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे नशे व अन्य बुरी आदतों से दूर रहते हुए अपनी ऊर्जा खेलों के मैदान में लगाकर नई बुलंदियां हासिल करें। इसके लिए चेतना संस्था की ओर से उनकी हरसंभव मदद की जाएगी।



अभिषेक का प्राइम वॉलीबाल लीग में चयन पर दी शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी सरकार के 11 वर्षः विकास और जन कल्याण की मिसाल : डॉ. राजीव सैजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल ने ठियोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में भारत ने आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक न्याय और सुशासन के क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की है। डॉ. सैजल ने मोदी सरकार को विकास की विचारधारा का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 22.8 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन, 150 से अधिक देशों को मुफ्त कोविड वैक्सीन आपूर्ति, और आयुष्मान भारत योजना से 3 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया। गरीब कल्याण की दिशा में, डॉ. सैजल ने 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान, और 10 करोड़ मुफ्त गैस कनेक्शन को बड़ी सफलता बताया। इस अवसर पर ठियोग विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अजय श्याम , मंडल अध्यक्ष ठियोग दुनी चंद कश्यप, मंडल महामंत्री राम कृष्ण मदराडी, मंडल उपाध्यक्ष रमेश हेटा, भी उपस्थित रहे।

### जवोठ गांव की महिला पर हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत सुलपुर जवोठ के गांव जवोठ की सकुंतला देवी (50) पत्नी लेखराज ने थाना हटली में शिकायत दर्ज करवाई है कि मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जब वह अपने आंगन में झाड़ू लगा रही थीं और गली में रखे पत्थरों को ठीक कर रही थीं, तभी व्यासा देवी पत्नी कर्म चंद ने आकर गाली-गलौच शुरू कर दी और पत्थरों को न उठाने की धमकी दी। जब सकुंतला देवी अपने घर जाने लगीं तो व्यासा देवी ने रास्ता रोककर सरिए के टुकड़े से हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथों में चोटें आईं और खून बहा। शोर सुनकर उनका बेटा मौके पर पहुंचा और उन्हें घर ले गया। सकुंतला देवी ने मेडिकल जांच की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई रमेश को सौंपी गई है।

### शीतला माता मंदिर में जागरण व भंडारा 14 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर के सुप्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में 14 जून को एक भव्य धार्मिक जागरण ओर भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। इस दिन शीतला माता जागरण समिति द्वारा विशाल जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की उम्मीद है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा। जागरण में रात भर भजन-कीर्तन किया जायेगा जिसमें हिमाचल के सुप्रसिद्ध कलाकार ममता भारद्वाज और इसी भारद्वाज द्वारा माता का गुणगान किया जाएगा।

### कबीर साहेब के भजनों का किया गुणगान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सतगुरू कबीर साहेब के 627 वें प्रकट दिवस का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। जिला मंडी के टारना हिल में स्थित कबीर मंदिर के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय सत्संग समारोह की शुरुआत भव्य शोभा यात्रा से हुई। कबीर मंदिर पुलघाराट मंडी में निशान साहेब की पूजा-अर्चना कर धवजारोहन से की गई। दोपहर बाद कबीर मंदिर पुलघाराट से कबीर मंदिर टारना के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों भक्तों द्वारा कबीर साहेब के भजनों का गुणगान कर इलाके को भक्ति के रश से भाव विभोर कर दिया। जानकारी देते हुए कबीर मंदिर टारना के प्रधान रूप सिंह कौंडल ने कहा कि दो दिवसीय कबीर प्रकट दिवस को हर साल की भांति इस वर्ष भी बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। परम पूज्य गुरुदेव गुरुदयाल साहेब जी के अगुवाई में कबीर साहेब की शोभायात्रा निकाली गई। शाम को यह यात्रा टारना में संपन्न की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को सुबह झंडा साहेब की रसम अदा कर उपस्थित संत महापूरूषों द्वारा जीवन कलयान के लिए आशीर्वचन प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर डेरा बस्सी से पधारे गुरुदेव गुरुदयाल साहेब जी, छतीसगढ़ से डॉ रोहित साहेब, रुकूंदीपुर से धीरज साहेब, बाराबंकी से गोपाल साहेब अमृत वर्षा कर सांगत को निहाल करेंगे। इस अवसर पर कबीर मंदिर टारना मंडी, पुलघाराट, हराबाग जोगिंद्रनगर, दान बग्गी की सैकड़ो संगत मौजूद रही।

### एचपीयू में एबीवीपी ने बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय विद्यार्थी परिषद की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर विश्वविद्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में पर्याप्त बसों की उपलब्धता, गैर-शिक्षक पदों पर भर्तियां, छात्र संघ चुनाव की बहाली और नए छात्रावासों के निर्माण की मांग की। एबीवीपी इकाई उपाध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने बताया कि विश्वविद्यालय में लगभग 7-8 हजार छात्र पढ़ते हैं, लेकिन केवल तीन बसें सेवा में हैं, जिससे छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गैर-शिक्षक कर्मचारियों की कमी के कारण प्रशासनिक कार्यों में होने वाली देरी पर भी चिंता व्यक्त की और जल्द भर्ती की मांग की।

### एनटीटी शिक्षकों के इंटरव्यू अब 15 जून को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला में एनटीटी शिक्षकों की आउटसोर्स पर भर्ती के लिए इंटरव्यू आगामी 15 जून को मैसर्ज टाइकून कंपनी द्वारा छैला के समीप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगैन में रखे गए हैं । जबकि इससे पहले यह भर्ती 12 जून को संजौली स्थित टाईकून एचआर सोल्यूशन कंपनी के कार्यालय में रखी गई थी। जिस बारे टाईकून कंपनी द्वारा शुद्धिपत्र जारी कर दिया गया है । जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शिमला जिला के दस ब्लॉक में आउट सोरस आधार पर एनटीटी शिक्षक भर्ती किए जाएंगे। जिसमें चैहारा ब्लॉक में 18, चैपाल में 20, देहा में 17, डोडराक्वार में तीन, जुब्बल ब्लॉक में 20, कुसुपंटी ब्लॉक में 23, कोटखाई में 21, कुमारसेन में 25, मशोबरा में 28 ओर मतियाना ब्लॉक में 15 एनटीटी शिक्षक रखे जाएंगे।

# इंडोर स्टेडियम के निर्माण में खर्च होंगे 11.12 करोड़ : नीरज नैय्यर

## विधायक ने बारगाह में किया स्टेडियम का भूमि-पूजन, खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधायक नीरज नैय्यर ने मंगलवार को बारगाह में 11.12 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह इंडोर स्टेडियम बहु मंजिला होगा जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर स्विमिंग पुल स्विमिंग पूल, लिफ्ट, पहली मंजिल पर बॉक्सिंग रिंग, जिमनेज़ियम, कोच रूम तथा दूसरी मंजिल पर बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस हॉल, कोच रूम आदि शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि उक्त स्टेडियम के निर्मित होने के पश्चात जिला के समस्त खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि



बारगाह में विधायक नीरज नैय्यर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

विधानसभा क्षेत्र चम्बा के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण-4 के तहत विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली 17 सड़कों को स्वीकृति मिल चुकी है जिनकी विभागीय औपचारिकता जल्द पूर्ण कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण-3 के तहत चम्बा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न 71.5 किलोमीटर लंबे संपर्क सड़क मार्गों का उन्नयन कार्य प्रति पर है जिस पर 79 करोड़ 32 लाख की धनराशि खर्च की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 26 नई सड़कों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है जिसमें से कुछ का काम पूर्ण कर लिया गया है शेष बची सभी सड़कों का निर्माण कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि नाबार्ड के तहत कुछ सड़कों के चौडीकरण, मेटलिंग और टारिंग के कार्य के लिए 15 करोड़ 39 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई, जिसमें कोहलड़ी से तलाई, कांदू से निचला पंजोह, कांदू से अपर पंजोह तथा चम्बा मलोन से कठना सड़क शामिल है।

उन्होंने कहा कि चंबा में लघु सचिवालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिस पर 35 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च की जा रहे हैं जिसके लिए उन्होंने सीएम सुक्खू का आभार जताया है।

कार्यक्रम में , ज़िला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# फसलों की बीमारियों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से करें संपर्क

अनंत ज्ञान, चंबा

**विधायक ने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का किया आग्रह**

**कृषि** विज्ञान केंद्र सरू चंबा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत भनौता, पंजोह, चीलबंगला में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने शिरकत की और किसानों को अपने खेतों में अच्छे बीज और फसलों को अपनाने का आह्वान किया।

विधायक नीरज नैयर ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे कि फसल बीमा और बीज सब्सिडी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे फसलों में आने वाली बीमारियों के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क करें और उचित मार्गदर्शन प्राप्त करें। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर धर्मेश कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत बीजों के प्रयोग की जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत क्षेत्रीय स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है ताकि किसानों को अपनी फसलों के उत्पादन, मुद्रा, स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन में सुधार करने में मदद मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिला मंडल, सेल्फ हेल्प ग्रुप और विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। हॉर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉक्टर जया ने भी किसानों को जागरूक किया व उन्हें फसलों के बेहतर प्रबंधन के लिए जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड चंबा द्वारा किया गया था और इसका उद्देश्य किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लाभान्वित करना था।

# अनूप कुमार का ऑफिसर रैंक के लिए चयन, क्षेत्रवासियों में खुशी

अनंत ज्ञान, भरमौर

**जनजातीय** क्षेत्र भरमौर के गरोला निवासी अनूप कुमार का आर्मी कैडेट कॉलेज में ऑफिसर रैंक के लिए चयन होने से पूरी क्षेत्र में खुशी की लहर है। इससे पहले 29 मार्च 2019 को अनूप कुमार का इंडियन आर्मी में एनरोलमेंट हुआ और अप्रैल 2020 में डोगरा स्काउट्स में उन्होंने ज्वाइन किया। आर्मी कैडेट कॉलेज में उन्होंने 2022 में एसीसी के लिए पहली बार अटेंप्ट किया और इस बार वह इसमें चयनित नहीं हो पाए। बावजूद इसके उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और दूसरी बार उन्होंने वर्ष 2023 में सेकंड अटेम्प्ट दिया और एसएसबी बोर्ड से सेकंड स्टेज में बाहर हो गए।



अनूप कुमार का कहना है की तीसरी बार उन्होंने जून 2024 में रिटन टेस्ट दिया और उसमें वह उतरन हो गए 23 जून को फाइनल रिजल्ट आने के बाद अब वह जुलाई से आईएमए इंडियन मिलिट्री अकादमी में ट्रेनिंग शुरू करेंगे। इससे पहले अनूप कुमार 6 साल तक डोगरा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अनूप कुमार ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व कमांडिंग ऑफिसर और उन सभी लोगों को दिया है जिन्होंने उसके इस उद्देश्य को पूर्ण करने में उसे हिम्मत और हौसला दिया।

अनूप कुमार की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है अपनी इस उपलब्धि पर अनूप कुमार ने कहा है कि इरादे नेक और लक्ष्य को प्राप्त करने की जिद हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है उन्होंने युवाओं से भी कड़ी मेहनत और लक्ष्य प्राप्त करने तक हार न मानने की अपील की है। अनूप कुमार के पिता पीडब्ल्यूडी में कार्यरत है अनूप कुमार की प्रारंभिक शिक्षा उसके स्थानीय गांव गरोला के एक निजी स्कूलों में हुई है।

### बच्चों ने पंजाबी भाषा को सीखा व समझा

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करने के लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में 2 से 10 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि इस आयोजन के अंतर्गत विद्यालय ने पड़ोसी राज्य पंजाब की क्षेत्रीय बोली 'पंजाबी' को चुना, जिसे छात्र-छात्राओं ने पूरे मनोयोग से सीखा, समझा और प्रस्तुत किया। शिविर का उद्देश्य छात्रों में विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि, सम्मान एवं सौहार्द की भावना का विकास करना था। पूरे सप्ताह विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को 22 अनुसूचित भाषाओं से संबंधित ज्ञान, बोली-ठाली, लोक कला, व्यंजन, नृत्य, संगीत, एवं संस्कृति से अवगत कराया गया। शिविर की शुरुआत को कुशल व्यवहार, सामान्य बोलचाल, अभिवादन, संबोधन आदि के अभ्यास से हुई। भारतीय भाषाओं के विविध रूपों पर आधारित संगोष्ठी और पारंपरिक जीवन शैली पर संवाद सत्र आयोजित किया गया।

# चपरासी के सहारे चल रही पीएचसी गरोला

## डेपुटेशन पर फार्मासिस्ट को भेज कर चलाया जा रहा है काम

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर की पीएचसी गरोला मात्र चपरासी के सहारे ही चल रही है। पिछले कई दिनों से यहां पर तैनात डॉक्टर का डेपुटेशन के आधार पर भरमौर बुला लेने के बाद लोगों का स्वास्थ्य भी राम भरोसे ही चल रहा है। यहां पर फार्मा सिस्टम को डेपुटेशन के आधार पर लोगों की सेहत जांची जा रही है।

पेशे से डॉक्टर एवं विधायक भरमौर के विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से चरमरा गई है। तहसील हेड क्वार्टर की सुविधाओं के मध्य नजर यहां पर गांव देहात के स्वास्थ्य को ताक पर रखकर डॉक्टर को डेपुटेशन के आधार पर भरमौर बुलाया जा रहा है। जिसके कारण जनजातीय क्षेत्र के गांव व देहात की स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से चरमरा गई है। स्टाफ के अभाव के चलते यहां पर कई पीएचसी वह सब सेंटर बिना डॉक्टर के सहारे ही चल रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरोला में तैनात डॉक्टर को डेपुटेशन के आधार पर पर भरमौर बुला लेने के बाद यहां पर करीब आधा दर्जन पंचायतों का स्वास्थ्य राम भरोसे ही चल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्टाफ की कमी के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गांव में लोगों का स्वास्थ्य राम भरोसे हो गया है और लोगों में सरकार के प्रति खासा रोष है।

हालांकि पिछले दिनों भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रहे रिक्त पदों को लेकर अदालत में भी केस दायर किया था। जिसको लेकर अदालत ने 17 जून तक 50 फीसदी पदों को हर हालत में भरने का निर्देश हिमाचल सरकार को दिया था। लेकिन बावजूद इसके यहां पर गांव देहात में तैनात डॉक्टरों को डेपुटेशन के आधार पर तहसील मुख्यालय बुलाने पर लोगों ने कड़ा एतराज जताया है। यहां के लोगों का कहना है कि अगर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं करवा सकते हैं तो यहां पर खोले संस्थाओं को भी भरमौर ले जाए।

उधर, इस विषय पर बीएमओ भरमौर डॉक्टर शिवराज का कहना है कि यहां पर कैंप लगने की वजह से डॉक्टर को डेपुटेशनक आधार पर बुलाया गया है और गरोला में फार्मासिस्ट को डेपुटेशन के आधार पर भेजा जा रहा है।

### सरकार से मांग, जल्द भरे जाएं रिक्त पद : शर्मा

**जनजातीय** सलाहकार समिति सदस्य एवं उप प्रधान ग्राम पंचायत हेम सिंह कालरा उलांसा पंचायत समिति सदस्य गरोला पवन शर्मा ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर रिक्त पड़े पदों को भरा जाए ताकि ग्रामीण लोगों को इलाज के लिए दर-दर न भटकना पड़े। गौरतलब है जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पिछले कई सालों से कई जगह स्टाफ ना होने के चलते स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से चरमराई हुई है। जिसका खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# सभी विभाग बिना उपयोग वाले भवनों का एक माह में दें ब्यौरा

## विधानसभा की लोक लेखा समिति ने किलाड़ में की समीक्षा बैठक, विभिन्न एजेंडो पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, चंबा



किलाड़ में विधानसभा की लोक लेखा समिति की समीक्षा बैठक करते हुए सभापति।

**प्रदेश** विधानसभा की लोक लेखा समिति द्वारा सोमवार को पुस्तकालय भवन किलाड़ में समिति के सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य केवल सिंह पठानिया उप-मुख्य सचेतक, विधायक डॉ. हंस राज, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेंद्र राजन और कैप्टन रंजीत सिंह उपस्थित रहे। लोक लेखा समिति ने लंबित ऑडिट पैराज की समीक्षा की और विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समिति ने बैठक में विभिन्न एजेंडो पर चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा बनाए गए ऐसे भवन जिनका वर्तमान में उपयोग नहीं किया जा रहा है के बारे में एक माह के भीतर पूरा ब्यौरा मांगा। इसके अलावा साच पास मार्ग पर अब तक हुए कुल खर्चे का ब्यौरा भी एक माह में उपलब्ध करवाने बारे भी समिति द्वारा निर्देश दिए गए। बैठक में वन विभाग, स्वास्थ्य, जल शक्ति व शिक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित ऑडिट पैराज पर विस्तृत चर्चा की गई। लोक लेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा ने कहा कि पांगी घाटी प्रदेश का सर्वाधिक दुर्गम क्षेत्र है जहां आज भी बिजली, सड़क, शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम करने कि आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि समिति पांगी घाटी की समस्याओं से संबंधित मुद्दों को सरकार के समक्ष रखेगी। इसके अतिरिक्त समिति पाई गई कमियों का कड़ा संज्ञान लेगी व सरकार के समक्ष रखेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा विकास योजनाओं के लिए जारी धनराशि निर्धारित समय अवधि में खर्च हो ताकि क्षेत्रवासियों को यथाशीघ्र योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जो कार्य 80 प्रतिशत हो चुके हैं उनकी जानकारी अपने क्षेत्र के विधायक के माध्यम से सरकार तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने समिति के सभापति व सभी सदस्यों का विधिवत स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया तथा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने के लिए प्रतिभा सिंह ही उपयुक्त : दिनेश

अनंत ज्ञान, भरमौर

**कांग्रेस** हाईकमान को प्रदेश के लिए प्रतिभा सिंह को ही प्रदेशाध्यक्ष पद पर पुन: कार्य करने के लिए अधिसूचित करना चाहिए। जिसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को एक ही नाम प्रतिभा सिंह पूर्व सांसद का प्रस्तावित करना चाहिए। इससे कांग्रेस संगठन को हिमाचल मे बल मिलेगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के समन्वयक व हिमाचल किसान कांग्रेस जिला चंबा के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रदेश कांग्रेस के साथ-साथ समस्त जिला व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणियों का गठन न हो पाना पार्टी कार्यकर्ताओं को मायूस व सुस्त करने वाला कदम बना है, जबकि प्रदेश में पंचायत व शहरी निकायों के आम चुनाव के लिए छह माह का ही समय शेष बचा है। इसीलिए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से आग्रह किया है कि कांग्रेस की प्रदेश स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक सभी कार्यकारिणीयों का गठन कर सक्रिय कार्य कर्ताओ को समय वद्ध कार्य देकर अधिमान दे ताकि पंचायत व शहरी निकाय चुनावों मे कांग्रेस बढ़त प्राप्त करे और मौजूद समय मे श्री मति प्रतिभा सिंह से बेहतर कोई प्रदेशाध्यक्ष के लिए विकल्प नही जो पूरे प्रदेश मे कार्यकर्ताओं को एकजुट रख सके।

### सूडोकु नवताल- 7456 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7455 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 11 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** पूर्णिमा (13:11) : **नक्षत्र** ज्येष्ठा (20:01), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : साध्य (13:53), अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:13-13:53)।

**विशेष दिन**

- 11 जून 2025: सत्य पूर्णिमा व्रत आज।
- 11 जून 2025: वट सावित्री व्रत का पारण आज।

**मेषः** आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। धन संबंधित मामलों में आपको अपनी आंखें और कान खुले रखने होंगे। खानपान में लापरवाही न करें।

**वृषः** आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में धन अत्यधिक मात्रा में न मिलने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लेनदेन के मामलों में आंखें व कान खुले रखें।

**कर्कः** आपको अपने मन पर काबू रखना होगा। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात हो सकती है। आपका कोई काम आज बिगड़ने से बॉस से लड़ाई-झगड़ा हो सकता है।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। तकनीकी क्षेत्रों में आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में विशेषज्ञों से सलाह लेनी होगी। आप अपने कामों में कोई लापरवाही न करें।

**तुलाः** आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उनके बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं, जिनको लेकर आपको जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलना होगा।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर संशय बना है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**कुंभः** पारिवारिक मामले आपके लिए समस्या बन सकते हैं। जीवनसाथी आपके कामों में कंधे से कंधा मिलाकर पूरा साथ देंगे। शौक की चीजों पर भी आप धन खर्च कर सकते हैं।

**मीनः** आज आपको यदि किसी काम को लेकर तनाव था, तो वह भी दूर होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, कुछ नया करने का भी मौका मिलेगा।

# आईटीआई प्रशिक्षुओं को ब्राइडल मेकअप लुक्स के बारे में बताया

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**फेमिना** फ्लॉन्ट अकादमी मोहाली ने हाल ही में आईटीआई जोगिंद्रनगर की कॉस्मेटोलॉजी विभाग की प्रशिक्षुओं के लिए एक विशेष ब्राइडल मेकअप डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अकादमी के एग्जीक्यूटिव हेड मोनिका महाजन व मेकअप आर्टिस्ट सर्वजीत ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के ब्राइडल मेकअप लुक्स के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें व्यावहारिक रूप से सिखाया।

इस अवसर पर, उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि कैसे एक दुल्हन के लिए सही मेकअप लुक चुनना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के मेकअप उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिससे प्रशिक्षुओं को अपने कौशल में सुधार करने में मदद मिली। आईटीआई जोगिंद्रनगर के कॉस्मेटोलॉजी विभाग के छात्रों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञों से कई सवाल पूछे। छात्रों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी हैं और उन्हें अपने भविष्य में सफल कॉस्मेटोलॉजिस्ट बनने में मदद करेंगे।

फेमिना फ्लॉन्ट एकेडमी के एग्जीक्यूटिव हेड ने कहा कि उनकी एकेडमी का उद्देश्य युवाओं को कॉस्मेटोलॉजी के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना और उन्हें उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से वे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने बताया की उनकी अकादमी नए प्रशिक्षुओं को अपनी अकादमी में उन्नत पाठ्यक्रम देती है जिसकी शुरुआती कोर्स की फीस 5000 रुपए है। इस कार्यक्रम के आयोजन से आईटीआई जोगिंद्रनगर के कॉस्मेटोलॉजी विभाग के छात्रों को बहुत लाभ हुआ और उन्हें अपने कौशल में सुधार करने का अवसर मिला।

### भंजराड़ू व तीसा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, तीसा।** विद्युत उपमंडल तीसा के आधीन 33/11केवी विद्युत उप केंद्र नकरोड़ में आवश्यक रख-रखाव कार्य के लिए 12 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य सुबह 9 बजे से सांय 6 बजे तक या कार्य की समाप्ति तक चलेगा। विद्युत उप केंद्र नकरोड़ के अधीन आने वाले 11केवी भंजराड़ू फीडर, तीसा फीडर, चांजू फीडर, आईए एनर्जी फीडर और टिकरी फीडर पूर्णत: बंद रहेंगे, जिसके कारण भराडा, चांजू, तीसा, टिकरी, चीह, खुमास और भंजराड़ू से सम्बंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



अनंत ज्ञान, मंडी। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर एकादश रूद्र मंदिर घाट पर व्यास आरती करते हुए स्वामी सत सुंदरम व श्रद्धालुगण


**कार्यालय ग्राम पंचायत दोदरा**

विकास खंड प्रागपुर, तह. डाडा सीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दोदरा विकास खंड प्रागपुर, जिला कांगड़ा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निमार्ण कार्यों हेतु निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से निमार्ण सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद लिफाफों में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्री की आवश्यकता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रेता क्रैशर | Per Cubic | 10. | शटरिंग लकड़ी | प्रति वर्ग फुट |
| 2. | रेता धुला | Per Cubic | 11. | सरिया 8,10,12 एमएम | प्रति किलो |
| 3. | रेता स्टोन डस्ट | Per Cubic | 12. | लोकल चक्कर | प्रति चक्कर |
| 4. | क्रैशर बजरी10,20,40एमएम | Per Cubic | 13. | मिक्कर मशीन तेल सहित | प्रति दिन |
| 5. | पत्थर लोकल | Per Cubic | 14. | सीमेंट किराया ढलियारा से दोदरा तक | प्रति बैग |
| 6. | पत्थर तोड़वां | Per Cubic | | | |
| 7. | पत्थर दरयाई | Per Cubic | 15. | पानी टैंक | प्रति टैंक |
| 8. | पक्की ईंट | प्रति ईंट | 16. | टैंक स्टैंड | प्रति दिन |
| 9. | शटरिंग स्टील | प्रति वर्ग फुट | 17. | जेसीबी मशीन | प्रति घंटा |

**निविदा नियम व शर्तें:-** 1. निदिएं बंद लिफाफे में दिनांक 17/06/25 तक ग्राम पंचायत दोदरा में जमा करवा दें। 2. निविदाएं दिनांक 18/06/25 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय दोदरा में आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। 3. किसी भी आपूर्तिकर्ता को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा। 4. धरोहर राशि 5000/-रू. पंचायत सचिव दोदरा के पास जमा करवानी होगी। जिसे 31/03/26 को उसी आपूर्तिकर्ता को वापिस कर दिया जाएगा। 5. आपूर्तिकर्ता जब भी ग्राम पंचायत में सामग्री को आपूर्ति करेगा उस समय उसे HP-Mineral Rate-2015 के अंतर्गत जारी X और M फार्म जमा करवाने होंगे।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दोदरा**

**विकास खंड प्रागपुर, तह. डाडा सीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, बागेश्वरी शर्मा** (32 वर्ष) पत्नी श्री आदित्य शर्मा निवासी गांव व डाकघर मटरू, तहसील जोगिन्द्रनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मैं अपने सभी दस्तावेजों में अपना नाम बागेश्वरी सिंह से बदलकर बागेश्वरी शर्मा करना चाहती हूं। अत: भविष्य में मुझे बागेश्वरी शर्मा के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, अक्षय भट्ट,** वीपीओ- डुहकी, डरोह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176092, घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी का नाम वर्तमान में 'आयत भट्ट' के रूप में गलत लिखा गया है, जो कि गलत है। मेरा निर्णय उसका नाम 'अद्रिजा भट्ट' में सुधार करना है, जो कि सही वर्तनी है। तथा मेरी बेटी का नाम 'अद्रिजा भट्ट' रहेगा। यह सभी को सूचित किया जाता है।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, सुरिंदर कुमार,** वीपीओ- फ्रेड, कंडी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, मैं घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे का नाम वर्तमान में 'RISHAV' के रूप में गलत लिखा गया है, जो कि गलत है। मैं उसका नाम 'RISHABH' में सुधार करना चाहता हूं, जो कि सही वर्तनी है। यह सभी को सूचित किया जाता है।

कभी भी किसी की उपेक्षा न करें और न ही घृणा की दृष्टि से देखें, सभी के साथ प्रेम और करुणा का व्यवहार करें। –रामप्रसाद बिस्मिल

## संपादकीय

# पर्यटन और आर्थिक संभावना

देवभूमि हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी में पर्यटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने सत्ता संभालते ही पर्यटन को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है, क्योंकि यह न केवल रोजगार के अवसर पैदा करता है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करता है। इसी क्रम में शिपकी-ला दर्रे को पर्यटन के लिए खोलना एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है। शिपकी-ला दर्रा किन्नौर जिले में स्थित है और यह भारत-चीन सीमा पर पड़ता है। यह दर्रा वर्षों से सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन अब इसे बॉर्डर टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू का मानना है कि इस दर्रे को खोलकर न केवल किन्नौर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र राज्य के पर्यटन नक्शे पर प्रमुख स्थान भी प्राप्त करेगा। पहले किन्नौर में सीमित संख्या में ही पर्यटक आते थे।

खतरनाक सड़कों और सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यह इलाका पर्यटकों के लिए अपेक्षाकृत कठिन माना जाता था, लेकिन अब जब शिपकी-ला दर्रा पर्यटन के लिए खुल गया है, तो यह उम्मीद की जा रही है कि यहां पर्यटन गतिविधियां नए स्तर पर पहुंचेंगी। शिपकी-ला दर्रे के खुलने के साथ एक और महत्वपूर्ण पहल यह है कि यहां से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने की योजना है। मुख्यमंत्री सुक्खू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय में अनुरोध करने जा रहे हैं। यदि यह मार्ग वाकई स्वीकृत हो जाता है, तो इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हिमाचल प्रदेश को भी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक मानचित्र पर एक विशेष स्थान प्राप्त होगा। वर्तमान में कैलाश मानसरोवर यात्रा नेपाल या सिक्किम होते हुए की जाती है, लेकिन शिपकी-ला मार्ग से यह यात्रा अधिक सुगम हो सकती है। यह मार्ग ऐतिहासिक रूप से व्यापारिक रहा है और पहले यहां से लोग घोड़ों के जरिए कैलाश तक की यात्रा करते थे, जिसमें लगभग 15 दिन लगते थे। अब यदि आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाती हैं तो यह यात्रा और भी सुविधाजनक बन सकती है।

बॉर्डर टूरिज्म एक संवेदनशील विषय है, विशेषकर जब मामला चीन जैसे देश से जुड़ा हो। शिपकी-ला दर्रे के खुलने से एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन जाएगा। इसलिए केंद्र सरकार की भूमिका भी इसमें अहम होगी। सीमा सुरक्षा के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए, सीमित संख्या में पर्यटकों को अनुमति देना और उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखना आवश्यक होगा। यह एक ऐसा कदम है जिसमें पर्यटन और सुरक्षा दोनों का संतुलन साधना अनिवार्य है। यदि यह पहल सफल होती है तो यह देश के अन्य सीमावर्ती राज्यों के लिए भी एक मिसाल बन सकती है। पर्यटन का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि यह स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है। किन्नौर जैसे दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित होते हैं। शिपकी-ला दर्रे के खुलने से होटल, होमस्टे, गाइड, ट्रांसपोर्ट, खानपान और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी, जिससे छोटे उद्यमों को बल मिलेगा।

शिपकी-ला दर्रा न केवल धार्मिक और पर्यटन दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारत-तिब्बत व्यापार की पुरानी परंपरा को भी पुनर्जीवित कर सकता है। एक समय था जब इस मार्ग से भारत से तिब्बत को कई वस्तुएं निर्यात की जाती थीं, जैसे कृषि उपकरण, कंबल, कॉपर उत्पाद, साइकिल, चाय, सूखे मेवे, मसाले, तंबाकू और जूते। बदले में तिब्बत से यहां ऊन, पश्मीना, नमक, मक्खन, सिल्क और जड़ी-बूटियों से बनी दवाएं लाई जाती थीं। अगर भारत और चीन के बीच कूटनीतिक समझ बनती है और व्यापारिक अनुमति मिलती है, तो यह रास्ता फिर से जीवंत हो सकता है। इससे सीमावर्ती गांवों को भी आर्थिक रूप से लाभ होगा। हालांकि यह पहल प्रशंसनीय है, लेकिन इसका क्रियान्वयन चीन की स्वीकृति पर निर्भर करता है। चीन तिब्बत को अपने अधिकार क्षेत्र में मानता है और वहां पर भारत की किसी भी गतिविधि को संदेह की दृष्टि से देखता है। इसके अतिरिक्त, तिब्बत के प्रमुख नेता दलाई लामा धर्मशाला में निर्वासन का जीवन जी रहे हैं, जो चीन को असहज करता है।

ऐसे में शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से मानसरोवर यात्रा और भारत-तिब्बत व्यापार की बहाली की राह आसान नहीं होगी। इसमें कूटनीतिक स्तर पर प्रयास और रणनीतिक धैर्य की आवश्यकता होगी। भारत को अपने हितों को सुरक्षित रखते हुए चीन से संवाद की पहल करनी होगी। बहरहाल, शिपकी-ला दर्रे को पर्यटन के लिए खोलना हिमाचल प्रदेश की ओर से एक साहसिक और दूरदर्शी पहल है। इससे न केवल राज्य के पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महान स्वतंत्रता सेनानी



राम प्रसाद 'बिस्मिल'
जन्म : 11 जून, 1897
मृत्यु : 19 दिसंबर, 1927

राम प्रसाद 'बिस्मिल' भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाविद् व साहित्यकार भी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। 'बिस्मिल' किसी परिचय के मोहताज नहीं। उनके लिखे 'सरफरोशी की तमन्ना' जैसे अमर गीत ने हर भारतीय के दिल में जगह बनाई और अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए वो चिंगारी छेड़ी जिसने ज्वाला का रूप लेकर ब्रिटिश शासन के भवन को लाक्षागृह में परिवर्तित कर दिया। ब्रिटिश साम्राज्य को दहला देने वाले काकोरी कांड को बिस्मिल ने ही अंजाम दिया था। जिस समय बिस्मिल को फांसी लगी उस समय जेल के बाहर विशाल जनसमुदाय उनके अंतिम दर्शनों की प्रतीक्षा कर रहा था। जेल के चारों ओर पुलिस का कड़ा पहरा था। शव जनता को दे दिया गया। जनता ने बिस्मिल की अर्थी को सम्मान के साथ शहर में घुमाया। लोगों ने उस पर सुगंधित पदार्थ, फूल तथा पैसे बरसाए। हजारों लोग उनकी शवयात्रा में सम्मिलित हुए। उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। ■



गजल

## वफा हम को सिखाते हो

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*किए वादे सभी झूठे, वफा हमको सिखाते हो,*
*बसी हो आप जिस दिल में वहीं खंजर चुभाते हो।*

*हमीं को मार डाला है, नहीं छोड़ा कहीं का भी,*
*चलाकर तीर नैनों के, हमें अब क्यों सताते हो।*

*लगा के दिल कभी हम भी, तुम्हीं से बात करते थे,*
*जुदा होकर गई जब से नहीं आंखें मिलाते हो।*

*जवानी ढल रही अब तो, लगी है शाम भी ढलने,*
*बड़े जालिम मिले सजना नहीं वादा निभाते हो।*

*कभी गुलशन हुआ करता, उजाड़ा आप ने जिस को,*
*बची जो राख इस दिल की गुबारों में उड़ाते हो।*

*बड़े नाजों से पाली थी, सदा यादें मुहब्बत की,*
*गुजारी रात बाहों में अजी तुम क्यों भुलाते हो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में दुग्ध क्रांति : ग्रामीण समृद्धि की नई राह





लेखक : सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

हिमाचल प्रदेश, जो हिमालय की गोद में बसा एक सुंदर और शुद्ध पर्यावरण वाला राज्य है, अपनी भौगोलिक विषमताओं के बावजूद कृषि और पशुपालन पर आधारित एक मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करता है। वर्ष 2024-25 में दुग्ध उत्पादन को एक संगठित और व्यावसायिक गतिविधि के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने कई पहले की हैं, वहीं वर्ष 2025-26 के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं, जो इस क्षेत्र को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना सकते हैं।

भारत 2024-25 में भी विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है, जहां सालाना 230 मिलियन टन से अधिक दूध का उत्पादन होता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और गुजरात जैसे राज्य इसमें अग्रणी हैं। हिमाचल प्रदेश भले ही राष्ट्रीय स्तर पर दूध उत्पादन में अग्रणी न हो, लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता लगभग 400 ग्राम प्रतिदिन है, जो इसे देश के औसत (500 ग्राम) के समीप लाकर खड़ा करता है। इसकी जलवायु, स्वच्छ वातावरण और ग्रामीण संरचना इसे 'हिमालयी दुग्ध ब्रांड' के रूप में विकसित करने के लिए उपयुक्त बनाती है। वर्ष 2024-25 में हिमाचल में कुल दूध उत्पादन लगभग 1.65 मिलियन टन आंका गया है। राज्य सरकार के तहत एचपी मिल्कफेड द्वारा प्रतिदिन लगभग दो लाख लीटर दूध की खरीद की जा रही है, जिसमें से अधिकतर दूध ग्राम स्तर पर सक्रिय 1148 दुग्ध सहकारी समितियों से आता है। इन समितियों में लगभग 47,905 सदस्य कार्यरत हैं, जिनमें 19,388 महिलाएं हैं।

राज्य सरकार इस संरचना को और अधिक सशक्त करने की दिशा में सक्रिय है। वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने दूध की न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर इसे 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर (गाय) और 55 रुपए से 61 रुपए प्रति लीटर (भैंस) कर दिया है। यह मूल्य वृद्धि सीधे तौर पर किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध व्यवसाय को लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। साथ ही सरकार ने स्वयं दूध संग्रहण करने वाले किसानों को 2 रुपए प्रति किलोमीटर परिवहन सब्सिडी देने की योजना लागू की है। दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के उन्नयन की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं।

कांगड़ा जिले के ढगवार संयंत्र की क्षमता 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन थी, जिसे 2024-25 में बढ़ाकर 3 लाख लीटर प्रतिदिन करने का कार्य प्रगति पर है। इसी तरह शिमला के दत्तनगर संयंत्र की क्षमता 50,000 लीटर प्रतिदिन है, जबकि हमीरपुर, ऊना, कुल्लू और नाहन में 20,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले संयंत्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। तकनीकी विकास की दृष्टि से, 2024-25 में 455 दुग्ध संग्रह केंद्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है। इन केंद्रों पर दूध की गुणवत्ता, वजन और मूल्य की जानकारी किसानों को एसएमएस द्वारा तत्काल भेजी जाती है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि वर्ष 2025-26 की समाप्ति तक हिमाचल के सभी दुग्ध संग्रह केंद्रों को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा। 'हिम गंगा योजना', जिसे राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 में 500 रुपए करोड़ के परिव्यय के साथ लागू किया, वह दुग्ध उत्पादन, शीत भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की पूरी श्रृंखला को आधुनिक और व्यावसायिक बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम रही है।

वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने दूध प्रसंस्करण क्षमता को 5 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, ताकि राज्य में उत्पादित दूध को बिना बर्बाद हुए मूल्य संवर्धित उत्पादों के रूप में बाजार में उतारा जा सके। 'डेयरी उद्यम विकास योजना' को भी 2025-26 में विस्तार दिया जाएगा। वर्तमान में यह योजना दो से दस पशुओं की डेयरी इकाइयों के लिए ऋण व सब्सिडी देती है, किंतु आने वाले वर्ष में इसे महिला स्वयं सहायता समूहों, युवा स्टार्टअप्स और किसान उत्पादक संगठनों से भी जोड़ा जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2025-26 के अंत तक 1,000 नए डेयरी उद्यम राज्य में पंजीकृत हों, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ें। पशु स्वास्थ्य और नस्ल सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 2025-26 में और विस्तार दिया जाएगा। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत ऊना में स्थापित मुर्रा नस्ल के भैंस ब्रीडिंग फार्म की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नई तकनीकों जैसे सेक्स-सॉर्टेड सीमेन, आईईफ व मोबाइल पशु क्लिनिक को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि हर पंचायत में न्यूनतम एक पशु स्वास्थ्य सुविधा हो और राज्य में 50 प्रतिशत पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान तकनीकी रूप से उन्नत तरीके से किया जाए।

राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए दुग्ध विपणन और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। 'हिमाचली दूध' को एक प्रीमियम ब्रांड के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। ऑर्गेनिक दूध, हिमालयन घी, फ्लेवर्ड मिल्क, पनीर और छाछ जैसे उत्पादों को हिमाचल की जैविक छवि के साथ जोड़कर राष्ट्रीय बाजार में उतारने का लक्ष्य है। सरकार का इरादा है कि 2025-26 तक एचपी मिल्कफेड के ब्रांड उत्पादों की बिक्री में दोगुनी वृद्धि की जाए और राज्य की भागीदारी प्रमुख होटल चेन, सेना और संस्थानों में सुनिश्चित की जाए। इन सब पहलों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर दुग्ध राज्य बन सकता है। आने वाले वर्षों में यदि नीति, प्रशिक्षण, तकनीक और किसान सहभागिता पर एक साथ काम किया जाए, तो यह क्षेत्र हिमाचल की अर्थव्यवस्था का सशक्त इंजन बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# घाव ठीक हो जाते हैं, मगर हादसे हमेशा याद रहते हैं



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला (हि.प्र.)



कभी भी किसी व्यक्ति का मजाक या फालतू की टिका टिप्पणी न करनी चाहिए, क्योंकि आप नहीं जानते कि सामने वाला व्यक्ति अपने जीवन में किस परिस्थिति से गुजर रहा है।

जैसे कि सबको मालूम है, बीते वर्ष 2024 में विभिन्न प्रकार की दो दुःखद घटनाएं खूब चर्चा का विषय बनी।

एक अतुल सुभाष और नीकिता सिंघानिया की कहानी और दूसरी तरफ नेपाल की श्रीजना सुबेदी और विवेक पंगेनी की कहानी। इन दोनों मार्मिक कहानियों ने प्रत्येक व्यक्ति के दिलों दिमाग को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। जहां एक तरफ श्रीजना अपना पत्नी धर्म और इंसानियत का अनोखा पहलू दुनिया के सामने पेश करती नजर आई। वो अपने संपूर्ण समर्पण के बाद भी अपने पति की जान तो नहीं बचा पाई, लेकिन उसने औरत के त्याग और बलिदान की अनोखी दास्तान लिख डाली, इसी के साथ इंसानियत की एक अनोखी मिसाल भी पेश कर दी। वहीं दूसरी तरफ निकिता ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी और अपने पति अतुल सुभाष को इतना प्रताड़ित किया कि उसे अपनी जान गंवानी पड़ी।

निकिता और सुभाष के रिश्ते में प्यार, इंसानियत एवं अपनापन कहीं दूर-दूर तक नहीं था, बल्कि प्यार के नाम पर सिर्फ धोखाधड़ी और जालसाजी चल रही थी। एक बच्चा होने के बावजूद वो दोनों एक दूसरे को अपनी बर्बादी का कारण मान रहें थे। ऐसे जहरीले रिश्ते न तो व्यक्ति के लिए सही होते हैं न एक परिवार के लिए और न ही समाज के लिए। समाज को समझना होगा कि ऐसे जोर जबरदस्ती वाले रिश्तों का अंजाम कभी भी अच्छा नहीं होता। इस वर्ष भी इसी तरह की दो दुःखद घटनाएं सामने आई है। पहले साहिल-मुस्कान और अब राजा और सोनम की, इन सबकी तरह समाज में न जाने और भी कितने लोग इस तरह का जीवन जी रहे होंगे। जी क्या रहें होंगे, यूं कहें कि मर रहे होंगे, वो भी बड़ी बेरहमी से किसी के हाथों। इन लड़कियों ने अपने पार्टनर की जान का सौदा करके औरत के गरुर को मिट्टी में मिला दिया। अरे नासमझों, औरत तो जननी है वो भक्षिका कैसे हो सकती है। लड़का हो या फिर लड़की ऐसे किसी भी रिश्ते में कभी भी खुद को न बांधें जहां हर रोज घुट-घुटकर जीना पड़े। ऐसे कड़वे अनुभव वाले रिश्ते से खुद को रिहा करें और सामने वाले को भी। किसी के जीवन का सौदा करना, यह सबसे बड़ा पाप है, क्योंकि हर किसी को जीने का हक है और अपने जीवन में सुख शांति और सुकून भी सभी चाहते है, जहां हर छोटी-छोटी बातों पर बहसबाजी होती हो और एक दूसरे को नीचा दिखाने की पुरजोर कोशिश होती हो, वहां सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब एक व्यक्ति उस लड़ाई झगड़े में आनंद ले रहा होता है और दूसरा तड़प-तड़प कर मरने की कगार पर पहुंच जाता है। जीवन में जब स्वस्थ रिश्ते होते हैं तब व्यक्ति खुशी-खुशी आगे बढ़ने की, सफलता पाने की, तरक्की करने की इच्छा रखता है।

रिश्ते मधुर हों तो जीवन भी सुखमय व खुशहाल बन जाता है, किंतु जब रिश्तों में खटास आती है तब व्यक्ति टूट जाता है और बुरी तरह बिखर जाता है। किसी भी रिश्ते को बिगाड़ने में सबसे पहले व्यक्ति का अहंकार आता है। उसके बाद उसकी सोच और उसका व्यवहार जिम्मेदार होता है। रिश्तों में थोड़ा-थोड़ा दोनों तरफ से आपसी सहमति कहें या समझौता कहें, किया जाना चाहिए। तभी जीवन आगे बढ़ता है। जहां एक तरफ ही रिश्ते निभाने की सारी जिम्मेदारी आ जाती है तब वो रिश्ता टूटना तय है। दुनिया में सब तरह के लोग मौजूद हैं। अच्छे भी है, बुरे भी है और बहुत बुरे भी है। मन में महत्वाकांक्षाओं का तूफान लिए मत चलिए, वरना एक दिन अपनी चुप्पियों की वजह से, अशांत मन के साथ और बेचारा कहलाते हुए चुपचाप इस दुनिया से विदा कर दिए जाओगे। अपने जीवन के बारे में सिर्फ आप जानते हैं कि आपका जीवन कैसा चल रहा है। बाकी दुनिया वाले सिर्फ बाहर से अंदाजा लगा सकते हैं आपके भीतर के तूफान को कोई नहीं देख सकता। इसलिए अपने मन की आवाज को सुनिए और अपने साथ न्याय कीजिए। 'अपने मन को मार कर जीया तो क्या जीया'

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

आए दिन हिमाचल में पर्यटकों की हुड़दंगबाजी देखने को मिल रही है। पता नहीं पर्यटक यहां की शांत वादियों को कोलाहल में तब्दील करने पर क्यों तुले हैं? लाहौल-स्पीति के हुर्लिंग में फॉर्च्यूनर और टैम्पो ट्रैवलर के ड्राइवरों में पास देने को लेकर जो बहस हुई वह किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होती। इन वाहनों में सवार दिल्ली और चंडीगढ़ से आए पर्यटक सड़क के बीच काफी देर तक लड़ते रहे, जिसके चलते एक गंभीर मरीज को लेकर आ रही एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल पाया। इस घटना ने न सिर्फ मानवता को शर्मसार किया, बल्कि हिमाचल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरी घटना की सबसे चिंताजनक बात यह रही कि फॉर्च्यूनर का चालक नशे की हालत में था और उसकी गाड़ी में हूटर तथा काली फिल्म लगी हुई थी, जो सरेआम कानून का उल्लंघन है।

**रुक्षांत कासव, कांगड़ा**

# संत कबीर ने समाज को दिखाया ज्ञान और भक्ति का मार्ग



लेखक : सुदर्शन अवस्थी
नगरोटा बगवां (कांगड़ा)




हर वर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास की जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत् 1455 सन् 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। हालांकि, उनके जन्म को लेकर अलग-अलग मत हैं।

दरअसल, कुछ लोगों का मानना है कि कबीर का जन्म एक मुस्लिम परिवार में हुआ था, जबकि कुछ उन्हें जन्म से हिंदू मानते हैं और उनका मानना है कि उनका जन्म एक जुलाहे के घर हुआ था। कुछ अन्य का मानना है कि जन्म से तो कबीर मुसलमान थे, लेकिन उन्होंने गुरु रामानंद से हिंदू धर्म का ज्ञान प्राप्त किया था।

हालांकि, तमाम मत-मतांतर के बावजूद सभी विद्वान कबीर का जन्म काशी में हुआ मानते हैं। दोनों ही संप्रदायों में उन्हें बराबर का सम्मान प्राप्त था और दोनों संप्रदायों के लोग उनके अनुयायी थे। उनके जन्म के विषय में एक छंद में कहा गया है-

चौदह सौ पचपन साल गए, चन्द्रवार एक ठाठ भरा। जेठ सुदी बरसायत को, पूरण मासी प्रकट भए।। वह ऐसा दौर था, जब चारों तरफ जात-पात, छुआछूत, धार्मिक पाखंड, अंधश्रद्धा से भरे कर्मकांड, मुल्ला-मौलवी तथा पंडित-पुरोहितों के ढोंग और सांप्रदायिक उन्माद का बोलबाला था।

सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले स्वच्छंद विचारक संत कबीर दास को कई बार हिंदू-मुसलमान दोनों ही समुदायों से धमकियां भी मिली, लेकिन वे धमकियों से कभी भी विचलित नहीं हुए और समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधश्रद्धा, अंध विश्वास, आडंबरों तथा सामाजिक बुराइयों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाते हुए कबीर दास ने कहा था-

काजी तुम कौन कितेब बखानी।
झंखत बकत रहहु निशि बासर।
मति एकऊ नहीं दिल में खोजी
देखि खोजा दे। बिहिस्त कहां से आया?

उन्होंने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। लोगों को बड़ी आसानी से अपनी बात समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए वह कहते हैं-

गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पांय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो मिलाय।

एक ही ईश्वर को मानने वाले कबीर दास निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे। कबीरपंथी संत कबीर को एक अलौकिक अवतारी पुरुष मानते हैं।

अपने उपदेशों में उनका कहना था कि वृक्ष कभी अपने फल स्वयं नहीं खाते, न ही नदियां कभी अपने लिए जल का संचय करती हैं, इसी प्रकार सज्जन व्यक्ति अपने शरीर को अपने लिए नहीं बल्कि परमार्थ में लगाते हैं। अपनी रचनाओं में उन्होंने सदैव हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दिया और हिन्दू या इस्लाम धर्म को नहीं मानते हुए जीवन पर्यन्त पूर्ण रूप से धर्मनिरपेक्ष मूल्यों तथा मानव सेवा के प्रति समर्पित रहे। कबीर कहते थे-

वो ही मोहम्मद, वो ही महादेव, ब्रह्मा आदम कहिए। को हिंदू, को तुरूक कहाए, एक जिमि पर रहिए।

कई सदियां बीत जाने के बाद भी कबीर दास के विचार 21वीं सदी में भी बेहद प्रासंगिक हैं। उनके कार्य की पहचान दो-दो पंक्तियों के उनके दोहे हैं, जिन्हें 'कबीर के दोहे' के नाम से जाना जाता है। उनके ये दोहे आज भी लोगों के मुख से सुनने को मिलते हैं, जो हमारे लोक जीवन के इर्द-गिर्द ही घूमते नजर आते हैं और मनुष्य को जीवन की नई प्रेरणा देते हैं। बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। जो मन देखा आपना, मुझ से बुरा न कोय।। यह दोहा आज भी वाणी के रूप में सुना जाता है। कबीरदास ने अपना पूरा जीवन काशी में बिताया किंतु जीवन के अंतिम समय में वे काशी छोड़ मगहर चले गए थे। उनकी मान्यता थी कि मनुष्य को स्थान विशेष के कारण नहीं, बल्कि उसके कर्मों के अनुसार ही गति मिलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की जिम्मेदारी



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर



बदलते सामाजिक परिवेश के चलते हमें आजकल अपने खान, पान, रहन सहन में सुधार किए जाने की बहुत अधिक जरूरत है। अधिकतर लोग भोजन की भांति दवाइयां खाने को क्यों मजबूर हुए चिंतन का विषय है। बढ़ते ऑपरेशन प्रचलन्न से लोग समय से पहले ही बुढ़ापे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या अनुसार सरकारी अस्पतालों में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना बहुत बड़ी चुनौती है।

पूर्व भाजपा सरकार ने सरकारी अस्पतालों में 133 मेडिकल टेस्ट की सुविधा जनता को मुफ्त दी। सुख की सरकार ने अब उक्त मेडिकल टेस्ट की सुविधा हटाकर पर्ची के 10 रुपए वसूलने की अधिसूचना जारी करके प्रदेश की जनता को सोचने पर मजबूर कर दिया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को छोड़कर 14 अन्य श्रेणियों को मिलने वाली टेस्ट सुविधाएं बंद कर दी हैं। भाजपा नेता सुख सरकार को शुल्क की सरकार कहने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। सरकार ने आखिर मेडिकल टेस्ट सुविधा क्यों हटाई सोचने की बात है। सुख सरकार ने हिम केयर योजना में भी ठीक इसी तरह के बदलाव करके अपना राजस्व बचाने की कोशिश की है।

आम जनता में यह संदेश है कि सरकार ने हिम केयर योजना बंद कर दी है। सच बात यह है कि हिम केयर योजना का लाभ जनता को चुनिंदा अस्पतालों में मिलना तय किया है। सुख की सरकार की सब-कमेटी को निर्णय लेने उपरांत ही मरीज का इलाज हिम केयर योजना में किया जाता है। कुल मिलाकर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज के तामीरदारों को सब-कमेटी के निर्णय का इंतजार अब करना होगा। अस्पतालों में मरीज पंजीकरण किए जाने की एवज में मरीजों से 10 रुपए लिए जाने सहित ओपीडी काउंटर बढ़ाना भी बहुत जरूरी है।

सरकारी अस्पतालों में ओपीडी काउंटर में मरीजों को पर्ची बनावने के लिए कई घंटें लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ठीक ऐसा ही आलम एक्स-रे कमरों, फीस काउंटर समक्ष भी देखने को मिलता है। कुछेक चिकित्सक मरीज को अपना ओपिनियन दिए जाने बजाए मेडिकल टेस्टों पर अत्यधिक निर्भर करते है। सरकारी अस्पतालों में निजी कंपनियों की प्रयोगशालाएं चल रही हैं। ठीक इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की सरकारें आखिर क्यों अपनी अस्पतालों में प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ बनाने में दिलचस्पी नहीं लेती हैं।

हिम केयर योजना का लाभ कुछेक अपात्र लोग उठाकर निजी अस्पतालों की मदद किए जाती रही, सरकार ने यह बात स्पष्ट कर दी है। सुख की सरकार ने अस्पतालों में मेडिकल टेस्ट की मुफ्त सुविधा हटाई इसके पीछे भी अवश्य कोई लाजिक होगा। चिकित्सक मरीजों के अनावश्यक टेस्ट करवाकर सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का काम कर रहे हैं। पहाड़ी राज्य में प्रत्येक वर्ष 5 हजार कैंसर मरीजों के मामले उजागर हो रहे हैं। अकेले आईजीएमसी शिमला में ढाई हजार मामले दर्ज किए गए हैं। कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि होने के पीछे कई कारण मीडिया में सामने आएं हैं। बेमौसमी सब्जियों, फलों का उत्पादन किटनाशक, दवाइयों और स्प्रे के माध्यम से किया जा रहा है।

जल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता जांच किए बगैर ही लोग पानी का दिनरात उपयोग करते जा रहे हैं। डिब्बा बंद वस्तुओं का सेवन करना लोगों की रोजमर्रा आदत बन चुका है। एयर कंडीशनर में सदैव रहना भी लोगों की हडियों को संक्रमणित कर सकता है। मिनरल वाटर कंपनियों की मानों बाढ़ आ गई है। मिनरल वाटर की गुणवत्ता जांच किए बगैर ही कुछेक कंपनियां अपने उत्पाद बाजार में उतार रही हैं। बाजारों में खाद्य पदार्थ खुले सरेआम बिकते भ्रष्ट सिस्टम की पोल खोलते हैं। उचित मूल्य की दुकानों में मिलने वाले राशन की गुणवत्ता में सुधार किए जाना जनता की मांग रही है। नकली दवाओं का बाजार सदैव गर्म रहता जा रहा है। जनता मरीज बनकर अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर है। फ्रिज अंदर किस तापमान में खाद्य पदार्थों को रखना अधिकतर महिलाएं अंजान हैं। नतीजतन फ्रिज खासकर गूंदा आटा सहित अन्य खाद्य पदार्थ रखने से वह विषैले बन जाते जो एक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। आज जरूरत हमें अपने खान, पान, रहन सहन को ठीक करने सहित योग अभ्यास को नियमित अपनानें की जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अनियंत्रित ब्लास्टिंग कटिंग से नुकसान का खतरा

## सामरिक दृष्टि से बन रहे रोड के किनारे ढांक पर लग रहे हैं कच्चे डंगे, बिना बारिश के ही दरक रही पहाड़ियों से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**निर्माणाधीन** एनएच 3 राष्ट्रीय उच्च मार्ग जालंधर से मंडी वाया सरकाघाट धर्मपुर जो कि सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, उसका कार्य गावर कंपनी की सबलैटिंग बीआर कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

कंपनी द्वारा पाड़छु से हुक्कल तक अनियंत्रित ब्लास्ट व कटिंग के कारण बिन बारिश के ही पहाड़ियां दरक रही हैं तो बरसात में क्या होगा, इस आशंका से लोग परेशान हैं। धर्मपुर मुख्यालय जोकि पूर्ण रूप से सोन खड्ड के किनारे पर स्थित है उसको बरसात में अवैध डंपिंग से भारी नुकसान हो सकता है। कंपनी द्वारा पाड़छु से हुक्कल के बीच की गई अनियंत्रित ब्लास्टिंग कटिंग का सारा मलबा खड्ड में गिराया गया है, जिसे हटाना भी असंभव है, मलबे से बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। दूसरा कंपनी की कार्य प्रणाली भी संदिग्ध है क्योंकि रोड के किनारे ढांक पर अधिकतर डंगे जाली में पत्थरों को भरकर लगाए जा रहे हैं जिनका गिरना भी निश्चित है।

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों में जगदीश चंद, नानकचंद, रणताज सिंह, हंसराज, कुलदीप सिंह, चेतराम, रतनचंद आदि का कहना है कि कंपनी द्वारा एक तो पहले ही सारा मलबा खड्ड में गिराया गया है, दूसरा किनारों पर


पाड़छु से हुक्कल तक बेतरतीब ढंग से की गई कटिंग।

ढांक पर बड़े-बड़े कच्चे डंगे लगाए जा रहे हैं जिनका गिरना भी निश्चित है। यह रोड सामरिक दृष्टि से बनाया जा रहा है और ढांक पर बड़े-बड़े कच्चे डंगे लगाए जा रहे हैं जो कि लोगों के मन में कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

लोगों का मानना है कि यदि रोड सामरिक दृष्टि से बनाया जा रहा है, तो इस पर पक्के आरसीसी डंगे ही लगने चाहिए, ताकि भविष्य में दोबारा न लगाने पड़ें। बता दें कि बरसात में सोन खड्डु में संपूर्ण धर्मपुर क्षेत्र का पानी इकट्ठा होकर उग्र रूप लेकर बहता है, जिससे बाढ़ और नुकसान की संभावना कई गुना बढ़ गई है। रोड़ से ऊपर नीचे सैकड़ों पेड़ पौधे कटिंग और अवैध डंपिंग से नष्ट हो चुके हैं। रोड़ और खड्डु के आस पास की अधिकांश भूमि वन विभाग की है, प्रशासन आंखे मूंदे मौन है, जनता परेशान है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार मानसून जल्द ही दस्तक देगा और कुछ ही दिनों के बाद बरसात शुरू हो जाएगी। खड्डु में मलबे को देखकर लोगों में दहशत का माहौल है।

कंपनी के प्रभारी जितेंद्र पांडे का कहना है ब्लास्टिंग से मलबा गिरा है जिसका पॉल्यूशन विभाग को मुआवजा दिया गया है जबकि प्रश्न अवैध डंपिंग, सैकड़ों नष्ट हुए पेड़ पौधों तथा भविष्य में बाढ़ के खतरे पर है। उधर, पॉल्यूशन विभाग का कहना कि कंपनी द्वारा अभी तक कोई भी मुआवजा जमा नहीं कराया है। स्थानीय लोगों की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से गुहार है कि कंपनी कार्य प्रणाली की निष्पक्ष जांच हो और नुकसान के प्रति कंपनी की जवाबदेही निश्चित की जाए।

# 12 दिन मौत से जूझने के बाद अर्चना देवी ने एम्स में तोड़ा दम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत टिक्कर के गांव कहणा निवासी अर्चना देवी (पत्नी पृथ्वीराज) ने 12 दिन तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ने के बाद एम्स बिलासपुर में दम तोड़ दिया।

अर्चना 28 मई को अपने घर के बरामदे में बेहोश मिली थी। परिजन उसे पहले जोनल अस्पताल मंडी, फिर मेडिकल कॉलेज नेरचौक और अंततः एम्स बिलासपुर ले गए, जहां वह लगातार आईसीयू में भर्ती रही, लेकिन होश में नहीं आई। मृतका के पिता रणजीत सिंह पुत्र अमर सिंह गांव सिल्ह डा. रिस्सा तहसील सरकाघाट ने 2 जून को पुलिस थाना सरकाघाट में मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने अपनी बेटी के पति और सास पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के

**ससुराल वालों पर प्रताड़ना का मामला दर्ज**

गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने उक्त शिकायत के आधार पर प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। हालांकि अर्चना की हालत नाजुक होने के कारण उसका बयान दर्ज नहीं हो सका। अर्चना अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गई है, सरकाघाट पुलिस टीम एम्स बिलासपुर रवाना हो गई है व पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट के कई क्षेत्रों में कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट ने जानकारी दी कि 12 जून को 11 केवी बारछवाड़-टिहरा लाइन के आवश्यक रखरखाव कार्य एवं साथ लगते पेड़ों की टहनियों की काट-छांट के कारण कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कार्य के चलते प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक निम्नलिखित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति नहीं रहेगी। सैन, एनडब्ल्यूसी होटल, बकारटा, सीवरेज प्लांट, चूंगी नाका, दारपा, भुवानी, गध्यानी, रखोह, टिक्करी, रोपड़, जनदरू, पिहलू, समलेट, पनिहोर, कलोत, डोडर, कांगूगल्लू, धाड, बदार, बासी कोठी, कोठी, भटबान, हरलोट, रसेनगल्लू, टेल्ला लेटहरा, जन्धरेरी, भलवान तथा मोरगल्लू।

### कुठेर व बरारता में 13 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह पराशर ने बताया कि 13 जून को 11 केवी बारछवाड़ ओल्ड रिस्सा एचटी लाइन के आवश्यक रखरखाव एवं इसके साथ लगते पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते इस लाइन के अधीन आने वाले क्षेत्रों चौक, कुठेर, बरारता, पाटी, कंडयोल, जाजरकुकैंन, बग्रागल्लू, जंझेल, ग्रोरु तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### विकास कपूर लगातार दूसरी बार बने प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एक सौ पांच साल पुराने मंडी के जोगिंद्रा जिमखाना क्लब पड्डल मंडी की आम सभा बैठक में सालाना चुनाव करवाए गए। जिनमें विकास कपूर



को लगातार दूसरी बार क्लब का प्रधान चुना गया। नरेंद्र कौशल महासचिव, तरूण मल्होत्रा संयुक्त सचिव, दीवान गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। पंकज कपूर, कपिल वैद्य, निकुंज बिष्ट व अंकुश कार्यकारिणी के सदस्य निर्वाचित हुए। योगेश को लाइब्रेरियन चुना गया। आम सभा में आए सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी व उम्मीद जताई कि क्लब के उदेश्यों को आगे बढ़ाने का काम करेगी। वर्तमान में इस क्लब के 418 सदस्य हैं। आज से 105 साल पहले इसकी स्थापना तत्कालीन मंडी रियासत के राजा जोगिंदर सेन ने की थी और आज उनके ही नाम से यह क्लब जोगिंद्रा जिमखाना के नाम से जाना जाता है।

### अनंत राम ठाकुर के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आईटीबीपी से सेवानिवृत असिस्टेंट कमांडेंट अनंत राम ठाकुर का 78 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते सोमवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अनंत राम ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव भगलाना से संबध रखते थे। जिला परिषद सदस्या वंदना गुलेरिया,व्यापार मंडल चोलथरा के प्रधान बिहारी लाल व अन्य सदस्यों में कमलेश बनयाल, संजीव कुमार,सनवीर सिंह, सनी गुलेरिया, साहिल भाटिया, सनी भाटिया, विनोद कुमार,राकेश राणा,बंटी धीमान,,बच्चन राणा,सुनील धीमान, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति चोलथरा के चैयरमैन बिहारी लाल ठाकुर, प्रधान पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट जगदेव सिंह बंधु, महासचिव पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट श्रवण सिंह भारद्वाज, पूर्व इंस्पेक्टर रमेश राणा, अमर सिंह राणा व चोलथरा पंचाय त के प्रधान मेहर चंद, उप प्रधान विजय बनयाल, बीडीसी सदस्य विजय कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### कुकलाह में मनरेगा श्रमिक किए जागरूक

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकलाह विकास खंड बाली चोकी में हिमाचल प्रदेश मनरेगा एवं सर्व कामगार संगठन द्वारा मंगलवार को एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिशिर में मुख्यरूप से संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संत राम ने मनरेगा श्रमिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों व उनके परिजनों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में संगठन की स्थानीय इकाई का गठन हुआ, जिसमें फतेह सिंह को अध्यक्ष चुना गया। इस आयोजन ने श्रमिकों में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुकलाह पंचायत मनरेगा कामगार एवं सर्व कामगार संगठन की कार्यकारिणी में फते राम प्रधान, लछु राम सचिव, किशन चंद उप प्रधान, लेशरू देवी उप प्रधान, दिशा कुमारी सह सचिव, सदस्य पुन्नी देवी, तेज सिंह, माया देवी और कोषाध्यक्ष धनी देवी को सर्वसम्मति के साथ चुना गया।

### हटगढ़ में डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। आरबीआई के लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर तरुण चौधरी ने बताया कि वित्तिय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई अनेक पहल कर रहा है, जिससे लोग सुरक्षित बैंकिंग और डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक हों। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम जनता और छात्रों के बीच सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग और भुगतान विधियों से जुड़ी जानकारी देना था। शिविर में छात्रों को इसके लाभों के साथ-साथ ग्राहक हितों की रक्षा के लिए अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को बैंकों के शिकायत निवारण तंत्र के साथ-साथ किसी भी अन्य मामले में आरबीआई शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर अग्रणी ज़िला प्रमुख अमित कुमार और एफएलसीसी हरि सिंह कौंडल ने भी छात्रों को साइबर धोखाधड़ी, बैंकिंग योजनाओं और ग्राहक सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।

# पर्यावरण संदेश के साथ बड़ा देव कमरुनाग की 42 किलोमीटर पैदल यात्रा पर निकला ध्रुव

उमेश भारद्वाज। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल से संबंध रखने वाला एक युवा मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरूनाग में उनकी आस्था के कारण चर्चा में है। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुंदरनगर नगर परिषद क्षेत्र के हरिपुर निवासी ध्रुव शर्मा ने बड़ा देव कमरुनाग की पैदल यात्रा शुरू की है। इस यात्रा का विशेष उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण और स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है।

ध्रुव शर्मा मंगलवार की रात करीब 2:30 बजे अपने घर से कमरूनाग मंदिर और पवित्र झील के लिए लगभग 42 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा के दौरान उसने एक टैंट, जरूरी राशन, खाना पकाने के लिए छोटा चूल्हा और छोटा गैस सिलेंडर भी रखा गया था। बिना किसी शॉर्टकट के मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए ध्रुव दोपहर करीब 1 बजे रोहांडा पहुंचा। इसके उपरांत रोहांडा-कमरुनाग मंदिर के पैदल ट्रैक पर ही टैंट लगाकर रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार को देव कमरूनाग अपने भाई के साथ मंदिर पहुंचेंगे।



### ध्रुव शर्मा का सपना और संकल्प

**ध्रुव** शर्मा का कहना है कि उसका बचपन से सपना था कि वह एक बार पैदल कमरूनाग यात्रा करे। इस वर्ष उसे यह सौभाग्य देव आशीर्वाद से मिला है। लेकिन इस यात्रा को केवल धार्मिक न बनाते हुए, उसने इसे पर्यावरण जागरूकता का अभियान भी बना दिया है। वह रास्ते में मिलने वाले श्रद्धालुओं व ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझा रहा है।

### वापसी की योजना भी तय

**बड़ा** देव के दर्शन और एक रात ठहरने के बाद ध्रुव बुधवार को वापसी की यात्रा शुरू करेगा। वह रोहांडा से अपने भाई के साथ बाइक द्वारा सुंदरनगर लौटेगा। ध्रुव शर्मा का यह प्रयास आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक मिसाल है, जो धार्मिक आस्था को प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़कर समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने की मिसाल बन रहा है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा : सिद्धार्थन

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** भाजपा मंडी जिला के पूर्व मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। निहाल चंद शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन रहे। बैठक में पुराने अनुभव सभी ने साझा किए। प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश की ही नहीं, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो उसमें ऐसे कई कार्यकर्ता की मेहनत है।

**पूर्व मंडल अध्यक्षों के साथ प्रदेश संगठन महामंत्री ने की बैठक**

बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने समय में किए गए पार्टी के कार्यक्रम और उस समय की परिस्थितियों के बारे में अपने अपने अनुभव साझा किए। पूर्व मंडल अध्यक्षों ने भी कहा कि आज पार्टी जिस मुकाम पर पहुंची है उन्हें आज खुशी होती है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी अपने विचार रखें और युवा मोर्चा में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष से लेकर प्रदेश के अध्यक्ष तक का सफर और उसके बाद मुख्यमंत्री बनने के अनुभव उन्होंने सबके साथ सांझे किए। इस बैठक में जोगिंदर नगर के विधायक प्रकाश राणा, भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल, जिला महामंत्री सोमेश उपाध्याय, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

# आज देश में जन अपेक्षाओं को पूरी करने वाली सरकार : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**कहा- मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा और आत्मनिर्भर भारत की यात्रा का स्वर्णिम अध्याय**

**भाजपा** के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 11 वर्षों में राष्ट्र के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाए हैं। यह सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर आधारित ऐसा शासन मॉडल है, जिसने दुनिया में भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज देश में जन अपेक्षाओं को पूरी करने वाली सरकार है। मोदी सरकार जन-आधारित, पारदर्शी, जवाबदेह और करप्शन-फ्री गवर्नेंस का उदाहरण है। राकेश जम्वाल ने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने अनेक ऐसे फैसले लिए हैं जिन्हें पिछली सरकारें सोचने का भी साहस नहीं कर पाई थीं अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का अंत, सीएए का क्रियान्वयन, वक्फ कानून में बदलाव और महिलाओं को विधायी निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण ये सभी साहसी निर्णय राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाली सरकार की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि पहले देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, जो अब घटकर 18 रह गए हैं। हिंसा में 53 प्रतिशत, सुरक्षा बलों के हताहत होने की संख्या में 72 प्रतिशत और कुल मृत्यु दर में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति अब आक्रामक और निर्णायक हैं सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को सशक्त वैश्विक छवि दी है।

# वाहन चालकों के लिए पुल के साथ उगी झाड़ियां बनी परेशानी का सबब

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू नहर के ऊपर बड़े पुल के साथ उगी झाड़ियों से कार, वाहन चालकों को सामने से वाहन देखने में कठिनाई आती है। बग्गी से सुंदरनगर सड़क पर धनोटू के पास नहर के ऊपर बने पुल के साथ उगी झाड़ियां से मंडी की ओर से आने वाली गाड़ियों को देखने में कार और बाईक सवारों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कार में बैठे चालक और बाईक सवार सड़क पर झाड़ियों की वजह से वाहन देख नहीं पाते हैं। बग्गी से सुंदर नगर जाते पुल मोड़ पर मंडी कल्लू की ओर जाने वाले चालकों को बहुत कठिनाई आती है। चालक अपनी कार और बाइक यहां कठिनाई से मोड़ पाते हैं। यहां झाड़ी की वजह से किसी अनहोनी घटना का संशय बना रहता है। लोगों ने बीबीएमबी प्रशासन से मांग की है कि वह नहर के साथ उग आई झाड़ियों को तुरंत उखड़वाएं या कटाई करवाएं। जिससे किसी दुर्घटना और अनहोनी की आशंका सदा के लिए खत्म हो जाए।

# गर्मी में बढ़ी पानी की किल्लत, 3 दिन में समाधान न हुआ तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर के साथ कांग्रेस सरकार कर रही भेदभावः राणा**

**लडभड़ोल क्षेत्र की कई पंचायतें पानी के लिए तरसीं**

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की अनेक पंचायतें इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रही हैं। ग्राम पंचायत लांगना, खड़ीहार, खुड्डी, तुल्लाह, रक्तल, कोलंग, दलेड़, पीहड़, बेहड़लू, ऊपरी धार और ऊटपुर जैसे क्षेत्रों में हालात इतने खराब हैं कि लोगों को 3 से 7 दिन के लंबे अंतराल के बाद ही कुछ देर के लिए पानी मिल रहा है। इस भीषण गर्मी में यह स्थिति लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बनी हुई है। इस मुद्दे को लेकर जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि यदि आगामी 2 से 3 दिनों के भीतर जलापूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो वह क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर जल शक्ति विभाग सब डिवीजन लडभड़ोल कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। विधायक राणा ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए अनेक योजनाएं चलाईं। करोड़ों की लागत से नई पेयजल योजनाएं, पाइप लाइन विस्तार और भंडारण टैंक निर्माण जैसे कार्य किए गए, लेकिन कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद क्षेत्र के साथ खुलेआम भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर लापरवाही और क्षेत्र के प्रति दुर्भावना का आरोप लगाते हुए कहा कि जोगिंद्रनगर की जागरूक जनता यह अन्याय कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

> **हम** जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।
> -प्रकाश राणा, विधायक।

# मंडी में 29 जून को होगा बाबा सिद्ध चानो का धार्मिक कार्यक्रम धाज्जा : चमन राही

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बताया कि 29 जून को मंडी जिला मुख्यालय में बाबा सिद्ध चानो का धाज्जा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

चमन राही ने कहा कि कार्यक्रम का निर्णय सिद्ध धाम समैला दरबार बाबा सिद्ध चानो बली सच्ची सरकार समैला हमीरपुर में गद्दीनशीन महंत श्री चमन जी महाराज की अध्यक्षता में लिया गया। महंतजी के दिशा निर्देश पर चमन राही को कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त करते ही चमन राही द्वारा आयोजन समिति का गठन कर दिया गया है। चमन राही ने कहा कि संस्कृति समृद्धि को बढ़ावा देने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बाबा सिद्ध चानो में श्रद्धा रखने वाले भक्तजनों से संपर्क साधना आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि सिद्ध चानो देवता लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने वाले हैं। इन्हें कलयुग में न्याय का देवता कहा जाता है। समैला में उत्तरी भारत के लोग यहां आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। चमन राही ने कहा कि मंडी में पहली बार सार्वजनिक रूप से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग भाग लेंगे। मंडी जिला की स्वयं सेवी संस्थाओं, राजनीतिक और गैर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं को निमंत्रण देने व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चमन राही ने कहा कि इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ व जम्मू कश्मीर से आम लोगों सहित बाबा सिद्ध चानो की भक्तजन भाग लेंगे। बाबा सिद्ध चानो बली का प्रसिद्ध लोकनाट्य धाज्जा कार्यक्रम में स्वांग, धाज्जा के गीत, धाज्जे की परंपरा व संस्कार आदि का बखान व गायन भी किया जाएगा।


बाबा सिद्ध चानो बली सच्ची सरकार समैला।

## पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर के छात्रों का मानवता भरा कदम

# कैंसर रोगियों के लिए एक हजार से अधिक सहयोग करने वाले 3 छात्र किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**पैराडाइज** पब्लिक स्कूल में मंगलवार का दिन एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक क्षण बन गया। जब पराकाष्ठा फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रमुख प्रशांत दुबे ने स्कूल का दौरा किया। गौरतलब है कि यह दौरा विशेष रूप से कैंसर पीड़ितों की सहायता और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया था।

इस अवसर पर प्रशांत दुबे ने स्कूल के छात्रों द्वारा दी गई आर्थिक सहायता और मानवीय संवेदनाओं की सराहना की। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि छात्रों ने उत्साहपूर्वक दान कर कैंसर पीड़ितों के जीवन में आशा की किरण जगाई है। विशेष रूप से तीन छात्रों कक्षा सातवीं के रिजुल शर्मा, कक्षा नवमीं की कुमारी शिविका और कक्षा चौथी के शाश्वत ने इसमें एक हजार से अधिक का सहयोग प्रदान किया। इसके लिए उन्हें सम्मान-पत्र और विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रशांत दुबे ने स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद तथा शिक्षिका प्रियंका को भी ट्रॉफी भेंट कर उनका आभार जताया। पैराडाइज स्कूल के इस अभियान ने न सिर्फ कैंसर रोगियों के लिए सहायता का संबल बढ़ाया, बल्कि छात्रों के भीतर सामाजिक उत्तरदायित्व, करुणा व सेवा भावना को भी मजबूती प्रदान की।


कैंसर रोगियों के लिए सहयोग करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए।

# पर्यावरण संकट पर गंभीर मंथन

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा (हिमाचल) व निर्मला कॉलेज मुवथुपूजा (केरल) के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संकट पर एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन वेबीनार संपन्न हुआ। इसमें दोनों राज्यों में हाल के वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं के अनुभवों पर विद्यार्थियों और विशेषज्ञों ने गहन विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पर डॉ. चारू अहलूवालिया ने कहा कि वेबीनार दोनों राज्यों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। वेबीनार में हिमाचल के विद्यार्थियों ने वर्ष 2023 की भीषण बाढ़ का आंखों देखा हाल साझा किया। विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार बाढ़ ने गांवों और कस्बों को तहस-नहस कर दिया, पुल और सड़कें बह गईं।

## शुभारंभ — पूर्व सांसद रामस्वरूप शर्मा की स्मृति में पहलून में दो दिवसीय मेले का डॉ. लेखराज ने किया आगाज

# सांस्कृतिक संध्या व प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल की मसौली पंचायत के पहलून गांव में स्वर्गीय सांसद रामस्वरूप शर्मा की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय 'रामस्वरूप शर्मा मैमोरियल मेला' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मेले का विधिवत उद्घाटन विश्वविख्यात हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. पंडित लेखराज शर्मा ने किया। मेला आयोजन समिति और युवक मंडल पहलून की ओर से मुख्य अतिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि डॉ. लेखराज शर्मा ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक हैं और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति और युवक मंडल को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

मेला आयोजन समिति के सदस्य शांतिस्वरूप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला युवक मंडल पहलून और मंत्रा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। 10 और 11 जून तक चलने वाले इस मेले में युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। युवाओं के लिए कबड्डी, क्रिकेट, महिलाओं के लिए रस्साकशी, संगीत कुर्सी, मटका फोड़ और सामूहिक गीत प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण बनी हुई हैं।

मेले के दौरान महिला मंडलों द्वारा पारंपरिक उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। झलवान, पहलून, शिव जिमजिम्मा, बागेश्वर धाम, झलवान अन्नपूर्णा, हार झलवान, खिल भटेहड़ और अप्पर हार महिला मंडलों द्वारा लगाए गए स्टॉलों ने स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प और महिलाओं के हुनर की अनूठी झलक पेश की। प्रदर्शनी को लोगों ने खूब सराहा और इसकी जमकर प्रशंसा की। मेला 11 जून तक विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और पारंपरिक गतिविधियों के साथ जारी रहेगा।


मुख्यातिथि डॉ. लेखराज शर्मा का स्वागत करते हुए।

### पहाड़ी रंग में रंगी सांस्कृतिक संध्या

**मेले** के पहले दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या में संगीत प्रेमियों के लिए मनोरंजन का बेहतरीन आयोजन किया गया। सारेगामापा फेम गायक सुनील चौहान ने अपनी दमदार प्रस्तुति से माहौल में रंग भर दिया। उनके अलावा लोकगायक राकेश रावत, मनोहर ठाकुर, विकास शर्मा और सोनी ठाकुर ने पहाड़ी लोकगीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपन ठाकुर ने बखूबी निभाया।

# मिड-डे मील वर्कर्स की नहीं लगेगी ऑनलाइन हाजिरी : भूपेंद्र सिंह

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**यूनियन की मांग पर शिक्षा निदेशक ने जारी किए आदेश**

**सरकाघाट।** सीटू से सबंधित मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने पिछले कुछ दिनों से स्कूलों में दोपहर का भोजन बनाने वाले मिड-डे वर्कर्स की ऑनलाइन हाज़री लगाने के आदेशों का कड़ा विरोध किया था और यूनियन के प्रतिनिधिमंडल निदेशक प्राथमिक शिक्षा विभाग को मांगपत्र सौंपा था।

सीटू मंडी जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, प्रभारी गुरदास वर्मा यूनियन प्रधान बिमला देवी ने बताया कि मिड-डे मील वर्कर्स की हाजिरी ऑनलाइन लगाने के लिए अन्य कर्मचारियों की तरह सुबह 9:30 बजे स्कूल पहुंचने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन यूनियन मिड-डे मील वर्कर की हाजिरी पहले की तरह रजिस्टर पर लगाई जाए बहुत सारे स्कूलों में अध्यापक मिड-डे मील वर्कर पर दबाव बना रहे थे।

शिक्षा निदेशक ने पूरे प्रदेश के स्कूलों के लिए आदेश जारी किया है कि किसी भी स्कूल में मिड -डे मील वर्कर की हाजिरी ऑनलाइन नहीं लगेगी न ही मिड-डे मील वर्कर को सुबह 9:30 बजे बुलाया जाएगा बल्कि मिड-डे मील वर्कर की हाजिरी पहले की तरह रजिस्टर के माध्यम से लगेगी और ड्यूटी पर भी पहले की तरह ही आएंगे। इसके लिए यूनियन ने शिक्षा निदेशक का धन्यवाद भी किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज का किया स्वागत



अनंत ज्ञान, ऊना। बीएसएफ जवान प्यास देव का गुरपलाह चौक पर गांववासियों ने किया भव्य स्वागत। वह ऑपरेशन सिंदूर में अपना पैर गंवा चुके हैं।

### छबील और लंगर में विधायक कालिया रहे उपस्थित

**संजीव जसवाल, पंजावर/गगरेट।** कुठेड़ा जसवालां में आज ज्येष्ठ माह की झुलसाती गर्मी के बीच श्रद्धा, सेवा और भाईचारे का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। स्थानीय युवाओं और समाजसेवियों के सहयोग से ठंडी मीठी छबील और विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों और ग्रामीणों ने तपती दोपहर में सच्ची राहत महसूस की। इस पुनीत कार्य में कुठेड़ा के उपप्रधान रोहित जसवाल (छिन्दा) ने विशेष भूमिका निभाई। उनके साथ सुरिंदर धीमान, पंकज जसवाल, संजीव कुमार जसवाल, प्रदीप सिंह जसवाल, जोगिंद्र पाल चौधरी, यशपाल चौधरी, कमल सिंह जसवाल व अन्य कई स्थानियों ने पूरी निष्ठा से सेवा में भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा उस समय और बढ़ गई, जब गगरेट के विधायक राकेश कालिया स्वयं मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं संग छबील वितरण में सहभागिता निभाई। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ज्येष्ठ माह की इस भीषण गर्मी में ऐसे सेवा कार्य लोगों को न केवल शारीरिक बल्कि आत्मिक शांति भी प्रदान करते हैं। छबील और लंगर में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और सभी ने इस सेवा भावना की सराहना की।

### ट्राला से 39 मोछे खैर की लकड़ी के पकड़े



**अनंत ज्ञान, घनारी।** सोमवार रात के समय वन खंड अधिकारी गगरेट संजीव कुमार, प्रभारी वन खंड दौलतपुर जिला ऊना ने अन्य वन विभाग के कर्मचारियों के साथ सुरंगद्वारी-दौलतपुर लिंक रोड़ दौलतपुर पर नाकाबंदी के दौरान ट्राला पिकअप नंबर एचपी 36बी 7063 की तलाशी लेने पर पिकअप के अंदर 39 मोछे लकडी खैर के बरामद किए। गाड़ी में सवार तीन आरोपियों विक्रमजीत पुत्र धर्म सिंह, अमनदीप पुत्र गुरुदेव सिंह, सूरज पुत्र यशपाल सिंह निवासी दौलतपुर समस्त तहसील घनारी जिला ऊना को अभियोग में गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी रोहित पुत्र सुमनु निवासी चलेट तहसील घनारी मौका से फरार हो गया है।

### चिंतपूर्णी कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक जून से आरंभ हो चुकी है, इच्छुक विद्यार्थी जो अपनी उच्च शिक्षा पूरी करना चाहते हैं, वे ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें तथा ऑफलाइन आवेदन के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त करके इसे भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाएं। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 19 जून है। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरे हैं, वे 13 तारीख को महाविद्यालय के कार्यालय में आकर अपने दस्तावेज सत्यापित करवाएं। इस विषय पर जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में सभी संकायों में प्रवक्ता उपलब्ध हैं और साथ ही उन्होंने कहा की महाविद्यालय चिंतपूर्णी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के लिए पिछले वर्षों की भांति प्रतिबद्ध है।

### 14 जून को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में 14 जूनको थानाकलां फीडर के आवश्यक रखरखाव हेतु तथा इस फीडर के अधीन आने वाले गांवों डुमखर बाजार, सिरथ, मुछाली, घड़ोह, आईटीआई, कत्था फैक्टरी, नलवाड़ी और इनके साथ लगने वाले गांवों की बिजली सप्लाई सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। मौसम खुराब होने की स्थिति में काम अगले दिन किया जाएगा। विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता उदित सिंह ने सभी लोगों से सहयोग की अपील की है।

### समाज सेवा में महंत पायल का सराहनीय कार्य

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की पायल महंत क्षेत्र में समाज सेवा का पर्याय बन गई हैं। उनके द्वारा यहां एक तरफ गरीब परिवार की बेटियों की शादियां कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है, वहीं धार्मिक समागम का आयोजन भी उनका मुख्य उद्देश्य बन गया है। मंगलवार को अंब के स्कूल मैदान में बाबा बालक नाथ जी का गुणगान किया गया व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए पायल महंत ने बताया कि वह चांदनी महंत, बाबा शंकर महंत की गद्दी की मौजूदा महंत है। यह गद्दी सदियों से चली आ रही है। पिछले 25 साल से यह लोग लगातार पायल महंत संस्था के जरिए समाज भलाई के कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि वह लोगों से जो भी पैसा बधाई के रूप में इकट्ठा करती है, उनमें से ज्यादातर पैसा गरीब लोगों के उत्थान के लिए खर्च करती है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचने वाले रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों व नगर पंचायत प्रतिनिधियों का पटका पहनकर स्वागत किया त था उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने क्षेत्र के लोगों का आभार भी व्यक्त किया।

# चुरड़ी, थहड़ावासियों के हलक सूखे

## जलशक्ति विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा, समाधान न होने पर जन आंदोलन की दी चेतावनी

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



खाली घड़ों को लेकर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की चुरड़ी व थहड़ा पंचायत के लोगों को इन दिनों पीने के पानी की भारी समस्या से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई गांवों बोहरू, लिदकोट, खेड़ी, घयोड़, धरवासड़ा, मकरैड़, थड़ा और चुरड़ी में हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि स्थानीय लोगों में जलशक्ति विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन माह से एकमात्र पंप खराब पड़ा है, जिसकी रिपेयरिंग अब तक नहीं करवाई गई है। उन्होंने बताया कि विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

विभाग की लापरवाही के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूरदराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। क्षेत्र में कोई स्थानीय जलस्रोत नहीं हैं, जिससे यह पूरा इलाका केवल रामगढ़धार पेयजल योजना पर ही निर्भर है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल संकट को शीघ्र दूर नहीं किया गया तो वे जलशक्ति विभाग के थानाकलां कार्यालय के समक्ष जोरदार आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग यदि अब भी नहीं जागा, तो ग्रामीण मजबूर होकर प्रदर्शन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में जब जलशक्ति विभाग के एक्सईएन राकेश ठाकुर ने बताया कि विभाग को समस्या की जानकारी है और जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि खराब पंप की मरम्मत के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और अगले कुछ दिनों में क्षेत्र में जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल ग्रामीणों को विभाग की बातों पर विश्वास नहीं रहा, क्योंकि पहले भी कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों की मांग है कि जल आपूर्ति को नियमित करने के लिए वैकल्पिक योजनाएं भी बनाई जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या उत्पन्न न हो। बंगाणा क्षेत्र में पानी की इस गंभीर समस्या ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर समय रहते हल नहीं निकाला गया तो यह मुद्दा बड़ा जनांदोलन बन सकता है।

बंगाणा उपमंडल की पंचायतें चुरड़ी, थड़ा आदि भीषण जल संकट से जूझ रही हैं। इन पंचायतों में कोई स्थायी जल स्रोत नहीं है और स्थानीय लोग पूरी तरह से जलशक्ति विभाग की सप्लाई पर निर्भर हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि करीब 500 परिवारों को पीने के पानी तक के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गर्मियों की बढ़ती तपिश में यह संकट और भी गहराता जा रहा है। पाइपलाइन में पानी कम दबाव से आता है या कई दिनों तक सप्लाई ही नहीं होती, जिससे ग्रामीणों को पानी की हर बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं।

**पानी की सप्लाई सुचारु रूप से जनता को प्रदान करे विभाग**

स्थानीय जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने इस संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप कर वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में बोरवेल या ट्यूबवेल जैसी स्थायी जल व्यवस्था की जाए। गर्मी के इस भीषण दौर में जल संकट का समाधान अत्यंत आवश्यक है और अगर जल शक्ति विभाग पानी की समस्या का समाधान नहीं करता है तो मैं भी जन आंदोलन में जनता का साथ दूंगा।

# लू के थपेड़ों से लोगों का घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल



अधिकतम पारे ने तोड़ा रिकॉर्ड, लोगों के अलावा पशु भी ढूंढते रहे पेड़ों के नीचे छांव।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

मंगलवार को भी आसमान से आग बरसती रही। पारा साल के रिकॉर्ड स्तर 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लगातार दूसरे दिन लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल हुआ है। आसमान से लगातार बरस रही आग ने आम जनमानस का जीना दूभर कर दिया है। यहां तक कि मनुष्य के साथ जानवरों व पशु और पक्षियों का जीवन प्रचंड गर्मी से अस्त-व्यस्त कर दिया है।

दोपहर को तपती लू शरीर को झुलसा रही है। लू के थपेड़ों के लोगों को चेहरे लाल पड़ रहे हैं। गर्मी के तेवर तल्ख हो रहे हैं और मौसम गर्म बना हुआ है। पिछले दिनों की तरह सोमवार को भी सुबह से लेकर रात तक मौसम गर्म रहा और दिन में लू के थपेड़ों के बीच शहरवासी परेशान दिखे। बढ़ती गर्मी का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। दोपहर के समय सड़कों पर कम ही लोग दिखे। बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। प्रचंड गर्मी ने हर वर्ग के लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। दोपहर के समय चल रही भयंकर लू के कारण लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

मौसम विभाग ने मंगलवार का दिन सोमवार का दिन तीसरी बार जिला ऊना का इस वर्ष का सबसे अधिक गर्म दिन रिकॉर्ड किया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिला का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सोमवार को भी पारा 42.4 डिग्री सेल्सियस था, इससे पहले 5 जून को जिला का अधिकतम पारा 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। 27 अप्रैल को भी जिला का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि इन दिनों की भयंकर गर्मी से बचा जा सके।

# डीसी जतिन लाल ने नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त छात्रा को सम्मानित करते हुए।

ऊना के डीसी जतिन लाल ने 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में प्रदेश की टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले ऊना जिले के सरकारी स्कूलों के 11 मेधावी छात्रों को मंगलवार को अपने कार्यालय में विशेष रूप से सम्मानित किया। यह सम्मान जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना की सामर्थ्य योजना के तहत प्रदान किया गया।

डीसी ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा की छात्रा पलक, चौथे स्थान पर रहे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पूबोवाल के गगनदीप, पांचवें स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की साक्षी, सातवें स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौकी मन्यार की शगुन और आठवें स्थान पर रहीं इसी स्कूल की अनन्या को माता चिंतपूर्णी की पवित्र चुनरी, नकद धनराशि व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

वहीं, उन्होंने 10वीं परीक्षा में प्रदेश में छठे स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल देहलां की मनिंदर कौर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थाना कलां के निपुण शर्मा, आठवें स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पूबोवाल की टीना देवी, नवें स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की यशिता तथा दसवें स्थान पर रहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जोह की आरुषि और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की अक्षिता को भी सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि बच्चों को सम्मानित करने का मकसद विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित एवं प्रेरित करना है जिससे वे आगे भी उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें। इस दौरान डीसी जतिन लाल ने सभी मेधावी बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई भी दी। डीसी ने कहा कि छात्र न केवल अपने परिवार और शिक्षकों का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ा रहे हैं। ऐसे विद्यार्थी भविष्य में राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय योगदान देने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर डीसी ने बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा संचालित की जा रही सामर्थ्य योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा अनिल कुमार, जिला रेडक्रॉस के सचिव संजय सांख्यान, युवक मंडल नंगड़ा के प्रधान पलविंदर और सचिव सर्वजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अतुल शर्मा को सौंपी जिला संयोजक की जिम्मेदारी



हिंदू जागरण के उत्तर क्षेत्र संगठक नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ।

**विवेक शर्मा, अंब**

सोमवार को नीलकंठ महादेव मंदिर में हिंदू जागरण की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के क्षेत्रीय संगठक एवं अखिल भारतीय स्वावलंबन कार्यमंत्री मुरली मनोहर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रांत संयोजक भारत भूषण, प्रांत सह संयोजक नरेंदर गुलेरिया एवं देव कांत खाची भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे का गठन करना था। बैठक में अतुल शर्मा को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके साथ तेज प्रकाश ठाकुर, विवेक शर्मा और रजनी शर्मा को जिला सह-संयोजक के रूप में दायित्व दिया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के विस्तार, जागरूकता अभियान एवं स्वावलंबन को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में संगठन के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# ट्रक की चपेट में आई महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, अंब।** ऊना जिले के उपमंडल अंब के तहत बड़े दी हट्टी के पास ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान तारा देवी पत्नी कमल देव वासी मोहरी बस्ती होशियार पुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार तारा देवी अपने पति कमल देव के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर होशियारपुर से चिंतपूर्णी के तरफ जा रही थी की बने दी हट्टी के पास कमल देव का मोटरसाइकिल स्किट हो गया और वह सामने से आ रही है ट्रक के टायर के नीचे जा घुसा, जिसके चलते तारा देवी की मौका पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी अंब वसूदा सूद ने मामले की पुष्टि की है।

# अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का कड़ा रुख, दुकानदारों को दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान टीम, जोल/अंब**



कार्रवाई करते प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी।

जोल बस अड्डे और उसके आसपास दुकानदारों द्वारा सड़कों पर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान ने पुलिस बल के साथ बाजार का निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी। नायब तहसीलदार ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जोल बस स्टैंड के इर्द-गिर्द कई दुकानदारों ने सड़क किनारे सामान रखकर अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ है।

इस कारण ससे आमजन को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर मंगलवार को जोल पुलिस चौकी के अधिकारियों के साथ उन्होंने बाजार में मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा था, उन्हें तुरंत चेतावनी दी गई और निर्देश दिए गए कि 24 घंटे के भीतर अपना सामान हटाकर सड़क को खाली करें।

अश्वनी धीमान ने स्पष्ट किया कि यदि तय समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की यह कार्रवाई जनता की सुविधा और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील की और कहा कि सभी को नियमों का पालन करना चाहिए।

# जतिन ने ऑपरेशन सिंदूर में घायल जवान से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश सेवा करते हुए गंभीर रूप से घायल हुए हरोली क्षेत्र के बाथू निवासी सब इंस्पेक्टर व्यास देव से उनके निवास पर व्यक्तिगत रूप से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सब इंस्पेक्टर व्यास देव और उनकी पत्नी परमजीत कौर को सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित यादव भी उनके साथ मौजूद रहे।

डीसी जतिन लाल ने कहा कि सब इंस्पेक्टर व्यास देव की वीरता, समर्पण और अनुकरणीय कर्तव्य भावना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में लगे ऐसे जांबाज सपूतों के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सब इंस्पेक्टर व्यास देव और उनके परिवार को हरसंभव मदद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके इस साहसिक कार्य के लिए जिला प्रशासन ऊना उन्हें नमन करता है।

# पंजोआ लड़ोली में लोगों को दिलाई गर्मी से राहत



**अनंत ज्ञान, अंब।** पंजोआ लडोली पंचायत के अंतर्गत थड़ा चौक पर जम्वाल युवक मंडल द्वारा एक ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान करने हेतु ठंडे जल की व्यवस्था की गई व फल वितरित किए गए, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर चौधरी और भाजपा के जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जम्वाल युवक मंडल के सभी सदस्यों को इस पुनीत कार्य की बहुत बहुत बधाई दी व युवक मंडल के साथ उनका हाथ बंटाया। स्थानीय जनता ने जहां छबील की सराहना की, वहीं आयोजकों ने कहा कि आगे भी सामाजिक व जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# संत कबीर साहिब के समारोह में मुख्यातिथि होंगे कुलदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान बुधवार 11 जून को सुबह 10 बजे जिला ऊना के अंब में अठवां रोड, स्कूल ग्राउंड के समीप आयोजित होने वाले परम संत कबीर साहिब जी की 627वीं राज्य स्तरीय जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

# बीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर वीरेंद्र कंवर को सैकड़ों ने दी बधाई

**हीना पठानिया , अनंत ज्ञान**



**बड़ूही।** वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया का बहुप्रतिक्षित चुनाव शनिवार को नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कंवर वॉलीबाल फेडरेशन संगठन के अध्यक्ष बनने पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं भाजपा कै सैकड़ों समर्थकों ने खुशी जताई है। स्टेट वॉलीबाल फेडरेशन के पदाधिकारी मदन राणा ने कहा कि यह भारतीय वॉलीबाल के लिए एक नया संदेश है। पूरे देश में वॉलीबाल खिलाड़ी और खेल प्रेमी बेसब्री से लम्हे का इंतजार कर रहे थे।

वीरेंद्र कंवर को वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के (बीएफआई) का अध्यक्ष बनने पर पूर्व चेयरमैन रानी रणौत टकोली, चेयरमैन एवं बीडीसी सदस्य देवराज, कुटलैहड के पूर्व मंडल चरणजीत शर्मा, पूर्व महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, पूर्व जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष कैप्टन सुभाष कौंडल, जगदीश मास्टर, पंचायत पिपलू प्रधान महेंद्र सिंह, पूर्व मीडिया प्रभारी अमन शारदा, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्षा मोनिका कौशल, पूर्व मंडल सचिव एवं कुटलैहड सेवा संगठन अध्यक्ष मनु बांका, पूर्व कुटलैहड़ युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि राणा, पूर्व उपाध्यक्ष विजय शर्मा सन्नी, प्रधान त्युड़ी प्रमोद कुमार, प्रधान चरोला सौरभ ठाकुर, उपप्रधान रैन्सरी दलजीत सिंह, प्रधान कोटला सरजीवन, उपप्रधान डंगोली अश्वनी कुमार, पूर्व प्रधान मोमन्यार जसपाल सिंह ढिल्लों, पूर्व मंडल महामंत्री दिलबाग सिंह, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील शारदा, कुटलैहड़ के पूर्व किसान मोर्चा सचिव राकेश शर्मा, पूर्व मंडल सचिव रवि शंकर, पूर्व जिला परिषद सोमदत्त, सतीश कुमार, पंचायत टकोली के पूर्व प्रधान राजेश ठाकुर, पंचायत सोहारी प्रधान संजीव संधू, डीएसपी बुहाणा प्रकाश चंद संधू, किशोरी लाल शर्मा बुहाणा, सुरेंद्र काकू हटली, पंचायत डीहर प्रधान कृष्णा देवी, पंचायत प्लाहटा उपप्रधान शक्ति सिंह ठाकुर, प्रकाश ठाकुर कोकरा, हाकम चंद, दिनेश कुमार, रघुवीर सिंह संगम, चिंतपूर्णी लोअर भाजपा मीडिया प्रभारी मनोज डोगरा, पूर्व खरयालता प्रधान सुखदेव शर्मा, पूर्व प्रधान डीहर बलदेव सिंह, स्वरूप ठाकुर, तेज सिंह सहित सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

**मुलाकात** अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष कुलदीप से मिला श्री गुरु रविदास महासभा का प्रतिनिधिमंडल

# बोर्ड गठन, बजट बढ़ोतरी सहित अन्य मांगें की जाएं पूरी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



श्री गुरु रविदास महासभा हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल कुलदीप कुमार को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान से आज (मंगलवार) उनके कार्यालय में श्री गुरु रविदास महासभा हिमाचल प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने आयोग अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा।

मुख्य मांगों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के लिए शीघ्र बोर्ड गठन, योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक दक्षता हेतु बजटीय संसाधनों में बढ़ौतरी तथा जनसंख्या के अनुपात में विशेष बजटीय प्रावधान सुनिश्चित करने का आग्रह शामिल रहा। प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना मॉडल के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में भी एससी-एसटी विकास निधि के लिए विशेष अधिनियम लाए जाने की मांग की, जिससे राज्य के कुल बजट का 33 प्रतिशत अनुसूचित वर्गों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास हेतु सुनिश्चित किया जा सके।

आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और उन्हें राज्य में सामाजिक समरसता व समावेशी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक करार दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आयोग इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग प्रदेश में वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा तथा उनकी सामाजिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए ठोस कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ा जा रहा है।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा एवं अधिवक्ता विजय डोगरा, सदस्य सचिव विनय मोदी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चंद भाटिया के साथ श्री गुरु रविदास महासभा के पदाधिकारी हरि राम हीर, ऊना महासभा की अध्यक्ष शकुंतला संधू, रिटायर्ड तहसीलदार बलदेव, खंड इकाई कांगड़ा के अध्यक्ष कमल सरोच, उपाध्यक्ष प्रताप, मीडिया प्रभारी सुलिंदर चोपड़ा, बलराम महे, बख्शी राम भट्टी, चिंतपूर्णी विधानसभा से हर्ष कुमार, सुखदेव, धुसाड़ा से जुल्फी राम, महेश कुमार, रविंदर सिंह तथा रोहित ठाकुर व अन्य सदस्य साथ रहे।

# सीएम की शाबाशी ने बढ़ाई विधायक विवेक शर्मा की राजनीतिक चमक : राम आसरा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने पिपलू मेले पर पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला इस बार कई मायनों में खास रहा। पहली बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खुद इस आयोजन में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए और मंच से विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की खुलकर सराहना की। यही नहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी विधायक के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि कुटलैहड़ में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। यह विवेक शर्मा को मिली शाबाशी ही पूर्व विधायक को खटक रही है। तभी पिपलू मेले पर अंगुली उठा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखबिंदर सुक्खू ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जिस लगन और समर्पण से इस मेले को सफल बनाया है और राज्य स्तर तक की पहचान दी है, वह प्रशंसनीय है। उन्हें न केवल सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा, बल्कि कुटलैहड़ की जनता के हित में किए गए हर अच्छे कार्य को पूरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सफलता और सीएम की खुले मंच से तारीफ ने कुटलैहड़ की भाजपा की राजनीति में हलचल मचा दी है। राम आसरा शर्मा ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा को कुटलैहड़ की जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। पिपलू मेला सफल रहा और इसका श्रेय समस्त जनता को जाता है। जिन्हें इससे समस्या है, वे दरअसल विधायक विवेक शर्मा की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए हुए हैं। उन्हें किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है, जनता ने उन्हें कांग्रेस के हाथ के चिन्ह पर चुनकर विधानसभा भेजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जीएसटी जागरूकता अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा मनाली में जीएसटी जागरूकता अभियान का आगाज हुआ। जीएसटी अनुपालन एवं राजस्व वृद्धि पर विशेष जागरूकता अभियान (4 जुलाई तक) मनाली में आयोजित होगा। संयुक्त आयुक्त राकेश भारतीय द्वारा उत्तरी क्षेत्र के लिए एक विशेष संवादात्मक सत्र शुरू किया गया। मनाली ट्रेडर्स एसोसिएशन, मनाली होटल एसोसिएशन और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सदस्यों सहित 60 से अधिक हितधारकों को संबोधित करते हुए भारतीय ने उचित चालान के महत्त्व पर जोर दिया और राज्य के राजस्व सृजन में करदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। इस सत्र का समन्वय सहायक आयुक्त विजय धीमान और राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क अधिकारी माधवेंद्र मोहन ने किया। प्रतिभागियों को नवीनतम जीएसटी प्रावधानों, अधिसूचनाओं और अनुपालन आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने पहल की सराहना की और भविष्य में विभाग के साथ इस तरह के और अधिक जुड़ाव में रुचि व्यक्त की।

### तापमान बढ़ते ही बढ़ने लगा ब्यास का जलस्तर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** तापमान बढ़ते ही ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। ऐसे में नदी किनारे जाना जानलेवा हो सकता है। प्रशासन द्वारा लगाए सूचना बोर्ड को अनदेखा कर पर्यटक नदी किनारे अठखेलियां कर रहे हैं। मनाली प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा व डीएसपी मनाली केडी शर्मा स्वयं मौके पर जाकर समय-समय पर पर्यटकों को नदी किनारे से हटा रहे हैं। मनाली निवासी सुरेश, सुरेंद्र व अनिल ने बताया कि इन दिनों कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे किनारे दर्जनों स्थानों पर ब्यास की खतरनाक जलधारा से अनजान पर्यटक पानी के साथ अठखेलियां कर रहे हैं। उनका कहना है कि पर्यटक कई बार अपनी जान से भी हाथ धो बैठे हैं। नदी किनारे लगाए सूचना बोर्ड को पर्यटक अनदेखा कर रहे हैं। एसडीएम मनाली ने होटल कारोबारियों सहित समस्त पर्यटन कारोबारियों से आग्रह किया कि पर्यटकों को नदी किनारे न जाने के लिए प्रेरित करें।

### रक्तदान कर जीवनदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने स्वयं रक्तदान कर अध्यापकों व अभिवावकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में शिक्षकों, अध्यापकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर एक महान कार्य किया। रक्तदान के माध्यम से सभी ने समाज में जीवन रक्षार्थ अपने योगदान का अहसास कराया। इस शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल मनाली के सहयोग से किया गया। इसमें अस्पताल के चिकित्सकों व विशेषज्ञों की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया की निगरानी की। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से इस नेक कार्य को सफल बनाया। स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में जागरूकता फैलाने का एक बेहतरीन माध्यम हैं और हम हमेशा ऐसे आयोजनों के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहते हैं। समाज में रक्तदान का महत्व समझाते हुए स्कूल ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का वादा किया, ताकि जरूरतमंदों की मदद की जा सके।

### पुलिस कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं सुनीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में अपराधों पर नियंत्रण और पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस लाइन कुल्लू (बाशिंग) स्थित सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, उपपुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, शेर सिंह एवं चंद्रशेखर सहित सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही लंबित कल्याणकारी मुद्दों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. कार्तिकेयन ने जिले में इस माह के दौरान घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अभियोगों के जल्द और प्रभावी निपटारे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विशेष रूप से नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि नशा व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण और पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग का मूल उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, समाज में सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ करना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

### बच्चों के निरंतर विकास के लिए बिंदुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व विद्यालय प्रबंधक ओम प्रकाश ठाकुर, प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगदेव ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अवरोल, कोषाध्यक्ष तारा चंद, पीटीए अध्यक्ष विशाल मेहरा, उपाध्यक्ष उर्मिला, कोषाध्यक्ष उमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रबंध समिति के अध्यक्ष व अन्य गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर मां शारदा के चरणों में पुष्प अर्पित किए। वंदना के पश्चात जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश ने अभिभावकों से बातचीत करते हुए बालक को केंद्र बिंदु मानकर उनके हित में कार्य करने को कहा। प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर ने अभिभावकों से प्रबंध समिति, पीटीए व मातृभारती के सदस्यों का परिचय करवाया व उनका अभिनंदन व स्वागत किया। अभिभावकों को विद्यालय गतिविधियों से अवगत करवाया। बच्चों के निरंतर विकास के लिए अभिभावकों के साथ बहुत से बिंदुओं पर चर्चा की। अभिभावक सम्मेलन में अभिभावकों की बहुत सी समस्याओं का निपटारा किया गया

# देवलोक में दिखेगी संस्कृतियों की झलक

## मनाली में 13 से 15 जून तक हिमाचल का दूसरा फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा और अनुराग वशिष्ठ ने कहा कि मनाली के 15 मील स्थित देवलोक में विभिन्न संस्कृतियों की झलक दिखेगी।

सोमवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले के देवलोक में 13 से 15 जून तक हिमाचल प्रदेश का दूसरा फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। राजा सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इस फेस्टिवल में लोगों को 50 से अधिक फिल्मों को देखने का मौका मिलेगा। इन फिल्मों में अधिकतर वे फिल्में हैं, जो आपको न तो बड़े पर्दे पर देखने को मिलेंगी और न ही किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर। सोनाली बोस की ए फ्लाई ऑन द वॉल, सुभद्रा महावन की सेकेंड चांस, दिवाकर दास रॉय की दिल्ली डाक और मानसी माहेश्वरी की बन्नी हुड कुछ ऐसी फिल्में हैं, जो आपको जीवन की सच्चाई और समाज की वास्तविकताओं से परिचित करवाएंगी। बन्नी हुड कांस फिल्म फेस्टिवल के बाद सीधे इस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा रही है। मिर्च मसाला और गाइड जैसी फिल्मों को शाम के समय दिखाया जाएगा, ताकि लोग परिवार के साथ इन्हें देखने के लिए आ सकें। यह फिल्में रोजाना सुबह 11 से शाम 6 बजे तक दिखाई जाएंगी। इस फिल्म फेस्टिवल में कई जाने-माने अभिनेता, डायरेक्टर और लेखक आदि भाग लेने के लिए यहां आ रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से आदिल हुसैन, प्रतिभा रांटा, रघुवीर यादव, केतन मेहता, दीप्ति नवल, समीर शर्मा, आनंद पटवर्धन, दीपा शाही और पारितोष संड सहित अन्य कलाकारों के नाम शामिल हैं।

### संगीतमयी भी होगा माहौल

**राजा** सिंह मल्होत्रा और अनुराग वशिष्ठ ने बताया कि हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल में संगीत की छटा के भी अलग रंग देखने को मिलेंगे। इंडिपेंडेंट म्यूजिक में भरत चौहान, ओशो जैन, सलमान इलाही, विस्मय पटेल और ड्रीम नॉट बैंड अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### स्कूली बच्चों को बताएंगे कैसे बनती हैं फिल्में और कैसे होती है एक्टिंग

**राजा** सिंह मल्होत्रा और अनुराग वशिष्ठ ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल के साथ आर्ट को भी जोड़ा गया है। इसके माध्यम से सेऊबाग और जाणा स्कूल सहित क्षेत्र के 600 से अधिक बच्चों को आर्ट के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें बॉडी मूवमेंट, एक्टिंग, फैशन, डांस, आर्ट और थियेटर के बारे में बताया जाएगा। खास बात यह रहेगी कि इन बच्चों को फिल्म मेकिंग के बारे में भी बताया जाएगा और एक्टिंग के गुर सिखाए जाएंगे। कैमरे से लेकर एक मोबाइल फोन से आप दृश्यों को किस तरह से शूट कर फिल्म बना सकते हैं और अपने अंदर छुपी प्रतिभा को कैसे बाहर ला सकते हैं, इन सब विषयों की जानकारी बच्चों को दी जाएगी। इसके लिए नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की टीम विशेष रूप से इस फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने यहां आ रही है।

# नदी-नालों व हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में न उतरें पर्यटक : डीसी

**आदेशों की अवहेलना पर 8 दिन का कारावास, पांच हजार तक का होगा जुर्माना**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि जिला प्रशासन की समय-समय पर चेतावनी के बावजूद, कुल्लू जिले में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक बड़ी संख्या में ब्यास, पार्वती नदी और तीर्थन खड्डु के किनारों पर तस्वीरें/सेल्फी लेने की तस्वीरें समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के ध्यान में आई हैं।

इसमें बजौरा से सोलंग नाला, भुंतर और तहसील बंजार के कुछ क्षेत्रों में तीर्थन खड्डु के किनारों पर तस्वीरें/सेल्फी लेने के लिए पर्यटक नदियों-नालों में जा रहे हैं। जिला प्रशासन के संज्ञान में यह भी आया है कि कुछ होटलों एवं रेस्टोरेंट्स द्वारा नदी किनारे खुले में बैठने की व्यवस्था और ओपन-एयर कैफे भी बनाए गए हैं, जो अचानक जल स्तर बढ़ने की स्थिति में जानलेवा साबित हो सकते हैं। प्रशासन द्वारा कई बार जारी हिदायतों के बावजूद अनेक लोग नदियों के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र के भीतर जाकर अनावश्यक रूप से खतरा मोल ले रहे हैं। पूर्व में भी ऐसा देखने में आया है कि इस प्रकार की लापरवाही के कारण कई लोगों की डूबने से मृत्यु हो चुकी है। प्रदेश में बरसात भी लगभग आने वाली है, जिससे नदी-नालों-खड्डों के जल स्तर में अचानक वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस गंभीर मुद्दे पर डीसी ने हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा-111 के अंतर्गत प्राप्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुए जिले के नदी/खड्डु/नाला के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में बिना अनुमति के प्रवेश नहीं करने के आदेश जारी किए हैं। यह अनुमति केवल आजीविका अथवा साहसिक गतिविधियों के लिए विशेष परिस्थितियों में दी जा सकती है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर एचपी पुलिस अधिनियम की धारा 115 के अंतर्गत दोषी व्यक्ति को अधिकतम 8 दिन का कारावास या एक से पांच हजार तक का जुर्माना, अथवा दोनों हो सकते हैं।

# दो दिन के भीतर शुरू होगी लेह-दिल्ली बस सेवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि दो दिन के भीतर दिल्ली-लेह बस सेवा शुरू हो जाएगी। इससे पहले मनाली-बारालचा-लेह मार्ग बहाल होते ही लेह, दिल्ली बस सेवा जिला स्तर पर शुरू करवा दी जाती थी, लेकिन हाई कोर्ट के निर्देश उपरांत पूरे हिमाचल में पुराने सभी रूट कैंसिल करवा दिए गए थे और नए सिरे से सरकार को रूट के परमिशन देने के निर्देश दिए गए थे, जिस कारण पूरे हिमाचल में कई रूट प्रभावित हुए। सरकार द्वारा नए सिरे से परमिट देने का कार्य प्रक्रिया में है और लेह-मनाली रूट पर शाम तक परमिट मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दूसरी ओर उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय केलांग में पिछले कई वर्षों से पानी की कमी एवं मटमैले पानी की गंभीर समस्या थी, जो जल्द दूर हो रही है। 3.5 लाख एवं 1 लाख लीटर की क्षमता वाले दो टैंक बनाने का कार्य आरंभ किया गया है और यह कार्य आजकल पूरी तरह से प्रगति में है। ट्यूबबेल टेस्टिंग का कार्य भी सफलतापूर्वक करवा लिया गया है। लाहौल सहित स्पीति घाटी के मुख्यालय काजा में भी इसी तरह की समस्या के निदान के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# छतों से सड़क पर सीधा डाला जा रहा बारिश का पानी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** आनी बश्ता सड़क मार्ग पर बराड़ नामक स्थान में सड़क पर पैच वर्क और टारिंग का कार्य चल रहा है। लाखों रुपए खर्च कर लोक निर्माण विभाग द्वारा इस खस्ताहाल सड़क की मरम्मत को लेकर यह कार्य किया जा रहा है, लेकिन यहां एक बड़ी समस्या और लापरवाही सामने आई है।

बराड़ के कुछ घरों के मालिकों ने अपनी छतों से बारिश का पानी सीधे सड़क पर छोड़ रखा है। पानी की निकासी घरों की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल से सीधे सड़क पर हो रही है, जिससे सड़क का तारकोल पहले भी उखड़ा है और भविष्य में भी इसके उखड़ने की संभावना है। लोक निर्माण विभाग टारिंग तो करवा रहा है, लेकिन नियमों का पालन किए बिना छत के पानी को सीधे सड़क पर गिराने वाले घरों के मालिकों को रोक नहीं रहा। इस पर टारिंग कार्य के ठेकेदार पूर्ण चंद शर्मा ने लोक निर्माण विभाग से अपील की है कि ऐसे घरों के मालिकों को समय रहते सूचित किया जाए, ताकि छत का पानी सड़क पर गिरने से रोका जा सके। उनका कहना है कि अगर यह समस्या नहीं रोकी जाती, तो सड़क का टारकोल फिर से उखड़ जाएगा और इसके लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। इस मुद्दे को लेकर गांववासियों और विभाग के बीच गंभीर चर्चा की आवश्यकता है, ताकि सड़क को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। वहीं, इस बारे में लोक निर्माण विभाग के दलाश उपमंडल के सहायक अभियंता ज्ञान भारती का कहना है कि यह सीधे-सीधे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिसके लिए संबंधित भवन मालिकों को तय नियमों के तहत नोटिस देने के निर्देश कनिष्ठ अभियंता को दे दिए गए हैं।

# सड़क को लेकर 7वें दिन भी धरना जारी

**अनंत ज्ञान, आनी**



निरमंड में गुगरा सड़क की सात सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे लोगों का धरना मंगलवार को 7वें दिन भी जारी रहा। हालांकि, मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह से मुलाकात की और एसडीएम निरमंड को 14 जून को होने वाले धरने की कौरव सूचना दी और चक्काजाम की अनुमति मांगी।

वहीं, एसडीएम निरमंड ने लोक निर्माण विभाग के साथ हस्तक्षेप किया, जिस पर लोक निर्माण विभाग के एक्सइएन निरमंड मनोज कुमार ने समाधान के लिए आश्वासन दिया, जबकि एसडीओ दलाश और निरमंड के एक्सइएन ने बैठक बुलाई, जिसमें एक घंटे तक चर्चा हुई। हालांकि, बैठक में सभी मांगों पर सहमति नहीं बन पाई, लेकिन यह तय हुआ कि 14 तारीख से पहले कुछ काम शुरू किए जाएंगे, जिस पर प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि यदि 14 जून से पहले कुछेक कामों को शुरू न किया गया, तो निरमंड में उग्र धरना-प्रदर्शन कर ट्रैफिक जाम कर दिया जाएगा। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे सीटू नेता और क्षेत्र के ग्रामी पदम प्रभाकर ने बताया कि स्लैब कलबट डालने की मांग पूरा करने को तीन महीने का समय मांगा गया है, जबकि सड़क की मरम्मत पर 9 लाख खर्च के लिए 20 दिन का समय मांगा गया है, जबकि मांग थी कि सड़क निर्माण के दौरान जिन लोगों ने जमीन दान दी थी, उनकी जमीनों को बचाने के लिए डंगे लगाए जाएंगे, जिस पर सहमति नहीं बन पाई। वहीं, शिला पानी में सेंक्शन हुए स्लैब कलवर्ट का निर्माण छोड़ चुके ठेकेदार के कारण फिर से टेंडर प्रक्रिया होगी। लढागी से तराला तक के सड़क मरम्मत के काम में 5 दिनों में तेजी लाने का आश्वासन दिया गया, जबकि आश्वासन दिया कि जीरो प्वाइंट से खादबी शौहण सड़क को 5 दिनों में पास किया जाएगा और 16 तारीख से पहले ट्रायल के लिए बस भेजी जाएगी। पदम प्रभाकर ने कहा कि यदि जिन कामों पर सहमति बनी है, उनका कार्य जमीनी स्तर पर शुरू नहीं होता, तो 14 जून को धरना-प्रदर्शन निरमंड उपमंडल मुख्यालय में होगा।

# शमशी स्कूल में लघु नाटक 'शेर का शिकार' का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू द्वारा आसपास के स्कूलों में आयोजित की जा रही नाट्य कार्यशालाओं में तीसरी नाट्य कार्यशाला का समापन राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला शमशी में हुआ। समापन अवसर पर कार्यशाला के दौरान तैयार किए गए लघु नाटक 'शेर का शिकार' का प्रतिभागी बच्चों ने, स्कूल के अन्य छात्रों और अध्यापकों के समक्ष सफल मंचन किया। संस्था की दो युवा रंगकर्मी पायल तथा आंचल द्वारा इस कार्यशाला का संचालन कर बच्चों में अभिनय और नाट्य विधा के अपने अनुभवों को साझा किया।

केशव चंद्र वर्मा द्वारा लिखित इस नाटक की कहानी में वानी, मीरा, जग्गु, बड़े भइया के साथ मिलकर अपने साथियों के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बनाते हैं। सभी खूब मजे करते हैं, नाचते हैं, गाते हैं। रास्ते में सभी मिलकर जग्गु को डराते हैं और हंसी, खुशी घर वापस आ जाते हैं। नाटक में वंशिका, दुर्गा, अंतरिक्षा, नेहा, सोनम, नेंसी, शानवी, काजल, अनिशा, खुशी आदि बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका ने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और ऐक्टिव मोनाल संस्था का इस कार्यशाला के आयोजन के लिए धन्यवाद किया और आग्रह किया कि भविष्य में भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन करें।

# कैनवॉश पर प्राकृतिक सौंदर्य को उकेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


नगर में पंजाब के कलाकारों की क्यूरेटरशिप में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन।

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में कलाकार संघ पंजाब रजि. द्वारा रंगरक्स-3 शीर्षक के अंतर्गत पंजाब के प्रसिद्ध कलाकारों हरीश वर्मा, बबीता और अंकुश अठी की क्यूरेटरशिप में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सीनियर कलाकार विजय बिस्वाल ने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रदर्शनी में गेस्ट ऑफ ऑनर अचिंत्य हाजरा और सिकंद्र सिंह रहे। कैलियोग्राफर हरीश वर्मा पेशे से विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं और विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कैलियोग्राफी और चित्रकला के ऊपर व्याख्यान देते रहते हैं। चित्रकार ने प्राकृतिक सौंदर्य पर अपने चित्र बनाए हैं। इस प्रदर्शनी में कलाकार एवं चित्रकला अध्यापक अंकुश अठी ने लुप्त हो रहे वन्य प्राणियों के चित्र बनाकर प्रदर्शनी में लगाए हैं। चित्रकार बबीता ने फूलों और प्रकृति के नजारों पर चित्र बनाए हैं। चित्रकार नवरूप कौर, मनप्रीत संधु, अरविंदर कौर, कुलजीत हीर, हरीश वर्मा और राकेश सेखरी ने प्राकृतिक सौंदर्य को चित्रों में चित्रित किया है। चित्रकार अंजली और योगेश्वर हंस ने ऐतिहासिक इमारतों को चित्रित किया है। चित्रकार स्पर्धा ने अध्यात्म के ऊपर चित्र बनाकर प्रदर्शनी में लगाए हैं। चित्रकार पारुल ने बहुत ही मनमोहक चित्र बनाए हैं। कलाकार संघ पंजाब के कलाकारों हरीश वर्मा, अंकुश अठी और बबीता ने जिलाधीश कुल्लू एवं निदेशक आईआरएमटी नग्गर एवं ट्रस्ट प्रबंधन का उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की गैलरी में स्थान देने के लिए धन्यवाद किया। रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन और अन्य पर्यटकों ने चित्रों की बहुत सराहना की। इस अवसर पर सभी चित्रकार और देश-विदेश के पर्यटकों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में कुल 50 चित्र और असंख्य चित्र प्रदर्शन पर हैं। इस प्रदर्शनी में चित्रकार वर्कशॉप के माध्यम से चित्र भी बना रहे हैं। यह प्रदर्शनी 11 जून तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

# सशक्त व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे समाजसेवक जोग राज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोट पंचायत के पूर्व प्रधान और बंजार कांग्रेस के पूर्व प्रधान जोग राज शर्मा के आकस्मिक निधन पर पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ने गहरा दुख व संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि पंडित जोग राज शर्मा समाज में एक सशक्त व मिलनसार व्यक्तित्व के समाजसेवक थे, उनका निधन कुल्लू जिले के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है। सत्य प्रकाश ने कहा कि मैंने आज अपने एक परम सहयोगी को खोया है, उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में हिम्मत प्रदान करने की प्रार्थना की तथा दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की निदेशक प्रेमलता ठाकुर, ब्रहम स्वरूप ठाकुर, रोहित ठाकुर आदि ने भी इनके निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।



# हिमाचल की देसी ऊन अब ऑस्ट्रेलिया में बनाएगी पहचान



**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के नग्गर गांव की कुल्लवी व्हिम्स ने एक नया इतिहास रच दिया है। उनकी देसी ऊन अब ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहचान बनाएगी, जो कि हिमाचल की महिला कारीगरों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने पारंपरिक कौशल का प्रतिनिधित्व करने का पहला अवसर है।

यह उपलब्धि कुल्लवी व्हिम्स के साथ-साथ हिमाचल की हर महिला, हर गांव और पीढ़ियों से अपनी विरासत को सहेजने वाले हर व्यक्ति के लिए गर्व का क्षण है। इस वर्कशॉप में प्रतिभागी स्थानीय उपकरणों से ऊन कातना, प्राकृतिक रंगाई और पारंपरिक बुनाई, बुनाई और फेल्टिंग की तकनीकें सीखेंगे। भृगु राज आचार्य ने बताया कि वे हिमालय से न केवल ऊन, बल्कि अपने लोगों की पहचान, महिलाओं की शक्ति और हस्तनिर्मित परंपराओं की गरिमा भी साथ ले जा रहे हैं। 11 जून से 22 जून तक कुल्लवी व्हिम्स नग्गर की दो प्रमुख महिला कारीगर, लता और सपना, ऑस्ट्रेलिया के फ्रेमैंटल शहर में एक विशेष वर्कशॉप में भाग लेंगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हिमाचली देसी ऊन और उससे जुड़ी पारंपरिक तकनीकों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना है। उनके साथ कुल्लवी व्हिम्स और हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट के सह-संस्थापक भृगु राज आचार्य और सांस्कृतिक साझेदारी निभा रहीं निशा सुब्रमण्यम भी शामिल होंगी।

### सांस्कृतिक दूत बनीं महिला कारीगर

**यह** एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि पहली बार एक छोटे से गांव से महिलाएं विदेश जा रही हैं और वो भी सीखने के लिए नहीं, बल्कि सिखाने के लिए। वे अब केवल कारीगर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दूत भी हैं। लता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमने कभी सोचा भी नहीं था कि ऊन और बुनाई हमें इतनी दूर ले जाएगी। वहीं, सपना ने अपने गांव और परंपराओं का विश्व स्तर पर प्रतिनिधित्व करने को एक सपने जैसा बताया।

**मांग** भर्ती प्रक्रिया में नियमानुसार पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो करेंगे प्रदर्शन

# रद्द कर दोबारा करवाएं एनटीटी के साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने सोमवार को जिला कुल्लू सहित पूरे प्रदेश में एक निजी कंपनी द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षकों और आया की भर्ती के लिए लिए गए साक्षात्कारों को तुरंत प्रभाव से रद्द करने की मांग की है।



संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ मुख्य सलाहकार एमआर संगरोली, मुख्य सलाहकार सीताराम ठाकुर, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह हांडा आदि ने संयुक्त बयान में कहा कि सोमवार में कुल्लू शहर से दूर सुनसान जगह पर एक निजी होटल में एनटीटी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में सभी नियमों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से अभ्यर्थियों के दस्तावेज लिए गए। बाह्य सराज आनी, निरमंड, बंजार और दूरदराज के क्षेत्रों से नीट शिक्षकों और आया की भर्ती के लिए सैकड़ों महिलाओं को बुलाया गया, लेकिन न तो किसी निर्धारित प्रपत्र पर अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र लिए गए और न ही निर्धारित अटेंडेंस शीट पर अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर करवाए गए। इतना ही नहीं, उक्त निजी होटल में मौजूद कंपनी के लोगों द्वारा, महिला अभ्यर्थियों द्वारा सौंपे गए दस्तावेजों की कोई रसीद नहीं दी गई, जिससे उक्त निजी कंपनी द्वारा करवाई गई भर्ती प्रक्रिया में बड़े घपले की बू आ रही है।

### कायदे से हो नर्सरी प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया

**हिमाचल** प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि कायदे से नर्सरी प्रशिक्षित शिक्षकों की पूरी भर्ती प्रक्रिया एसडीएम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के माध्यम से होनी चाहिए। इसमें जिले के उपनिदेशक स्कूल शिक्षा, जिला परियोजना अधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान), संबंधित शिक्षा खंड के खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी और एक वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ की निगरानी में साक्षात्कार लिए जाएं, ताकि नर्सरी प्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। संघ की मांग है कि एनटीटी की पूरी भर्ती प्रक्रिया एसडीएम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति की निगरानी में उपमंडल स्तर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) के कार्यालय अथवा किसी सरकारी शिक्षण संस्थान में नियमानुसार दोबारा करवाई जाए और चयन समिति द्वारा मेरिट लिस्ट बनाई जाए।

### संघ डीसी कार्यालयों के बाहर करेगा प्रदर्शन

**संघ** के प्रदेशाध्यक्ष गुलशन ने कहा कि योग्यता सूची के आधार पर ही चयनित पात्र अभ्यर्थियों को आउट सोर्सिंग आधार पर नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए संबंधित निजी कंपनी को निर्देश दिए जाएं। संघ ने चेताया कि अगर एनटीटी भर्ती प्रक्रिया में नियमानुसार पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ उपायुक्त कार्यालयों के बाहर धरना-प्रदर्शन करेगा।

# सिस्सू व दीपकताल झील, भागा नदी में डाले ब्राउन व रेनबो ट्राउट के बीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



मत्स्य विभाग हिमाचल प्रदेश के उपनिदेशक कार्यालय रूट फॉर्म पतलीकूहल द्वारा जिला लाहौल स्पीति-में 10000 ब्राउन ट्राउट और रेनबो ट्राउट का बीज संग्रहण किया।

इसमें लगभग 1500 सिस्सू झील में डाले गए, 3000 के लगभग गोशाल गांव में और 3000 के लगभग जिस्पा के समीप भागा नदी और 2500 बीज दीपक ताल झील में संग्रहित किए। विभाग समय-समय पर प्रदेश के सभी नदी-नालों में भी बीज का संग्रहण करता रहता है, ताकि मत्स्य आखेट व मछुआरों की आजीविका चलती रहे, जिससे आने वाले समय में लाहौल घाटी में मत्स्य आखेट की गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और हमारे युवा वर्ग को स्वरोजगार की ओर प्रेरणा मिल सके। संग्रहण के दौरान ग्राम पंचायत सिस्सू, ग्राम पंचायत गोशाल, ग्राम पंचायत जिसपा के पदाधिकारी व स्थानीय निवासी और विभागीय अधिकारी अरुण कांत, उपनिदेशक गोपाल चौहान, मत्स्य अधिकारी देवराज उपनिरीक्षक उपस्थित रहे। उपनिदेशक ट्राउट फार्म पतलीकूहल ने स्थानीय निवासियों व ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों से अवैध शिकार पर पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया, ताकि हमारे जल संसाधनों की रक्षा सही ढंग से हो सके। निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य हिमाचल प्रदेश विवेक चंदेल ने कहा विभाग मत्स्य संग्रहण और मत्स्य संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेचड़ मैदान में दंगल का आयोजन 13 जून को

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के गांव स्यार के नेचड़ मैदान में ट्रांसपोर्टरों द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन 13 जून को किया जाएगा। इसमें कई राज्यों के पहलवान हिस्सा लेंगे व उन्हें नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। स्यार नेचड़ में होने वाले दंगल को लेकर तैयारी पूरी कर ली हैं। दंगल के आयोजक अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन सहकारी सभा (एडीकेएम) के पूर्व प्रधान बालक राम शर्मा, राम कृष्ण बंसल, अरुण शुक्ला और जय चंद चंदेल ने बताया कि पंचायत दाड़लाघाट के स्यार नेचड़ में 13 जून को दंगल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त इलाकावासियों से इस दंगल में बढ़-चढ़कर भाग लेने व लखदाता महाराज का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### नारा लेखन में साधना को मिला दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की होनहार छात्रा ने राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में नारा लेखन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य केके चंदोला ने बताया कि प्रदेश के कांगड़ा जिले के ढलियारा में प्रदेश शिक्षा विभाग और हिमकॉस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 32वें राज्यस्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान थीम के अंतर्गत नारा लेखन में साधना सिंह ने राज्यस्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। साधना सिंह को यह सम्मान प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केके चंदोला ने विद्यालय की छात्रा साधना सिंह और उनके गाइड अध्यापक अर्जुन सिंह सहित समस्त अध्यापकों को बधाई प्रेषित की।

### शिलाई में सड़क हादसा, युवक-युवती घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई ब्लॉक के रोनहाट क्षेत्र में तड़के हुए सड़क हादसे में एक युवक-युवती गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद एसएचओ को मौके पर भेजा गया है। घायलों को शिलाई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है व दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

### इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** बिजली उपमंडल अर्की के अधीन 220 केवी सब स्टेशन जाबल जमरोट से अर्की तक 33 केवी एचटी लाइन के रखरखाव के चलते 13, 16 व 18 जून को तथा 11 केवी फीडर के रखरखाव के लिए गांव बातल, मांझू, अर्की तथा इसके आसपास के क्षेत्र में 14, 17 और 19 जून को बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 तक बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली उपमंडल के सहायक अभियंता ई. नीरज कुमार कतना ने दी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पीएम मोदी के 11 साल बेमिसाल : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के मामले में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिसमें नया लोकसभा भवन, जम्मू कश्मीर में चिनाब ब्रिज का निर्माण, जिसकी तारीफ पूरी दुनिया कर रही है। हिमाचल में रोहतांग टनल, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, धारा 376 को समाप्त करना, बक्फ बोर्ड कानून को समाप्त करना, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त करना, देश के गरीबों की सेवा एवं वंचितों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है। इसमें हिमाचल के 28.46 लाख गरीब लोगों को मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत देश के गरीब लोगों के लिए 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। इसमें हिमाचल में भी गरीबों के लिए 18 हजार पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 3.7 लाख गरीब किसानों को हर साल छह हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इसमें हिमाचल के भी आठ लाख किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

### बाबा श्री खाटू श्याम का संकीर्तन समारोह 14 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट की तरफ से 14 जून को ओल्ड बस स्टैंड में बाबा श्री खाटू श्याम का संकीर्तन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए भव्य दरबार सजाया जाएगा। इसकी सुंदरता देखते ही बनेगी। संकीर्तन के पहले 13 जून को बाबा की निशान यात्रा भी होगी। निशान यात्रा माता शूलिनी देवी मंदिर से 2 बजे शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए ओल्ड डीसी ऑफिस से वापस माल रोड होते हुए ओल्ड बस स्टैंड पहुंचेगी। निशान यात्रा ढोल नगाड़ो और भजन-कीतर्न के साथ निकलेगी। इस मौके पर 1100 खाटू श्याम के निशान बांटे जाएगे। इस दौरान भक्तजनों पर इत्र और पुष्प वर्षा होगी। साथ ही प्रसाद का वितरण भी होगा। ट्रस्ट के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कहा कि 14 जून को होने वाले भव्य संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायिका अंजलि द्विवेदी और जतिन जिंदल बाबा खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। इस समारोह में हजारों की संख्या में बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने पहुंचेंगे।

### छात्रों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन ने ईको विज्ञान फाउंडेशन एवं अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु के सहयोग से कक्षा 9 से 12वीं के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यशाला श्रृंखला का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें पर्यावरणीय मुद्दों को समझने व समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशालाओं के अंतर्गत नेचर राइटिंग, सतत जीवन शैली (सस्टेनेबल लिविंग), जैव विविधता प्रलेखन तथा पर्यावरण विज्ञान में करियर के विकल्पों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। यह सभी सत्र व्यावहारिक एवं संवादात्मक रहे। इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशालाओं के दौरान छात्रों ने न केवल प्राकृतिक दुनिया के साथ अपने संबंध को समझा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की प्रेरणा भी प्राप्त की।

### पंजाबी गायिका मन्नत ने सुरों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पंजाबी संगीत के रंग में डूबी रही। मशहूर पंजाबी गायिका मन्नत नूर ने जब मंच संभाला, तो दर्शकों की तालियों और उत्साह का ठिकाना नहीं रहा। उनकी सुपरहिट प्रस्तुति लांग लाइची' पर पूरा मैदान झूम उठा और देर रात तक संगीत का जादू बना रहा। इस खास संध्या में मन्नत नूर के साथ-साथ पंजाबी संगीत जगत के लोकप्रिय कलाकार अश सिंह और रेशम सिंह अनमोल ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी। उनके गानों पर दर्शकों ने खुलकर तालियां बजाईं और थिरकते नजर आए।

# भवन मालिक के दो से अधिक पानी के कनेक्शन हैं, तो होगी कार्रवाई

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** गर्मियों में पानी की किल्लत को देखते हुए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। निगम प्रशासन ने शहर में जिन भवन मालिकों ने नियमों के विपरीत दो से अधिक पानी के कनेक्शन लिए हैं, उन पर अब कार्रवाई शुरू कर दी है।

दो से अधिक कनेक्शन का प्रयोग करने वाले भवन मालिकों को नोटिस भेजे हैं। इससे शहर में हड़कंप मच गया है, अब आगामी दिनों में अवैध रूप से प्रयोग में लाए जा रहे पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। गर्मियों में पानी की किल्लत न हो, इसे देखते हुए नगर निगम ने सख्ती दिखाई है। पिछले साल भी पानी की किल्लत होने पर नगर निगम ने अवैध कनेक्शन पर शिकंजा कसा था। सबसे पहले सरकारी कॉलोनियों से कार्रवाई शुरू की थी। यह कार्रवाई अभी तक चली हुई है। अब वार्डों में अवैध कनेक्शन काटने शुरू कर दिए हैं।



हैरत की बात तो यह है कि दो से अधिक कनेक्शन का आवंटन शहर में कैसे हुआ है, इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। पीजी और दुकानों में दो से अधिक पानी के कनेक्शन लगे हैं। ऐसे में कर्मचारियों पर मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं। गौर रहे कि शहर में गर्मियों के दिनों में पानी की किल्लत का सामना लोगों को करना पड़ता है। नियमों के अनुसार एक भवन मालिक अधिकतम दो ही कनेक्शन ले सकता है, लेकिन शहर में कई भवनों, होटलों, पीजी समेत रेस्तरां में पांच से सात कनेक्शन तक लगे हुए हैं।

शहर में कई वर्षों से कीमैन स्थानांतरित नहीं हुए हैं। ऐसे में कहीं न कहीं कीमैन की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में है। कीमैन अपने हिसाब से पानी शहर के वार्डों में छोड़ते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि शहर में कार्यरत कीमैन को इधर-उधर शिफ्ट किया जाए।

### होटलों में नहीं होती पानी की कमी

**हैरत** की बात तो यह है कि शहर में कई होटल चल रहे हैं, लेकिन होटलों में आज तक पानी की कमी नहीं हुई है। न ही कभी होटलों के बाहर टैंकर खड़े दिखाई दिए हैं। पानी की कमी के बाद अक्सर शहर में लोगों को पानी के टैंकरों का सहारा लेना पड़ता है। बीते वर्ष पानी की किल्लत होने पर होटलों में भी अवैध कनेक्शन मिले थे। कई जगहों पर तीन से अधिक अवैध कनेक्शनों से पानी दिया जा रहा था।

**शहर** में दो से अधिक पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इसके लिए टीम को तैनात कर दिया है। नोटिस दिए जा रहे हैं। एक भवन मालिक अधिकतम दो ही कनेक्शन ले सकता है। इसको लेकर हाउस में भी प्रस्ताव पारित हुआ है।

**उषा शर्मा, महापौर, नगर निगम, सोलन।**

# घोटालों को लेकर मंच का जनहित याचिका दायर करने का प्रस्ताव पारित

**महेंद्र, अनंत ज्ञान**

**परवाणू।** परवाणू विकास मंच की बैठक अध्यक्ष सतीश बेरी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मंच के सभी सदस्यों द्वारा परवाणू के विभिन्न मुद्दों एवं विकास कार्यों पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान परवाणू नगर परिषद में 2015 से लेकर अब तक चल रहे घोटालों को लेकर मंच की ओर से जनहित याचिका दायर करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें टाइल्स खरीद घोटाला, मिनी हाई मास्ट लाइट खरीद घोटाला, वित्तीय नियमों का उल्लंघन कर ए क्लास ठेकेदार को 29 लाख का भुगतान करना, तीन लाख के टेंडर पर 26 लाख के बंदर पकड़ना व अन्य मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मंच की ओर से एक सुझाव कार्यकारी अधिकारी को परवाणू के वार्डों के नए सीमांकन को लेकर भेजा गया। मंच द्वारा भेजे सुझाव में सभी वार्डों की वोटर लिस्ट पुनः तैयार करने तथा वार्डों को पुनः सीमांकन करने के लिए कुछ विशेष बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। वहीं एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से मंच द्वारा परवाणू में होने वाले कुछ विकास कार्यों पर भी समीक्षा की गई।

इनमें पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के स्कूल के लिए सरकार से भूमि की मांग करना, परवाणू के आस पास गोशाला का निर्माण, परवाणू बैरियर पर आई लव माय परवाणू के नाम का ग्लो साइन बोर्ड लगाना, प्रधानमंत्री गरीब आवास योजना के तहत बने मकानों के सामने रिटेनिंग वॉल लगाना और शहर में जन सुविधा के लिए सीसीटीवी कैमरे न लगाए जाने के कारण जनता को होने वाले नुकसान के लिए नगर परिषद को नोटिस देना शामिल है। अध्यक्ष सतीश बेरी ने कहा कि परवाणू के विकास के लिए भ्रष्टाचार पर रोक लगाना जरुरी है। इसके लिए जनता को भी अपनी अधिकारों की जानकारी एवं उनके लिए लड़ना आना चाहिए। हमारे द्वारा जनहित में नगर परिषद के उन कार्यों के लिए जिस से सरकार को वित्तीय हानि तथा जनता के पैसे की बर्बादी हुई है, एक जनहित याचिका दायर की जाएगी।

## निर्धन व असहाय लोगों को मुफ्त मिलती है कानूनी सहायता : गौरव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सिरमौर योगेश जसवाल की अध्यक्षता में शिलाई उपमंडल के नाया गांव में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से विधिक सेवा महा शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर योगेश जसवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार पहला विधिक सेवा महा शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता सेवाएं एक कल्याणकारी राज्य के आवश्यक कार्यों में से एक हैं, जिसका कारण यह है कि एक कल्याणकारी राज्य में लोगों को अपनी बाधाओं और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि में अंतर के बावजूद न्याय समान रूप से मिल सके। हमारे समाज में, जहां विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियां हैं, ऐसा अक्सर होता है कि राज्य और उसकी एजेंसियों द्वारा सकारात्मक हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, ताकि न्याय तक समान पहुंच और कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित की जा सके। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नाहन गौरव महाजन ने लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक आय के आधार पर अनुसूचित जाति व जनजाति, विधवा तथा दिव्यांगजनों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है। सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सिरमौर नव कमल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य आम जनमानस को सरकार एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना है। इस शिविर से पूर्व लगभग 150 लोगों की समस्याओं के प्रार्थना पत्र जिला प्रशासन को जल्द समाधान के लिए प्रेषित किए गए हैं।

## शौचालयों की हो उचित व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, नाहन।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पांवटा साहिब की मासिक बैठक एडवोकेट राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई। सभा में सबसे पहले वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राकेश बेदी की पत्नी के स्वर्गवास पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में सदस्यों ने शहर के महत्वपूर्ण बिंदुओं व विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पांवटा साहिब के विश्वकर्मा चौक, बांगरण चौक व बद्रीपुर चौक पर शौचालयों की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही विश्वकर्मा चौक तथा बांगरण चौक पर ट्रैफिक लाइट्स लगवाने की मांग की। बद्रीपुर चौक से पांवटा बाजार तथा यमुना पुल तक पैदल चलने वाले फुटपाथ पर लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं व कुछ दुकानदार सामान फुटपाथ पर रख देते हैं, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। परिषद के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि उपरोक्त समस्या के उचित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।

## रोटरी क्लब ने स्वास्थ्य केंद्र बद्दी को 100 तकिये व कवर भेंट किए



रोटरी क्लब बद्दी के पदाधिकारी अस्पताल में सामग्री भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

रोटरी क्लब बद्दी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बद्दी में निर्माणाधीन 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए डॉ. अनिल अरोड़ा, बीएमओ बद्दी की मांग पर 100 तकिये और तकिये के कवर दिए। यह भेंट मरीजों की सुविधा और आराम को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब बद्दी की अध्यक्षा कविता बंसल, रोटेरियन सतीश कौशल, अतुल गुप्ता, संजीव वर्मा उपस्थित थे। रोटरी क्लब बद्दी की इस पहल से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। क्लब की अध्यक्ष कविता बंसल, सचिव अनुभव भसीन ने बताया कि रोटरी क्लब बद्दी लगातार सामुदायिक सेवा के कार्यों में अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जल्द ही पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल अरोड़ा ने इस भेंट के लिए रोटरी क्लब बद्दी का आभार जताया और कहा कि रोटरी हमेशा अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में अग्रणी रहता है। इस मौके पर अस्पताल का स्टाफ भी मौजूद था।

## सोलन सेशन कोर्ट में रिओपन हुआ कसौली दुष्कर्म केस

**अनंत ज्ञान, कसौली।** कसौली दुष्कर्म केस एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। यह केस सेशन कोर्ट सोलन में रिओपन हुआ है। इससे हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे इंसाफ नहीं मिला है और वह इस लड़ाई को जारी रखेगी। बडौली और रॉकी मित्तल के खिलाफ पुलिस थाना कसौली में दर्ज दुष्कर्म मामले में साक्ष्यों के अभाव के चलते कसौली कोर्ट द्वारा कैंसलेशन रिपोर्ट (सीआर) के बाद बंद किए गए मामले को अब शिकायतकर्ता ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी है। मंगलवार को ही शिकायतकर्ता के वकील ने इस बाबत रिविसन दायर की है। जिसकी अगली तारीख न्यायालय ने 5 जुलाई दी है। दिल्ली निवासी एक महिला ने बीते वर्ष दिसंबर माह में पुलिस थाना कसौली में शिकायत दी थी कि कसौली के एक होटल में बडौली व मित्तल ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## लोक निर्माण विभाग 14 जून को करवाएगा महावीर दंगल

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल में लगभग 64 वर्षों से चला आ रहा प्रसिद्ध महावीर दंगल इस वर्ष 14 जून शनिवार को बड़ी धूमधाम से लोकनिर्माण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। यह दंगल वर्ष 1962 से चल रहा है। इंजीनियर एसोसिएशन हिमाचल के संयोजक व संस्थापक इंजीनियर एलआर कौंडल ने कहा कि दंगल की पूर्व संध्या में हनुमान पूजन किया जाएगा एवं शनिवार को सर्वप्रथम हनुमान के ध्वज का पूजन करने के पश्चात शोभायात्रा लोकनिर्माण विभाग कार्यालय से नए बस स्टैंड, हनुमान मंदिर होते हुए चौगान मैदान जाएगी। उसके पश्चात चौगान मैदान में दंगल 3 बजे आरंभ होगा। इस दंगल में हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ व उत्तर प्रदेश के नामी पहलवान भाग लेंगे। पूरे प्रदेश में केवल अर्की उपमंडल में ही लोकनिर्माण विभाग दंगल करवाता है।

## सर्यांज-बाड़ीधार सड़क की हालत खराब, विभाग नहीं ले रहा सुध

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** पांच पांडव मिलन के उत्सव के लिए मात्र छह दिन रह गए है, लेकिन सर्यांज से बाड़ी धार तक सड़क की हालत इतनी खराब है कि कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है। मेले में ज्यादातर लोग निजी छोटी गाड़िया लेकर आते है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग ने सड़क की सुध नहीं ली है।

अर्की तहसील का ऐतिहासिक बाड़ीधार मेला, जो स्थानीय देव स्वरूप पांच पांडव भाइयों के मिलन के अवसर के रूप में सर्यांज पंचायत के बाड़ी धार नामक सुरमई वनों के बीच स्थापित शिव मंदिर प्रांगण में राजाओं के समय से आषाढ़ मास की संक्रांति को प्रति वर्ष मनाया जाता है। वह मेला आज सरकार व लोकनिर्माण विभाग की कार्यशैली के चलते दुर्घटनाओं का आह्वान कर रहा है। बुनियादी सुविधाओं की घोर अनदेखी का



शिकार बन रहा है। यह मेला धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और सामाजिक समरसता को दर्शाता है। इस मेले में अर्की तहसील की 26 पंचायतों के श्रद्धालु भाग लेते हैं। इसके अलावा साथ लगते राज्यों के श्रद्धालु भी यहां पहुंचते है। लोगो ने मांग की है कि मुख्य मेले से पूर्व जल्द ही इस सड़क को दुरुस्त किया जाए। राजेश सेठी (एसडीओ) लोक निर्माण विभाग ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए जल्द ही पैच कार्य शुरू किया जा रहा है। मेले से पूर्व कार्य पूर्ण हो जाएगा।

## प्राकृतिक खेती की दिशा में मूरंग की नई पहचान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत, डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कृषि विज्ञान केंद्र किन्नौर द्वारा ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रीय गांव मूरंग में उच्च तकनीक फलों की खेती पर जागरूकता और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस पर बसे जीवंत गांव में हुए इस कार्यक्रम में सेब उत्पादक किसानों, स्थानीय स्कूल के छात्रों, ग्राम पंचायत सदस्यों तथा सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट अंकुश के सहयोग से आयोजित किया गया, जिन्होंने भारत के सबसे दूरस्थ हिमालयी क्षेत्रों में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सिविल समुदायों और सुरक्षा बलों के बीच सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर


आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट अंकुश के सहयोग से प्राकृतिक खेती कर रहे मूरंग के लोग।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. प्रमोद शर्मा ने पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती की अत्यावश्यकता पर बल दिया और कहा कि यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि किसानों की आजीविका सुरक्षा का भी माध्यम है। उन्होंने बताया कि मूरंग के 50 से अधिक किसान निरंतर रूप से प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं, जो कि क्षेत्र के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। कीट विज्ञानी डॉ. बुद्धि राम नेगी ने किसानों को मिट्टी आधारित मधुमक्खी पालन तकनीक से अवगत कराया। वहीं, पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी भंडारी ने रसायनों के अति प्रयोग के बिना सेब बागवानी में रोग नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। बागवानी विभाग एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम पंचायत प्रधान अनूप नेगी ने कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि हमारे किसान अब केवल उत्पादक नहीं, बल्कि इस भूमि के संरक्षक बन चुके हैं। प्राकृतिक खेती ने हमारी मिट्टी को पुनर्जीवित किया है और बाहरी संसाधनों पर निर्भरता घटाई है और स्थानीय अर्थतंत्र को मजबूत किया है।

## ग्रामीणों ने विधायक पर समस्याओं को अनदेखा करने के लगाए आरोप

**आशीष, अनंत ज्ञान**

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की रौडी पंचायत के लोगों ने स्थानीय विधायक पर ग्रामीणों की समस्याओं को अनदेखा करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय विधायक संजय अवस्थी पिछले काफी समय से स्थानीय ग्रामीणों की कई समस्याओं से जैसे युवाओं को रोजगार की समस्या, गांव में सड़क की समस्या, बिजली-पानी की समस्या हो या यहां पर बढ़ते प्रदूषण की समस्या आदि समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। स्थानीय विधायक को इन समस्याओं को लेकर रौडी गांव के लोग दो साल से कई बार सचिवालय में, तो कई बार विधानसभा में व उनके स्थानीय कार्यक्रमों के दौरान उनसे मिल चुके हैं, लेकिन विधायक से केवल आश्वासन पर आश्वासन ही मिलते रहे हैं और किसी भी समस्या का समाधान पिछले दो वर्षों से स्थानीय विधायक द्वारा नहीं किया गया है। प्रभावित किसान सभा के प्रधान जगदीश शर्मा, स्थानीय ग्रामीणों में श्यामलाल शर्मा, हरिराम शर्मा, नीम चंद, मनसाराम, निर्मला देवी, इंद्रा शर्मा, मधु शर्मा आदि कई ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट उद्योग के लिए सिर्फ रौडी गांव की 95 प्रतिशत उपजाऊ भूमि सरकार द्वारा सीमेंट कंपनी के दोनों प्लांटों के लिए अधिग्रहण कर ली गई है तथा रोजगार के लिए हर परिवार का एक सदस्य, जो बाघल लैंड लूजर परिवहन सभा का सन्-2000 से सुल्ली प्लांट के समय से निर्भर सदस्य है, जबकि 2008 में रौडी गांव में सीमेंट प्लांट लगने से रौडी गांव की बाकी बची भूमि भी प्लांट में चली गई, जिससे रौडी गांव में परिवारों की बढ़ती संख्या के कारण दर्जनों युवा बेरोजगार है, क्योंकि गांव का हर परिवार दोनों प्लांटों में अपनी जमीन जाने से आज 15-20 साल बाद भी रोजगार के लिए एक सोसायटी और एक सदस्य पर निर्भर है, जिससे गांव में बढ़ते परिवारों के पालन पोषण में ग्रामीणों को कठिनाई आ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि रौडी से कून गांव में मनसा देवी मंदिर तक लगभग एक किलोमीटर एंबुलेंस रोड को पक्का करने के लिए स्थानीय विधायक को पिछले दो सालों से कई बार बोला गया, लेकिन आज तक पक्का नहीं हुआ है, जिससे बरसात के दिनों में कीचड़ होने से लोगों का चलना भी यहां मुश्किल है।

**एकता** राजेंद्र प्रकाश की सेना ने निहत्थे लोगों पर चलाई थी सरोट टिले से 1700 राउंड गोलियां

## राजगढ़ में 82 साल पहले फूंका था आजादी का बिगुल

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** 11 जून का दिन हर वर्ष पझौता आंदोलन के नायक कमनाराम के बलिदान को याद करवाता है। 11 जून, 1943 को महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश की सेना ने पझौता आंदोलन के निहत्थे लोगों पर राजगढ़ के सरोट टिले से 1700 राउंड गोलियां चलाई थी, जिसमें कमनाराम नामक व्यक्ति गोली लगने से मौके पर ही शहीद हो गए थे, जबकि तुलसी राम, जाती राम, कमालचंद, हेत राम, सही राम, चेत सिंह घायल हो गए थे।

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पझौता आंदोलन को स्वतंत्रता संग्राम का एक हिस्सा माना जाता है और यह दिन युवाओं को देश की एकता व अखंडता का संदेश देता है। पझौता स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान ने कहा कि उनके पिता वैद्य सूरत सिंह के नेतृत्व में इस क्षेत्र के वीर सपूतों द्वारा 1943 यानी 82 साल पहले द्वअपने


पझौता आंदोलन के जन नायक सामूहिक चित्र में।

अधिकार के लिए महाराजा सिरमौर के खिलाफ आंदोलन करके रियासती सरकार के दांत खट्टे कर दिए थे। इसी दौरान महात्मा गांधी ने 1942 में देश में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ किया था, जिस कारण इस आंदोलन को देश के स्वतंत्र होने के उपरांत भारत छोड़ो आंदोलन की एक कड़ी माना गया था। इस कारण पझौता आंदोलन से जुड़े लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों का दर्जा दिया गया था। महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश की दमनकारी एवं तानाशाही नीतियों के कारण लोगों में रियासती सरकार के प्रति काफी आक्रोश था। पझौता आंदोलन का तत्कालिक कारण आलू का रेट उचित न दिया जाना था। रियासती सरकार द्वारा सहकारी सभा में आलू का रेट तीन रुपए प्रति मन निर्धारित किया गया, जबकि खुले बाजार में आलू का रेट 16 रुपए प्रतिमन था क्योंकि आलू की फसल इस क्षेत्र के लोगों की आय का एक मात्र साधन थी, जिस कारण लोगों में रियासती सरकार के प्रति काफी आक्रोश पनप रहा था। रियासती सरकार के तानाशाही रवैयै से तंग आकर पझौता घाटी के लोग अक्तूबर 1942 में टपरोली नामक गांव में एकत्रित हुए और पझौता किसान सभा का गठन किया गया, जबकि आंदोलन की पूरी कमान एवं नियंत्रण सभा के सचिव वैद्य सूरत सिंह के हाथ में थी। पझौता किसान सभा द्वारा पारित प्रस्ताव को महाराजा सिरमौर को भेजा गया। इसमें बेगार प्रथा को बंद करने, जबरन सैनिक भर्ती, अनावश्यक कर लगाने, दस मन से अधिक अनाज सरकारी गोदामों में जमा करना आदि शामिल था। महाराजा सिरमौर राजेंद्र प्रकाश द्वारा उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया गया। राजा के चाटूकारों द्वारा समझौता नहीं होने दिया गया, जिस कारण पझौता के लोगों द्वारा बगावत कर दी गई और उस छोटी सी चिंगारी ने बाद में एक बड़े आंदोलन का रूप ले लिया था। जय प्रकाश चैहान ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास लोगों को राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देता है और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले महान सपूतों की कुर्बानियों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा, ताकि देश की एकता एवं अखंडता बनी रहे।

## एक छात्र, एक पेटेंट विजन पर फोकस के साथ मनाया शूलिनी इनोवेशन-डे 4 .0


शूलिनी इनोवेशन-डे के चौथे संस्करण में पहुंचे प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यालय (एसआईपीआरओ) ने मंगलवार को नवाचार, रचनात्मकता और बौद्धिक संपदा पर शूलिनी इनोवेशन डे के चौथे संस्करण का आयोजन किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की पेटेंट फाइलिंग की बढ़ती संस्कृति और इसके साहसिक विजन एक छात्र, एक पेटेंट पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसआईपीआरओ के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने विश्वविद्यालयों में अच्छी तरह से स्थापित आईपीआर सेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शूलिनी के पास इन-हाउस पेटेंट फाइलिंग सुविधाएं हैं और वह छात्रों को नवाचार करने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहा है। अपने भाषण में, शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने दर्शकों को यह कहकर प्रेरित किया, नवाचार के लिए विचारों की जरूरत होती है, पैसे की नहीं। महान नवाचार महान विचारों से पैदा होते हैं। उन्होंने वैश्विक सहयोग, प्रयोग और निडर नवाचार के महत्व पर जोर दिया। शूलिनी के प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने शोध को सीखने और सामाजिक प्रभाव के साथ जोड़ने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हम उन छात्रों और शोधकर्ताओं को फंड देने के लिए तैयार हैं, जो नवाचार करना चाहते हैं और पेटेंट दाखिल करना चाहते हैं। पीके खोसला ने प्रति वर्ष एक शिक्षक, एक पेटेंट की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने संकाय सदस्यों को अपने विचारों को पेटेंट में बदलने, नवाचार की संस्कृति का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसी चंडीगढ़ ने नागरिकों के लिए लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सामुदायिक भावना और सामाजिक जिम्मेदारी के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, चंडीगढ़ नगर निगम के कर्मचारियों ने चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए नगर निगम भवन में पानी की छबील और लंगर का आयोजन किया। चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला और नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने छबील की शोभा बढ़ाई, जिन्होंने नागरिकों को पारंपरिक पेय और लंगर परोसने में सक्रिय रूप से भाग लिया। दोनों ने निवासियों के अटूट समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया और सभी को एक समुदाय के रूप में एक दूसरे का समर्थन करने के लिए एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा, नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों के लिए पौष्टिक भोजन से युक्त पारंपरिक लंगर तैयार किया गया।

### मार्किट वेलफेयर एसो. ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 31 डी की ओर से राहगीरों को तपती गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से मार्किट के सामने ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। इसके साथ ही काले चने के लंगर के प्रसाद भी बांटा गया। छबील वितरण में मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी रमेश खंडेलवाल, बाबू राम अग्रवाल, मोहिंद्र पाहुजा, संदीप गुप्ता और आबिद सलमानी सहित पूरी मार्किट के सभी दुकानदारों ने सेवा निभाई। मार्किट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रमेश खंडेलवाल ने बताया कि सेक्टर 31 डी मार्किट द्वारा यह सेवा कार्य हर वर्ष निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर आयोजित किया जाता है। यह छबील न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ी हुई है, बल्कि इसमें जनसेवा की भावना भी अंतर्निहित है।

### मनीष बने उड्डयन विभाग के अतिरिक्त निदेशक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मंगलवार को दो एचसीएस अधिकारियों के तबादले व नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक 2013 बैच के एचसीएस मनीष कुमार लोहान को नागरिक उड्डयन विभाग का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, 2014 बैच के एचसीएस सतीश कुमार सिंगला को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का अतिरिक्त निदेशक व संयुक्त सचिव नियुक्त किया है।

### सुरक्षा कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को पीटा

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले के स्टाइफंड के नए प्रोविजन का विरोध शुरू हो गया है। विद्यार्थियों को यह रास नहीं आ रहा है और जब वे विरोध करने कुलपति कार्यालय के समक्ष पहुंचे और नारेबाजी करने लगे तो एचएयू के सुरक्षा गार्डों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। सुरक्षा कर्मचारियों के इस रवैये से विद्यार्थियों में रोष है और उन्होंने उन पर कार्रवाई की मांग की है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले के स्टाइफंड का नया प्रोविजन विद्यार्थियों को रास नहीं आया। नए प्रोविजन के खिलाफ हकृवि के विद्यार्थियों ने मंगलवार दोपहर कुलपति कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। सुरक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कुलपति कार्यालय के बाहर धरना देने पर आपत्ति जताई और कहा कि कुलपति कार्यालय के बाहर मत बैठो। विद्यार्थी नहीं माने और वहीं पर बैठकर हकृवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों ने कुलपति कार्यालय के बाहर बैठे विद्यार्थियों को धक्के मारने शुरू कर दिए। ऐसे में माहौल बिगड़ गया। सुरक्षा कर्मचारियों ने कुलपति कार्यालय के लॉन में विद्यार्थियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

# 2014 से पहले था भय का माहौल : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पीएम मोदी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य पर सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, भय और निराशा का माहौल था। भ्रष्टाचार और अक्षम नेतृत्व ने देश के विकास को रोक दिया था। देश की कमान पीएम मोदी के हाथों में आते ही देश की तस्वीर बदल गई। मोदी ने विकास और विश्वास का मॉडल दिया। मिनिमम गवर्नमेंट-मैक्सिमम गवर्नेंस (न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन) के सिद्धांत पर चलते हुए प्रक्रियाओं को सरल बनाया और जन-भागीदारी की भूमिका को बढ़ाया।

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए सीएम ने कहा कि पीएम ने 2014 से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को अपनाते हुए देश को नई दिशा दी है। ये 11 वर्ष एक पड़ाव है। मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारा देश अपनी उन्नत प्रौद्योगिकी के बल पर न केवल मिसाइलें बना रहा है, बल्कि सूर्य यान, चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशन सफलतापूर्वक पूरे कर रहा है। 2014 में पीएम मोदी ने जब पदभार संभाला था तो उस दौरान हमारी अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।



सीएम सैनी ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर, वर्ष 2016 के उरी हमले के प्रतिशोध में सर्जिकल स्ट्राइक और वर्ष 2019 में हुए पुलवामा हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। वन रैंक वन पेंशन, नागरिकता संशोधन कानून, वक्फ संशोधन आदि अनेक युग परिवर्तनकारी कदम उठाए गए हैं।

### 21 जून को एक साथ 11 लाख लोग करेंगे योग

**सीएम** ने कहा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 27 मई से हरियाणा में हो चुकी है। 21 जून को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में होगा, जिसमें योग गुरु बाबा रामदेव भी शिरकत करेंगे। हरियाणा सरकार ने योग की थीम को आगे बढ़ाते हुए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का नारा जोड़ा है। उन्होंने बताया, 21 जून को 11 लाख लोग योग महोत्सव में जुड़ेंगे।

### पीएम के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा भी विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, पीएम ने 14 बार हरियाणा का दौरा किया, जिसमें एम्स झज्जर, बीमा सखी योजना, हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवा का शुभारंभ और यमुनानगर थर्मल प्लांट जैसी प्रमुख परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। हरियाणा प्रदेश में 21 नये राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किये हैं, इनमें से 12 राजमार्ग बन चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 17,000 घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगाए गए हैं और प्रदेश में 2 लाख सोलर प्लांट का लक्ष्य है।

### पांच साल में अपना बेस्ट देना होता है, विपक्ष को 55 साल मिले

**सीएम** ने कहा- हर सरकार को पांच साल में अपना बेस्ट देना पड़ता है, मगर विपक्ष को पूरे 55 साल मिले। विपक्ष का मकसद सिर्फ विरोध के लिए विरोध करना रह गया है। वे तो इस पर भी विरोध करते हैं कि सड़क का निर्माण क्यों हुआ, गरीब को मुफ्त राशन क्यों मिला, किसानों को एमएसपी क्यों दी। सैनी ने कहा- कांग्रेस को परमात्मा सद्बुद्धि दे, ताकि वह पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक बदलावों को समझ सके और इस राष्ट्रीय गौरव उत्सव में सहभागी बन सके। इस दौरान उन्होंने कहा- सीईटी की परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

# हरियाणा में एमटीपी किट की अवैध बिक्री में भारी गिरावट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक आज यहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात को और बेहतर बनाने के प्रयासों को तेज करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक के दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया, साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि इसमें संलिप्त पाए जाने वाले डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करने सहित सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात में शामिल बीएएमएस डॉक्टरों और अयोग्य चिकित्सकों (झोलाछाप डॉक्टरों) को चिह्नित करने पर जोर दिया, खासकर करनाल, पलवल, गुरुग्राम और चरखी दादरी के 4 जिलों में। उन्होंने पलवल और करनाल के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मुद्दे पर चर्चा की और उन्हें अवैध गर्भपात केंद्रों पर नकेल कसने और एमटीपी किट की अवैध बिक्री को रोकने के आदेश दिए। उन्होंने जिला टास्क फोर्स की नियमित बैठकें करने के भी आदेश दिए, जिसमें इन जिलों के लिंगानुपात में सुधार के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

राज्य भर में गर्भवती महिलाओं को परामर्श देने के लिए उनके साथ जुड़ी सहेलियों (साथी) को किसी भी गर्भपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अधिकारियों को अवैध गर्भपात करने वाले केंद्रों पर छापेमारी करने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ड्यूटी में लापरवाही के लिए इन 4 जिलों में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे डीएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए भी कहा। बैठक में सरकार की पहलों की हालिया सफलता पर भी प्रकाश डाला गया, हरियाणा का लिंगानुपात 3 से 9 जून, 2025 के सप्ताह में सुधरकर 943 हो गया है जो पिछले हफ्तों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।

# विकास की दिशा में देश में हो रहे अनेक कार्य : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अलग पहचान बनाई है। विकसित भारत के संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य किए जा रहे हैं। यह कालखंड हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी महत्वपूर्ण रहा। विकास और नवाचार की दिशा में देश में अनेक कार्य हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रही है। मेक इन इंडिया की ताकत से निर्यात के क्षेत्र में भारत की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छता अभियान, किसान सम्मान निधि और निशुल्क राशन योजना जैसी अनेकों जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों नागरिकों को मिल रहा है, जिसका परिणाम है कि आज भारत की गरीबी दर में 80 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। पिछले 11 साल में 27 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य बहुत तेजी से हो रहा है।

# बिजली समस्या पर बिजली कंपनी के डायरेक्टर को मिले डिप्टी मेयर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी और डिप्टी मेयर तरुणा मेहता चंडीगढ़ में बिजली की सर्विस देने वाली निजी कंपनी सीपीडीएल के डायरेक्टर अरुण कुमार वर्मा को मिले। बिजली विभाग की निजी कंपनी सीपीडीएल के डायरेक्टर अरुण कुमार वर्मा शहर में बिजली विभाग से आ रही दिक्कतों और समस्याओं को अवगत कराते हुए जसबीर बंटी और तरुणा मेहता ने कहा कि इस गर्मी के सीजन में शहर में लग रहे बिजली के कटों से शहरवासी परेशान हो रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर से लोग अवगत नहीं हैं, सब स्टेशनों के हेल्पलाइन नंबर या तो मिलते नहीं हैं या फोन उठाते नहीं हैं। हमने पेड़ कटवाने हो तो बिजली विभाग और नगर निगम के अधिकारों में भी पुख्ता तालमेल नहीं बन पा रहा है।

एरिया के पार्षदों के साथ एसडीओ और जेई के साथ बहुत अधिक तालमेल की आवश्यकता है। इस पर आश्वासन देते हुए सीपीडीएल के निदेशक ने कहा कि एक फरवरी से हमने शहर की बिजली व्यवस्था को संभाला है। अगले दो तीन महीने के भीतर मूलभूत मुद्दों और आ रही समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। कर्मचारियों की कमी भी एक वास्तविकता है, लेकिन आउटसोर्सिंग सहित नई भर्ती के माध्यम से इसे दूर करने की कोशिश की जा रही है।

### हत्या करने वाले बाप-बेटे को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के गांव छिछड़ाना में जमीन के विवाद में चल रही पंचायत में युवक की चाकू से गोदकर हत्या व जानलेवा हमला करने वाले मामले में पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को सोमवार की रात गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पूछताछ की गई।

सीआईए वन पुलिस टीम ने सोमवार देर शाम को मिली सूचना पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को रिफाइनरी रोड पर फ्लाई ओवर पुल के पास से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पूछताछ में आरोपी सुभाष व जगपाल उर्फ रिंकू ने पुलिस को बताया उन दोनों ने साजिश रचकर उक्त वारदात को अंजाम दिया।

### सोना 110 रुपए टूटा, चांदी 1,000 रुपए फिसली



**एजेंसी, नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 110 रुपए टूटकर 97,670 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। वहीं, चांदी में सात दिनों की बढ़त पर विराम लगा। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपए गिरकर 1,07,100 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। सोमवार को स्थानीय बाजारों में चांदी की कीमत 1,08,100 रुपए प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली: अवैध रूप से रह रहे 92 बांग्लादेशी पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली में 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंगोलपुरी रेलवे लाइन के पास नौ जून को एक विशेष अभियान के दौरान 31 पुरुषों, 22 महिलाओं, 24 नाबालिग लड़कों और 15 नाबालिग लड़कियों सहित कुल 92 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि अवैध अप्रवासियों का एक समूह क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहा है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने बताया, 'जैसे ही पुलिस टीम रेलवे लाइन के पास पहुंची तो देखा कि तीन से चार अलग-अलग समूह ट्रेन पकड़ने के लिए तैयार खड़े हैं, जिनके पास सामान भी है। पुलिस को देखकर बांग्लादेशी नागरिक तितर-बितर होने लगे, लेकिन अधिकारियों ने तुरंत उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।' (अनंत ज्ञान)

### राजनाथ बोले- मोदी सरकार में बदली रक्षा क्षेत्र की तस्वीर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी और दूरदर्शी नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत का रक्षा क्षेत्र एक बड़े परिवर्तन से गुजरा है। अब भारत एक आयात-आधारित देश से बदलकर एक विश्वसनीय वैश्विक निर्यातक बन गया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह 11 साल भारत की ताकत, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में उठाए गए मजबूत कदमों का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवक नदी में डूबे

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और 8 युवक डूब गए, जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# बिना गवर्नर की मंजूरी के ट्रंप ने लॉस एंजेलिस में तैनात की सेना

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

अमेरिका में इमिग्रेशन पॉलिसी के खिलाफ प्रदर्शन जोर पकड़ चुका है। ऐसे में एक बार फिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम के बीच तकरार तेज हो गई है। मामला तब गर्माया जब ट्रंप प्रशासन ने लॉस एंजेलिस की सड़कों पर भारी संख्या में नेशनल गार्ड और मरीन तैनात कर दिए।



वे भी बिना राज्य की मंज़ूरी के, लेकिन अब इस पूरे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है। ट्रंप का 2020 का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह खुद कह रहे हैं कि हम तब तक नेशनल गार्ड नहीं भेज सकते, जब तक गवर्नर से रिक्वेस्ट न आए। ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और 'नेशनल गार्ड' के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए, जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है और पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ट्रंप के इस कदम को लापरवाही भरा और ''हमारे बलों के लिए अपमानजनक'' बताया। न्यूसम ने कहा, ''यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नहीं उठाया गया। यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।'' (अनंत ज्ञान)

### मोहन भागवत बिहार दौरे पर पटना में दो दिनों तक डालेंगे डेरा

**एजेंसी, पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत दो दिवसीय बिहार प्रवास पर मंगलवार से पटना दौरे पर हैं। संघ प्रमुख पटना के मरचा मरची रोड स्थित केशव सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का निरीक्षण करेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। 11 जून की शाम को वापस अपने गंतव्य को चले जाएंगे। केशव सरस्वती विद्या मंदिर में यह वर्ग 24 मई से चल रहा है। इसका समापन 13 जून को होगा। संघ प्रमुख बुधवार सुबह में पटना पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)



# काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से जबरन वसूली करने वाले 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

**एजेंसी, वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में पुलिस ने काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पंडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।



दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस की टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि गठित की गई टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। एसीपी ने कहा कि पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# जयशंकर ने यूरोपीय आयोग की प्रमुख लेयेन से की मुलाकात

**एजेंसी, ब्रसेल्स**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को यहां यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की और पहलगाम हमले को लेकर उनके द्वारा की गई 'कड़ी निंदा' एवं आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता दिखाने के लिए उनकी प्रशंसा की। जयशंकर ने बेल्जियम और लक्जमबर्ग की अपनी यात्रा के दौरान यूरोपीय संघ की शीर्ष नेता से मुलाकात की।



उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार सुबह यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। पहलगाम में आतंकवादी हमले को लेकर उनके द्वारा की गयी कड़ी निंदा एवं आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता दिखाने के लिए उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान जयशंकर और वॉन डेर लेयेन ने भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को गहरा करने के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के लिए व्यापार, प्रौद्योगिकी, संपर्क और सुरक्षा (क्षेत्रों) में मजबूत सहयोग के संभावित लाभों पर सहमति बनी। वॉन डेर लेयेन ने बैठक के बाद कहा दृढ़ यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में बहुमंजिला इमारत में लगी आग, दो बच्चों और पिता की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

द्वारका में एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। दमकल विभाग ने भीषण आग पर काबू पाया। हादसे के दौरान तीन लोगों की मौत भी हो गई है। यह हादसा द्वारका सेक्टर 13, सबद सोसायटी एमआरवी स्कूल के पास बिल्डिंग में हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) दोनों की उम्र 10-12 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए, जिन्हें आकाश अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में उनके पिता यश यादव भी बालकनी से कूद गए, जिन्हें भी आईजीआई अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। यादव का फ्लेक्स बोर्ड का कारोबार था। यश यादव की पत्नी और बड़ा बेटा आग से बच गए और जीवित हैं। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए आईजीआई अस्पताल भेजा गया है। सोसायटी के सभी निवासियों को बाहर निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। (अनंत ज्ञान)



# ऑस्ट्रिया: स्कूल में गोलीबारी में 8 छात्रों समेत नौ लोगों की मौत

**एजेंसी, वियना**

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया। उसने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं।



ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को ''भयानक त्रासदी'' करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# विश्व बैंक ने घटाया वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान

**एजेंसी, वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध से इस साल अमेरिका और दुनियाभर की आर्थिक वृद्धि में कमी आने की आशंका है। विश्व बैंक ने ट्रंप का नाम लिए बिना 'व्यापार बाधाओं में पर्याप्त वृद्धि' का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2025 में पिछले साल के मुकाबले आधी तेजी से यानी 1.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 2024 में 2.8 प्रतिशत बढ़ी थी। विश्व बैंक ने इससे पहले जनवरी में कहा था कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। बैंक ने इस साल वैश्विक वृद्धि के अपने पूर्वानुमान में 0.4 प्रतिशत की कटौती की है। अब उसे उम्मीद है कि 2025 में विश्व अर्थव्यवस्था सिर्फ 2.3 प्रतिशत बढ़ेगी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 2.8 प्रतिशत था। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंदरमीत गिल ने लिखा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था आज एक बार फिर उथल-पुथल में है और हालात में तेजी से सुधार नहीं हुआ तो जीवन स्तर को बहुत नुकसान हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## बाजार

### शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी थमी

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 53 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**

मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बैंक और ऊर्जा शेयरों में मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में चार दिनों से जारी तेजी मंगलवार को थम गई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मानक सूचकांक सेंसेक्स 53 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि 15 लाभ में रहे और एक अपरिवर्तित रहा। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और सुबह के कारोबार में 235.58 अंक चढ़कर 82,680.79 पर पहुंच गया था, लेकिन दोपहर के सत्र में दिग्गज



कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी महज 1.05 अंक की बढ़त के साथ 25,104.25 पर बंद हुआ। पिछले चार कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई जबकि सेंसेक्स 1,707.7 अंक यानी 2.11 प्रतिशत चढ़ा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत की दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा ,'' एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था।'' वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरूषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

### शूटिंग चैंपियनशिप में कसौली इंटरनेशनल स्कूल ने जीते आठ मेडल



**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा के छात्रों ने शिमला में आयोजित ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में किप्स स्कूल के आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया और तीन स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। कक्षा 10 की प्रियांशी अरोड़ा ने 10 मीटर एयर राइफल (महिला-सब यूथ) श्रेणी में 378/400 स्कोर करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। कक्षा 11 के अंश कौशल ने 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष - सब यूथ) में 385/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं के छात्र लक्ष्य कौशल ने 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष-सब यूथ) स्पर्धा में 361/400 अंक अर्जित करते हुए रजत पदक जीता। कक्षा 9 के अर्नव खुराना ने 10 मीटर ओपन साइट राइफल (सब यूथ) में 164/400 स्कोर कर रजत पदक जीता। कक्षा 11 के गरिमन ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष एकल आई एस एस एफ में 536/600 अंकों के साथ कांस्य पदक एवं यूथ पुरुष आई एसएसएफ में रजत पदक हासिल किया। कक्षा 11 के वीरेन गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल (यूथ) श्रेणी में 367/400 अंकों के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, कक्षा 12 के गिरीश कुमार ने 10 मीटर एयर पिस्टल (यूथ) श्रेणी में 317/400 स्कोर कर कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय लौटने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया एवं उप-प्रधानाचार्य पूनम ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी तथा भविष्य में इसी तरह खेल भावना और समर्पण के साथ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल की शान रितु नेगी

**रितु** नेगी (जन्म 30 मई 1992) हिमाचल प्रदेश की एक भारतीय कबड्डी खिलाड़ी हैं। वह 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हैं। भारतीय टीम ने 7 अक्टूबर 2023 को आयोजित फाइनल में चीनी ताइपे को हराया।



### बेंगलुरु भगदड़ में 11 लोगों की मौत पर राहुल द्रविड़ ने जताया दुखद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में बेंगलुरु में 11 लोगों की मौत पर दुख जताते हुए इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया। यह हादसा बुधवार को हुआ जब बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास अपने पसंदीदा क्रिकेटरों की एक झलक पाने के लिये ढाई लाख लोग जमा हुए थे। इससे मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एनडीटीवी से कहा ,'' यह काफी निराशाजनक है, बहुत दुखद। आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। उन्होंने कहा ,'' यह खेलों का शौकीन शहर है। लोग क्रिकेट की नहीं, हर खेल को पसंद करते हैं और टीमों को फॉलो करते हैं। फुटबॉल टीम को या कबड्डी टीम।''द्रविड़ ने कहा ,'' आरसीबी के प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। यह घटना काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। मारे गए लोगों के परिवारों और घायलों के प्रति हमारी संवेदना है।'' क्रिकेट संघ के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। वहीं आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को छह जून को गिरफ्तार कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

**एजेंसी, दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की।

धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, 17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं। वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। (अनंत ज्ञान)



इंटरनेशनल करियर
दिसंबर 2004
अगस्त 2020

तीन आईसीसी ट्रॉफी — धोनी के रिकॉर्ड
2007 टी-20 वर्ल्ड कप
2011 वनडे वर्ल्ड कप
2013 चैंपियस ट्रॉफी

रनआउट से शुरुआत-रनआउट पर खत्म

धोनी ने 23 दिसंबर 2004 को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया, रनआउट हुए। आखिरी इंटरनेशनल मैच 9 जुलाई 2019 को खेला। इसमें भी रनआउट हुए।

### 5 पुरुष और 2 महिला क्रिकेटर लिस्ट में शामिल

**आईसीसी** की ओर से हॉल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है।

### आईसीसी बोला-मुश्किल परिस्थिति में कप्तान बने, टीम को जिताया

**आईसीसी** ने बताया कि 2007 में जब भारत ओडीआई वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में 20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और रॉबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता।

### तीनों आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान

**धोनी** अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीनों आईसीसी ट्रॉफी - 2007 टी 20 वर्ल्ड कप, 2011 ओडीआई वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। हालांकि उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल में अब भी खेल रहे हैं।

### जय शाह ने दी बधाई

**आईसीसी** चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हॉल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया। जय शाह ने कहा, इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

# निकोलस पूरन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**एजेंसी, पोर्ट ऑफ स्पेन**

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है और उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया।पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था। वेस्टइंडीज के लिये 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं।



उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा ,'' काफी सोच समझकर मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है।''उन्होंने लिखा ,'' इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है।'' उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला। उन्होंने लिखा ,'' मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'' पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था।


विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा ,'' प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे। अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया की महान टीमों में शामिल होने के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम : लियोन

**एजेंसी, लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैंतीस वर्ष के लियोन उस ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉर्डस पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा ,'' हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम ऑस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा।''



ऑस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिए हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला रोमांचक होगा।

उन्होंने कहा ,'' हम पहले भी फाइनल खेल चुके हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका पहली बार खेल रहा है। उन्होंने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया और शीर्ष पर रहने के दावेदार थे। उनसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन हम भी अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## फीफा वर्ल्ड कप: डी ब्रून ने बेल्जियम को दिलाई रोमांचक जीत

**एजेंसी, ब्रुसेल्स**

केविन डी ब्रून ने अंतिम क्षणों में गोल कर बेल्जियम को वेल्स के खिलाफ 4-3 से रोमांचक जीत दिलाई। फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले में बेल्जियम ने शुरुआती बढ़त गंवा दी थी, लेकिन डी ब्रून के 88वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल ने मेजबान टीम को राहत की सांस दी। बेल्जियम ने पहले हाफ घंटे के भीतर ही 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी।

15वें मिनट में रोमेलु लुकाकू ने पेनल्टी पर गोल करके खाता खोला, इसके बाद कप्तान यूरी टीलमैंस ने 19वें और जर्मी डोकू ने 27वें मिनट में गोल दागे।



**हाफ टाइम से पहले हैरी विल्सन ने पेनल्टी के जरिए वेल्स का खोला खाता**

हालांकि, वेल्स ने शानदार वापसी की। हाफ टाइम से ठीक पहले हैरी विल्सन ने पेनल्टी के जरिए वेल्स का खाता खोला।

इसके बाद दूसरे हाफ में सोरबा थॉमस और ब्रेनन जॉनसन ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया। मैच में कई विवादास्पद पल देखने को मिले, जिसमें दो पेनल्टी, एक गोल रद्द, और वीएआर के कई लंबे हस्तक्षेप ने मुकाबले को और भी तनावपूर्ण बना दिया।

अंततः केविन डी ब्रून ने 88वें मिनट में गोल कर बेल्जियम को तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए और टीम की क्वालिफिकेशन की संभावनाओं को मजबूत किया।(अनंत ज्ञान)

# अर्जेंटीना ने मेसी के बिना खेलना सीख लिया : स्कैलोनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी ने बुधवार को कोलंबिया के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबले से पहले कहा कि उनकी टीम अब लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में भी बिना किसी समस्या के खेल सकती है और अब उन्हें लाइन-अप में बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ती।



मेसी ने 2005 में अर्जेंटीना के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और अब तक 192 मैचों में 112 गोल किए हैं। उन्होंने 2022 में वर्ल्ड कप, दो कोपा अमेरिका खिताब और 2008 बीजिंग ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता है। 37 वर्षीय मेसी मार्च में हुए उरुग्वे के खिलाफ 1-0 की जीत और ब्राजील के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत में चोट के कारण नहीं खेले थे, लेकिन अर्जेंटीना ने उस अंतरराष्ट्रीय ब्रेक में 2026 वर्ल्ड कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी। मेसी इस महीने के वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए टीम में लौटे और चिली के खिलाफ 1-0 की जीत में उन्हें सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतारा गया। स्कैलोनी ने ब्यूनस आयर्स में पत्रकारों से कहा, 'अब टीम इस स्थिति में है कि वह मेसी के साथ या बिना एक ही तरह से खेल सकती है, जो पहले ज्यादा जटिल हुआ करता था क्योंकि हमें कुछ खिलाड़ियों में बदलाव करना पड़ता था। लेकिन अब हमें इस जरूरत की आवश्यकता नहीं है, और टीम उसी तरह से काम करती है, यह अच्छा है।' स्कैलोनी ने कोलंबिया की टीम को लेकर कहा, 'यह एक बेहतरीन टीम है, और इसमें शानदार खिलाड़ी हैं, जिनका एक स्पष्ट खेल तरीका है जो आपको मुश्किल में डाल सकता है।

हमने इसका विश्लेषण किया है, और खिलाड़ियों को इसके ताकतवर पहलुओं और उन पर हम किस तरह से फायदा उठा सकते हैं, यह बताया है। यह एक शानदार मैच होने वाला है, खासकर क्योंकि हम अपने घर में खेल रहे हैं, तो हमारे लोग खिलाड़ियों को खेलते हुए देख सकेंगे।'

अर्जेंटीना पहले ही 2026 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है, जबकि कोलंबिया छठे और आखिरी स्वचालित क्वालीफिकेशन स्थान पर है और वे अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए इस मैच को जीतने की कोशिश करेंगे।

## काउंटी चैंपियनशिप, वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे गायकवाड़

**एजेंसी, लीड्स।** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी।



गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी।

यॉर्कशर ने अपनी वेबसाइट पर लिखा,'' इंडियन प्रीमियर लीग की चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी की महाराष्ट्र टीम के कप्तान पुणे के रहने वाले रूतुराज गायकवाड़ छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।'' इसमें कहा गया ,'' दाहिने हाथ का यह बल्लेबाज शीर्ष चार में कहीं भी उतर सकता है और भारत के लिये पारी का आगाज भी कर चुका है।''

गायकवाड़ ने कहा ,'' मैं हमेशा से यहां काउंटी क्रिकेट खेलना चाहता था और यॉर्कशर से बड़ा इंग्लैंड का कोई क्लब नहीं होगा।''

# जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी कर कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे : अर्शदीप सिंह

**एजेंसी, लंदन**

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं जहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है और इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



**भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में खेलेगी अभ्यास मैच**

सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिये भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा ,'' आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा।'' उन्होंने कहा ,'' आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिये गेंद को खेलना आसान नहीं होगा।'' अर्शदीप ने कहा ,'' गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की।''

अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा ,'' जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।'' (अनंत ज्ञान)

## प्रो लीग: भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेनल्टी कॉर्नर करना होगा बेहतर

# अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एजेंसी, एम्सटेलवीन**

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा।



फाइल फोटो

भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2.1 और 3.2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढत बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाए।

इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी।

अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिए अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,''हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता।''

दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पलड़ा भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023 . 24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। (अनंत ज्ञान)

### अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन : हरमनप्रीत

**हरमनप्रीत** ने कहा ,'' हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाए। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।'' अर्जेंटीना के खिलाफ भारत को प्रो लीग में एकमात्र पराजय 2022 में भुवनेश्वर में मिली थी। भारतीय कप्तान ने कहा ,'' टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन हम कुछ भी हलके में नहीं ले रहे। ये नतीजे अतीत के हैं और हमें विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने के लिए अभी अच्छा खेलना है। हम मेहनत कर रहे हैं और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।''

# राफेल नडाल का 2017 फ्रेंच ओपन रैकेट 49 लाख में नीलाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टेनिस दिग्गज राफेल नडाल द्वारा 2017 फ्रेंच ओपन फाइनल में इस्तेमाल किया गया बाबोलाट रैकेट रिकॉर्ड कीमत पर नीलाम हुआ है। 'प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया' की नीलामी में यह रैकेट 1,57,333.20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 49.12 लाख रुपए) में बिका। यह अब तक किसी टेनिस रैकेट के लिए चुकाई गई सबसे बड़ी राशि है।

इससे पहले का रिकॉर्ड भी नडाल के ही एक अन्य रैकेट के नाम था, जिसे उन्होंने 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान इस्तेमाल किया था।

उस ऐतिहासिक मुकाबले में नडाल ने डेनियल मेदवेदेव को पांच सेटों तक चले फाइनल में हराकर अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह रैकेट 2023 में सोथेबी की नीलामी में 1,39,700 डॉलर में बिका था। 2017 में नडाल ने स्टान वावरिंका को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-1 से हराकर अपना 10वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था और इसके बाद उन्होंने रोलां गैरो पर चार और खिताब जीते, जिससे उनका कुल आंकड़ा 14 तक पहुंच गया।

इस ऐतिहासिक रैकेट को 'रेजोल्यूशन फोटोमैचिंग' द्वारा नडाल के 2017 सत्र के 24 मैचों से फोटोमैच किया गया है, जिसमें मैड्रिड ओपन और मियामी ओपन के फाइनल भी शामिल हैं।

प्रेस्टीज मेमोरैबिलिया के अनुसार, ग्रैंड स्लैम फाइनल में इस्तेमाल हुआ राफेल नडाल का रैकेट मिलना बेहद दुर्लभ है, लेकिन रैकेट जो पूरे क्ले सीजन और उससे आगे के मैचों में इस्तेमाल हुआ हो और अंततः फ्रेंच ओपन खिताब में परिणित हुआ हो, यह ऐतिहासिक है।( अनंत ज्ञान)